वार्षिक प्रतिवेदन
2024-2025

ANNUAL REPORT
2024-2025



प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

Institute for Plasma Research

भाट, इंदिरा पुल के पास, गांधीनगर - 382 428, (गुजरात), भारत

Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar 382 428, (Gujarat), India



पाँच संकेंद्रित बेलनाकार रिंग इलेक्ट्रोड, ग्रिड और फिलामेंट से निर्मित रेखीय बेलनाकार पेनिंग-माल्मबर्ग ट्रैप

Linear cylindrical Penning – Malmberg Trap made up of five concentric cylindrical ring electrodes, grids and filament



स्वदेश निर्मित इलेक्ट्रो - डिपोज़िटेड ईटर डीएनबी - प्रकार का ग्रिड प्लेट

Indigenously manufactured electro-deposited ITER DNB-type grid plate

स्वदेश विकसित ईसीआर प्लाज़्मा स्रोत

Indigenously developed ECR plasma source

एफसीआईपीटी परिसर में 5 टन प्रति दिन क्षमता वाला रौद्र™ संयंत्र

5 TPD RAUDRA™ Plant at FCIPT Campus

सीपीपी-आईपीआर में विकसित जड़त्वीय विद्युत-स्थैतिक परिरोधन संलयन (आईईसीएफ) आधारित न्यूट्रॉन स्रोत

Inertial Electrostatic Confinement Fusion (IECF) based neutron source developed at CPP-IPR

डुअल आर्म मैनिपुलेटर (डीएएम) : पात्र के अंदर रिमोट हैंडलिंग कार्यों के लिए विकसित किया गया दो भुजाओं वाला एक रोबोटिक मैनिपुलेटर

Dual Arm Manipulator (DAM) developed for in-vessel remote handling tasks

वार्षिक प्रतिवेदन

2024-2025

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
Institute for **Plasma Research**

भाट, गांधीनगर / BHAT, GANDHINAGAR–382428

शासी परिषद

1) डॉ. ए. के. मोहान्ती	अध्यक्ष
2) श्री विवेक भसीन	सदस्य
3) डॉ. अमित रॉय	सदस्य
4) डॉ. सिराज हसन	सदस्य
5) डॉ. मंजीत सिंह	सदस्य
6) डॉ. वी. नारायणन	सदस्य
7) निदेशक, आईपीआर	सह-अध्यक्ष
8) संयुक्त सचिव, अनुसंधान एवं विकास	सदस्य
9) संयुक्त सचिव, वित्त	सदस्य
10) प्रमुख सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, गुजरात सरकार	सदस्य
11) डॉ. पी. चौधरी	सदस्य
12) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आईपीआर	गैर-सदस्य (सचिव)

कार्यकारी सारांश

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), परमाणु ऊर्जा विभाग का एक सहायता प्राप्त संस्थान है, जो मुख्य रूप से प्लाज़्मा और संलयन (फ़्यूज़न) अनुसंधान के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों पर केंद्रित है। इसका शोध क्षेत्र टोकामॅक के विकास और संचालन, संलयन प्रौद्योगिकी विकास, मूलभूत प्रायोगिक/सैद्धांतिक/संगणकीय प्लाज़्मा विज्ञान तथा प्लाज़्मा-आधारित अनुप्रयोगों तक विस्तृत है। देश के केवल दो टोकामॅक — अदित्य-अपग्रेड और एसएसटी-1 — वर्तमान में आईपीआर में स्थापित हैं। विश्वविद्यालयों/संस्थानों, पऊवि की अन्य इकाइयों और उद्योगों के साथ राष्ट्रीय सहयोग, तथा ईटर और लीगो जैसे मेगा-विज्ञान परियोजनाओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों का अभिन्न हिस्सा हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त, होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान की एक घटक इकाई के रूप में आईपीआर ने अपने पीएचडी कार्यक्रम को जारी रखा है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्लाज़्मा भौतिकी और प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान आउटपुट तैयार करना है।

टोकामॅक अनुसंधान के क्षेत्र में, आदित्य-यू पर हाइड्रोजन (H_2) और ड्यूटेरियम (D_2) डिस्चार्ज के साथ कई प्रयोग किए गए हैं। लोअर हाइब्रिड करेंट ड्राइव (LHCD) के लिए पैसिव–एक्टिव मल्टी-जंक्शन एंटीना की स्थापना, आदित्य-यू की मौजूदा प्रणालियों में एक महत्वपूर्ण जोड़ है, जो हमें आदित्य-यू पर लंबी अवधि के प्लाज़्मा संचालन की संभावनाओं की खोज करने में सक्षम बनाता है। D_2 प्लाज़्मा में ऊर्जा परिरोधन समय अधिकतम 11 ms तक पहुँच गया है, जो H_2 की तुलना में लगभग 1.5 गुना अधिक है और नियो-अल्केटर और ईटर-89P L-मोड स्केलिंग के साथ अच्छा सामंजस्य दिखाता है। लंबवत स्थित नियंत्रण कॉयल्स को उन्नत कर कॉपर-आधारित पोलॉयडल फ़ील्ड कॉयल्स (डबल-पैनकेक वाइंडिंग) लगाया गया, जो 5 kA तक सपोर्ट करते हैं और ऊर्जा खपत को चार गुना तक कम करते हैं। क्षैतिज प्लाज़्मा नियंत्रण को कॉम्पैक्ट-RIO PID फ़ीडबैक सिस्टम के माध्यम से बेहतर बनाया गया, जिससे ~400 ms लंबे डिस्चार्ज और पैरामीटरों की सटीक ट्यूनिंग संभव हुई। आदित्य-यू पर प्रमुख प्रयोगों में शामिल हैं: अशुद्धि (Ne/Ar) सीडिंग, जिसने किनारे के टोरॉयडल घूर्णन में 5–15 km/s तक की वृद्धि दिखाई; 42 GHz पर इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन रेज़ोनेंस हीटिंग (ECRH), जिसने प्लाज़्मा प्रदर्शन में सुधार प्रदर्शित किया; रनअवे इलेक्ट्रॉन (RE) शमन, जिसमें स्थानीय लंबवत क्षेत्र के प्रक्षोभों का उपयोग कर 90% तक रनअवे इलेक्ट्रॉन डी-कॉन्फाइनमेंट प्राप्त किया गया, जिसे पार्टिकल-3D संख्यात्मक सिमुलेशनों से समर्थन मिला। उच्च-शक्ति एलएचसीडी और गोलाकार घटकों का 140 kW तक सफल परीक्षण किया गया है, और अग्रिम सुधार प्रगति पर हैं। एसएसटी-1 टोकामॅक में प्लाज़्मा–दीवार अंतःक्रिया, अशुद्धि संचय और प्लाज़्मा बर्न-थ्रू को नियंत्रित करने के लिए 35–65 MHz पर संचालित होने वाले आयन साइक्लोट्रॉन रेज़ोनेंस (ICR) प्रणाली का विकास कर उसे दीवार अनुकूलन प्रणालियों के साथ एकीकृत किया गया। इन प्रयोगों में न्यूट्रल ब्रेकडाउन प्राप्त किया गया और कम से कम 30 kW पावर पर ~50 सेकंड तक के छोटे और लंबे पल्सों में स्थिर प्लाज़्मा प्राप्त किया गया, जिसे स्पेक्ट्रोस्कोपी, फास्ट कैमरों और दाब मापनों द्वारा मॉनिटर किया गया। ईसीआर-आधारित प्लाज़्मा प्रयोगों को समर्थन देने के लिए 5 kV, 25 A का आईजीबीटी सीरीज़ स्विच विकसित किया गया, जिसने 1 kW, 2.45 MHz मैग्नेट्रॉन के प्रदर्शन को बेहतर बनाया, जिसे निरंतर और पल्स्ड मोड में −4.2 kV, 1 A DC बायस की आवश्यकता होती है। आईसीआरएच प्रणाली के लिए विकसित ट्रांसमिशन लाइन फेज़ शिफ्टर (TL-PS) ने 40–60 MHz की आवृत्ति सीमा में 50° से 110° तक परिवर्तनीय फेज़ शिफ्ट प्रदान किया, साथ ही वोल्टेज स्टैंडिंग वेव रेशियो को 1.2 से कम और रिटर्न लॉस को 25 dB से बेहतर बनाए रखा। क्रायोजेनिक संचालन के दौरान 4.5 K पर अत्यधिक ऊष्मा-भार दर्ज किया गया, जो डिज़ाइन किए गए मान से लगभग पाँच गुना अधिक था, जिससे PF और TF कॉइलों का शीतलन प्रभावित हुआ। इन पहलुओं पर अब ध्यान दिया जा रहा है तथा कई पुनर्निर्माण उपायों की योजना बनाई जा रही है। इसके अतिरिक्त, एक नया स्वदेशी स्थिर-अवस्था टोकामॅक एसएसटी-भारत का डिज़ाइन किया जा रहा है, जो वर्तमान प्रायोगिक उपकरणों और भविष्य के व्यावसायिक रिएक्टरों जैसे डेमो के बीच की खाई को पाटेगा। एसएसटी-भारत, आदित्य-यू और एसएसटी-1 द्वारा स्थापित तकनीकी आधार पर निर्मित होगा और ईटर में भारत की भागीदारी से प्राप्त ज्ञान को एकीकृत करेगा।

फ्यूज़न प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में स्वदेशी रूप से महत्वपूर्ण प्रगति की गई है। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं: (a) उच्च-तापमान और निम्न-तापमान अतिचालक (HTS, LTS) चुम्बक विकास, जिसमें D-आकार के HTS मैग्नेट (1.1 m और 0.7 m आयाम) का निर्माण और परीक्षण, तथा उच्च-विद्युत धारा अनुप्रयोगों हेतु NbTi केबल-इन-कंड्युट कंडक्टर का निर्माण शामिल है (आईपीआर और बीएआरसी के परमाणु ईंधन प्रभाग द्वारा पूर्ण)। (b) हाई हीट फ्लक्स परीक्षण सुविधा में कॉपर और टंगस्टन मॉक-अप्स पर प्रयोग, जिसमें आईपीआर–एआरसीआई (हैदराबाद) के बीच हुए समझौत ज्ञापन के अंतर्गत टंगस्टन फाइबर टंगस्टन कंपोज़िट (W/Wf) सामग्री का विकास शामिल है। रिपोर्ट किए गए फ्रैक्चर टफनेस मान इस प्रकार हैं: शुद्ध टंगस्टन के लिए: 4.2 MPa√m और बिना कोटिंग वाले फाइबर के साथ W/Wf कॉम्पोज़िट के लिए: 5.9 MPa√m. एर्बियम ऑक्साइड-लेपित फाइबर वाले W/Wf कॉम्पोज़िट के लिए: 12.1 MPa√m (सर्वाधिक), साथ ही सफल थर्मल विश्लेषण। (c) फ्यूज़न ब्लैंकेट प्रौद्योगिकियाँ, जिनमें द्रव-धातु लूप्स (Sn-Li, Pb-16Li), लिथियम इंजेक्टर, कोल्ड ट्रैप, तथा एमएचडी प्रयोगों का इंजीनियरिंग विकास शामिल है। साथ ही ब्रीडर सामग्रियों के तापीय चालकता मापन और रासायनिक अनुकूलता अध्ययन भी किए गए। (d) बड़े आयतन वाली क्रायोजेनिक प्रणालियाँ, जिनमें हीलियम रेफ्रिजरेटर-सह-लिक्विफ़ायर, टर्बाइन सब-असेंबली (1 kW, 1.6 लाख RPM), और एचटीएस मैग्नेट कूलिंग लूप्स को सफलतापूर्वक चालू किया गया। इसके अतिरिक्त 65 K पर दाबित हीलियम परिसंचरण प्रणाली एचटीएस मैग्नेट और क्रायोपंप शीतलन के लिए निर्मित की जा रही है। (e) निरीक्षण और रखरखाव हेतु रोबोटिक सिस्टम—जिसमें द्वि-बाहु (dual-arm) मैनिपुलेटर, हाइपर-रिडंडेंट निरीक्षण प्रणाली, और वैक्यूम ऑटोमेशन—का विकास और परीक्षण किया गया है। (f) नेगेटिव आयन स्रोत (TWIN और ROBIN) ने निम्न-दबाव पर हाइड्रोजन प्लाज़्मा, उच्च-धारा न्यूट्रल बीमों का उत्पादन, तथा DACS के माध्यम से स्वचालित नियंत्रण प्रदर्शित किया। साथ ही ROBIN स्रोत का COMSOL आधारित प्लाज़्मा मॉडलिंग भी की गई। (g) न्यूट्रॉनिक्स अध्ययन में इलेक्ट्रॉनिक्स पर विकिरण परीक्षण, चिकित्सीय रेडियोआइसोटोप उत्पादन (Mo-99, Cu-64, Cu-67), अभिक्रिया क्रॉस-सेक्शन मापन, तथा अनुकूलित इमेजिंग मापदंडों के साथ न्यूट्रॉन रेडियोग्राफी प्रणाली का विकास शामिल है।

मौलिक प्रायोगिक प्लाज़्मा भौतिकी के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण प्रयोगों की रिपोर्ट की गई है: (a) विशाल आयतन प्लाज़्मा उपकरण (LVPD) में लूप एंटीना का उपयोग करके ~50 kHz की विद्युतचुंबकीय तरंगों को उत्प्रेरित किया गया और 3-अक्ष मैग्नेट प्रोब के माध्यम से उनका पता लगाया गया। हेल्महोल्ट्ज़ कॉयल्स ने चुंबकीय-शून्य (~0 G), संरेखित (+20 G), तथा विपरीत-संरेखित (−20 G) कॉन्फ़िगरेशन संभव बनाए, जिनसे तरंग विचलन और ~150 kHz के उच्च-आवृत्ति मोड देखे गए। विशेष आकृति वाले सोलनॉइड की सहायता से पृथ्वी-समान चुंबकीय दर्पण क्षेत्र बनाए गए, जिनका डायग्नॉस्टिक्स और सिमुलेशन द्वारा परीक्षण किया गया। (b) नॉन-न्यूट्रल प्लाज़्मा उपकरण SMARTEX-C में चार्ज कलेक्टर डायग्नोस्टिक्स ने इलेक्ट्रॉन आवेश का संचयन 30 सेकंड तक दर्ज किया, तथा प्लाज़्मा तापमान 3–6 eV मापा गया। (c) प्रयुक्त प्लाज़्मा भौतिकी प्रयोग (APPEL) के तहत प्लाज़्मा–सामग्री अंतःक्रिया और टोकामॅक-संबंधी अध्ययन किए गए, जिनमें 0.4 T के चुंबकीय क्षेत्र और हीलियम प्लाज़्मा (घनत्व ~10^{17}–10^{18} m^{-3}) का निर्माण शामिल था। m = 0 स्पाइरल एंटीना की रेडियो फ्रिक्वेंसी प्री-आयनीकरण क्षमता को सत्यापित किया गया, साथ ही 20 kV कोएक्सियल प्लाज़्मा गन का उपयोग कॉम्पैक्ट टॉरॉयड इंजेक्शन और क्षणिक प्लाज़्मा प्रयोगों में किया गया। (d) विशाल क्षेत्र प्लाज़्मा स्रोत (LAPS) में संधारित्र रूप से युग्मित प्लाज़्मा के माध्यम से समान रूप से कोटिंग / एचिंग प्राप्त की गई। (e) ट्रिपल-ग्रिड इनर्शियल इलेक्ट्रोस्टैटिक कंफाइनमेंट (IECF) सिमुलेशनों में आयन संवहन में सुधार और आयन जीवनकाल में वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया गया। (f) टंगस्टन पर हाइड्रोजन प्लाज़्मा (0.205–0.224 MJ/m^2) के प्रभाव से ब्लिस्टर, क्रैक तथा अवशिष्ट तनाव उत्पन्न हुए, जो ELMs (Edge Localized Modes) के शमन संबंधी अध्ययनों के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। (g) Cs-लेपित टंगस्टन डस्ट का उपयोग करते हुए नेगेटिव हाइड्रोजन आयनों (~2.17 mA) का निष्कर्षण किया गया। (h) He^+ विकिरण या प्लाज़्मा इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से γ-WO_3 नैनोटेन्ड्रिल्स(सूक्ष्म रेशेदार संरचनाएँ) तथा WO_3 नैनोकणों का उत्पादन किया गया, जिनमें उच्च पोरोसिटी और उत्कृष्ट फोटोकैटलिटिक सक्रियता देखी गई। (i) डाइइलेक्ट्रिक बैरियर डिस्चार्ज में प्लाज़्मा–जल अंतःक्रिया ने अत्यंत कुशलता से NH_4^+ (~34 mM) का उत्पादन किया, जिसकी ऊर्जा लागत मात्र ~0.0054 MJ/mol रही। (j) इनवर्स मिरर प्लाज़्मा प्रयोग

उपकरण (IMPED) ने 2.2 m के समान प्लाज़्मा स्तंभ उत्पन्न किए, जिनमें ड्रिफ्ट, रेले-टेलर, और केल्विन-हेल्महोल्ट्ज़ अस्थिरताओं को उत्प्रेरित किया गया। ज़ोनल फ्लोज़ और स्ट्रीमर्स का भी अवलोकन किया गया। (k) SYMPLE में उच्च-शक्ति माइक्रोवेव प्रयोगों के दौरान ओवर-डेंस प्लाज़्मा में आंशिक अवशोषण को डेनीसोव-सिद्धांत के अनुरूप पाया गया।

'अंत्य' सुविधा का उपयोग करते हुए व्यापक सैद्धांतिक और कंप्यूटेशनल प्लाज़्मा भौतिकी अनुसंधान किया गया, जिसमें गैर-रेखीय प्लाज़्मा घटनाओं, टोकामॅक और संलयन रिएक्टर अध्ययनों, मौलिक प्लाज़्मा अनुसंधानों, लेज़र–प्लाज़्मा अंतःक्रियाओं तथा डस्टी/कॉम्प्लेक्स प्लाज़्मा पर कार्य शामिल था। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और मशीन लर्निंग (ML) विधियों का उपयोग कर DeepCXR सॉफ़्टवेयर तथा डिजिटल ट्विन टोकामॅक के लिए प्लाज़्मा इक्विलिब्रियम सरोगेट मॉडल विकसित किया गया।

प्लाज़्मा आधारित प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोगों के क्षेत्र में, पऊवि परियोजनाओं के अंतर्गत वित्तपोषित अध्ययनों ने सतह-वर्धित रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी (SERS) का उपयोग करके खाद्य मिलावट करने वाले रंगों की अत्यधिक संवेदनशील पहचान प्रदर्शित की। नैनो-रिपल्ड सिलिकॉन और काँच के सब्सट्रेट, जिन पर सिल्वर नैनोपार्टिकल्स कोट किए गए थे, का उपयोग करते हुए क्रिस्टल वायलेट, रोडामाइन-B, एरिथ्रोसिन-B, मेटानिल येलो और सुदान डाई जैसे अणुओं को 10^{-7} मोल/लीटर तक की कम सांद्रता पर भी पहचाना गया। कोल्ड एटमॉस्फेरिक प्लाज़्मा द्वारा फफूंदनाशी कार्बेन्डाज़िम (CBZ) के विघटन को समझने के लिए रिएक्टिव मॉलिक्युलर डायनेमिक्स सिमुलेशन का उपयोग किया गया, जिसमें हाइड्रोजन एब्स्ट्रैक्शन, ऑक्सीकरण और डिकार्बोनाइलेशन जैसी प्रक्रियाएँ सामने आईं, जो CBZ की विषाक्तता को कम करती हैं। पॉलीप्रोपाइलीन फैब्रिक पर मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग के माध्यम से कॉपर और कॉपर ऑक्साइड कोटिंग जमा की गई, जिससे ग्राम-पॉज़िटिव बैक्टीरिया में 4-लॉग तक की कमी प्रदर्शित हुई। 'रौद्र' प्लाज़्मा पायरोलिसिस संयंत्र को बायोमेडिकल अपशिष्ट उपचार के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। इसमें प्राथमिक/द्वितीयक चैंबर और गैस-शोधन प्रणालियों के एकीकृत संचालन को शामिल किया गया। स्टार्टअप्स के साथ हुए समझौते अपशिष्ट-से-ऊर्जा अनुप्रयोगों तथा कृषि और डेयरी के लिए प्लाज़्मा-सक्रिय जल के वाणिज्यीकरण में सहायक हैं। गहरे अंतरिक्ष प्रणोदन के लिए एक उच्च-शक्ति हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर प्रणाली विकसित की गई, जिसने 1–5 kW RF पावर और 1200 G चुंबकीय क्षेत्र पर 5–230 mN का थ्रस्ट प्राप्त किया। पीएलसी और लैबव्यू आधारित SCADA का उपयोग करते हुए एकीकृत स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों ने इसके समन्वित संचालन को संभव बनाया। माइक्रोवेव अवशोषण के लिए प्लाज़्मा-आधारित पैनलों का परीक्षण किया गया, जिन्होंने आपतित शक्ति का 50–80% अवशोषण दिखाया और रडार सिग्नेचर में कमी की व्यवहार्यता को सत्यापित किया।

आईपीआर दो प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मेगा साइंस प्रोजेक्ट्स में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहा है: ईटर और लीगो। ईटर-भारत जो फ्रांस में ईटर संगठन के साथ सहयोग में स्वदेशी एजेंसी है, ने ईटर के लिए कई इन-काइंड घटक उपलब्ध कराए हैं, जिनमें शामिल हैं: क्रायोस्टेट, टोरस क्रायो-पंप हाउसिंग, क्रायो-वितरण और क्रायोलाइंस प्रणाली, और इन-वॉल शील्डिंग ब्लॉक्स। कूलिंग वॉटर और क्रायोजेनिक सिस्टमों को कमीशन किया गया और हीट रिजेक्शन सिस्टम को पूरी तरह से कार्यशील बनाया गया। डायग्नोस्टिक न्यूट्रल बीम, आईसीआरएच और ईसीआरएच सिस्टमों की प्रोटोटाइप टेस्टिंग, पावर सप्लाई विकास और फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण किए गए। हाई-पावर RF स्रोत, एंप्लीफायर और पावर सप्लाई सिस्टम ने महत्वपूर्ण प्रदर्शन माइलस्टोन हासिल किए। इंटीग्रेटेड मॉडलिंग एवं एनालिसिस सूट (IMAS) को 'अंत्य' क्लस्टर फैसिलिटी पर संस्थापित और परीक्षण किया गया। INDUCT कोड को अनुकूलित और मान्य किया गया, और एक फ्री-बाउंडरी ग्रैड–शाफरनोव सॉल्वर विकसित किया गया। ईटर-भारत के डेटा सेंटर को हाइपर-कनवर्ज्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर में अपग्रेड किया गया, जिसमें साइबर सुरक्षा भी बढ़ाई गई। क्षमता निर्माण में CATIA, SEE सिस्टम डिज़ाइन, और ENOVIA DESA सर्टिफिकेशन शामिल हैं। 12,000 से अधिक दस्तावेज़ों को आर्काइव किया गया, जो डाइवर्टर्स, ब्लैंकेट्स और रिमोट हैंडलिंग के लिए अनुसंधान एवं विकास और प्रोटोटाइपिंग का समर्थन करते हैं। LI-

विस्टा सुविधा लीगो लैब में स्थापित की गई, जिसमें वैक्यूम सिस्टम घटकों का सत्यापन किया गया। अल्ट्रा-हाई वैक्यूम ($<1 \times 10^{-9}$ mbar) प्राप्त किया गया। वेसल बेक-आउट प्रदर्शन का मूल्यांकन, गेट वाल्व ऑपरेशन परीक्षण और क्रायोपंप दक्षता का आकलन किया गया। इसने लीगो-भारत वैक्यूम इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्रदान किया।

आईपीआर का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र प्रौद्योगिकी नवाचार और उसे भारतीय उद्योग को हस्तांतरण करना रहा है, जिसे इसके इनक्यूबेटर एआईसी प्लाज़्माटेक के माध्यम से आगे बढ़ाया गया है। एआईसी प्लाज़्माटेक, पऊवि के अधीन सेक्शन 8 कंपनी है और इसने प्लाज़्मा और संबंधित तकनीकों में स्टार्टअप्स का समर्थन किया है।अब तक आठ स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट किया गया है और छह प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते भारतीय कंपनियों/स्टार्टअप्स के साथ निष्पादित किए गए हैं। एआईसी प्लाज़्माटेक ने एचबीएनआई इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से कॉलोक्विया, व्याख्यान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, ताकि स्टार्टअप्स के प्रति जागरूकता और ज्ञान का प्रसार किया जा सके।

इसके अलावा, जनजागरूकता गतिविधियाँ स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों के व्यापक दायरे में जारी रहीं, जिसमें शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल थे।

निदेशक

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

वार्षिक प्रतिवेदन
अप्रैल 2024 से मार्च 2025

ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के रूप में संलयन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, संस्थान ने वर्ष 1984 में चुंबकीय रूप से परिसीमित उच्च तापमान प्लाज़्मा के अध्ययन हेतु एक कार्यक्रम प्रारंभ किया और वर्ष 1989 में भारत का पहला टोकामॅक – "आदित्य" निर्मित किया। लगभग एक दशक बाद, सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट्स का उपयोग करते हुए एक स्थिर अवस्था टोकामॅक भी विकसित किया गया। आरंभ से ही, संस्थान न केवल संलयन प्लाज़्मा अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में सक्रिय रहा है, बल्कि प्लाज़्मा भौतिकी से संबंधित मौलिक अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्रों में भी योगदान दे रहा है, जिससे अनेक औद्योगिक एवं सामाजिक चुनौतियों का समाधान संभव हो सका है। बड़े पैमाने पर कंप्यूटर-आधारित डिज़ाइन और विश्लेषण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, संस्थान में एक हाई परफॉर्मेंस कम्प्यूटिंग (HPC) सुविधा स्थापित की गई है, जिसमें उच्च क्षमता वाला GPU क्लस्टर भी सम्मिलित है, जो 100 किलोवाट IT लोड को संभालने में सक्षम है। पिछले अनेक वर्षों में, संस्थान ने प्लाज़्मा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और संलयन ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के "आत्मनिर्भर-विकसित भारत" लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बड़ी संख्या में कुशल जन शक्ति तैयार की हैं। संस्थान दो अंतर्राष्ट्रीय बड़ी विज्ञान परियोजनाओं — ईटर और लीगो — में भी सक्रिय रूप से संलग्न है, जिनके अंतर्गत उन्नत अत्याधुनिक उपकरण/घटकों का वस्तु रूप में योगदान दिया जा रहा हैं। इनमें से कई तकनीकी रूप से जटिल उपकरणों की आपूर्ति सफलतापूर्वक की जा चुकी है। संस्थान को प्लाज़्मा भौतिकी एवं संबद्ध प्रौद्योगिकियों में मौलिक एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदानों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है।

अध्याय

A. वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यक्रम का सारांश....................11

B. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग 87

C. शैक्षणिक कार्यक्रम 98

D. प्रकाशन एवं प्रस्तुतियाँ 101

E. अन्य गतिविधियाँ 140

अध्याय-A

वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश

A1. टोकामॅक अनुसंधान एवं विकास तथा प्रयोग 12

A2. संलयन संबंधी प्रौद्योगिकियाँ 30

A3. मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी...51

A4. प्लाज़्मा आधारित प्रौद्योगिकियाँ एवं अनुप्रयोग.........................60

A5. सैद्धांतिक मॉडलिंग एवं कम्प्यूटेशनल प्लाज़्मा भौतिकी.............65

A6. वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सिविल सहयोग................................75

A7. एआईसी, पेटेंट एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण 81

A1. टोकामॅक अनुसंधान एवं विकास तथा प्रायोगिक अध्ययन

आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक में लगभग 120 kA की प्लाज़्मा करंट तथा लगभग 1.28 T के टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र पर 300 मिलीसेकंड की अवधि तक के मानक डिस्चार्ज सफलतापूर्वक प्राप्त किए गए। आदित्य-अपग्रेड(ADITYA-U) में कई नए डायग्नोस्टिक प्रणालियाँ भी कमीशन की गई हैं, जिनमें सॉफ्ट एक्स-रे क्रिस्टल स्पेक्ट्रोमीटर, न्यूट्रल पार्टिकल एनालाइज़र आदि प्रमुख हैं। एसएसटी-1 टोकामॅक में क्रायो-एब्ज़ॉर्बर हेतु एक नया 80K फेज़ सेपरेटर स्थापित किया गया है। प्रमुख विकास कार्यों का विवरण निम्नलिखित खंडों में प्रस्तुत किया गया है —

A1.1 आदित्य–अपग्रेड टोकामॅक 12
A1.2 स्थिर-अवस्था अतिचालक टोकामॅक (SST–1) 26
A1.3 एसएसटी–भारत 29

A1.1 आदित्य अपग्रेड टोकामॅक

आदित्य-यू में लोअर हाइब्रिड करंट ड्राइव (*LHCD)* प्रणाली के लिए रेडियल पोर्ट नंबर 5 पर एक पैसिव-एक्टिव मल्टी-जंक्शन (*PAM)* एंटीना की स्थापना के बाद, हाइड्रोजन और ड्यूटेरियम ईंधन का उपयोग करते हुए प्लाज़्मा संचालन किया गया। कुल मिलाकर लगभग 756 डिस्चार्ज पूरे किए गए, जिससे आदित्य-यू में विभिन्न प्रयोगों के लिए कई प्रकार के पैरामीटर प्राप्त हुए। जनवरी 2025 के अंत में प्लाज़्मा संचालन को समाप्त किया गया, जिसके बाद मौजूदा वर्टिकल पोजिशन कंट्रोल कॉइल्स (*BCC)* को हटाकर नई पोलॉइडल फील्ड कॉइल्स स्थापित की गईं।

<u>आदित्य-यू डिस्चार्ज के लिए वैश्विक ऊर्जा संधारण समय (τ_E) का अध्ययन:</u> आदित्य-यू ने D_2 ईंधन वाले डिस्चार्ज में ऊर्जा संधारण समय (τ_E) के विश्लेषण में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इस प्रयोग का मुख्य उद्देश्य समरूप परिचालन मापदंडों वाले H_2 डिस्चार्ज की तुलना में समस्थानिक प्रभाव का उपयोग करके (τ_E) में सुधार करना है। संलयन प्राप्त करने की दिशा में उन्नत टोकामक उपकरणों के विकास के लिए घनत्व के साथ ऊर्जा संधारण समय (τ_E) का स्केलिंग एक महत्वपूर्ण कारक है। आदित्य-यू में H_2 और D_2 ईंधन-सहायित डिस्चार्ज के लिए τ_E और घनत्व के बीच संबंध का अध्ययन किया गया। विभिन्न परिचालन मापदंडों वाले टोकामक की सीमाओं की समझ प्राप्त करने के लिए, कई टोकामकों के प्लाज़्मा डिस्चार्ज के आधार पर *neo-ALCATOR* स्केलिंग नियम तैयार किया गया। यह नियम निम्न घनत्व ($n_e < 3\times10^{19}$ m^{-3}) पर केवल ओमिक हीटिंग द्वारा गरम किए गए प्लाज़्मा डिस्चार्ज पर लागू होता है। प्रयोगात्मक रूप से मापा गया τ_E और *neo-ALCATOR* स्केलिंग नियम द्वारा पूर्वानुमानित τ_E के बीच तुलना से आदित्य-यू के ओमिक डिस्चार्ज डेटा में संतोषजनक संबंध प्रदर्शित होता है। उच्च घनत्व ($n_e > 3\times10^{19}$ m^{-3}) स्थितियों के लिए, आवश्यक τ_E स्केलिंग *ITER-89P L*-मोड संधारण स्केलिंग नियम प्रदान करता है। चित्र 1(*a)* और 1 (*b)* आदित्य-यू में H_2 और D_2 डिस्चार्ज के लिए प्रयोगात्मक रूप से निर्धारित τ_E का घनत्व (n_e) के मुकाबले तुलना दर्शाते हैं। τ_E के मान घनत्व और तापमान के वास्तविक माप से प्राप्त किए गए हैं, जिसमें कुल ओमिक हीटिंग पावर (P_Ω) को शामिल किया गया है, जिसमें से बोलोमीटर द्वारा मापी गई विकिरण शक्ति घटा दी गई है, साथ ही संग्रहित ऊर्जा के डायमैग्नेटिक मापों को भी ध्यान में रखा गया है। इसके विपरीत, चित्र A.1.1c और A.1.1d आदित्य-यू में H_2 और D_2 डिस्चार्ज के लिए घनत्व (n_e) के आधार पर प्रयोगात्मक τ_E और *neo-Alcator* स्केलिंग द्वारा प्राप्त τ_E मानों की तुलना प्रस्तुत करते हैं।

चित्र A.1.1a में H_2 प्लाज़्मा में अधिकतम प्रयोगात्मक τ_E 6.5 मिलीसेकंड है, जबकि चित्र A.1.1b में D_2 प्लाज़्मा में अधिकतम प्रयोगात्मक τ_E 11 मिलीसेकंड है। चित्र A.1.1c में दिखाए अनुसार, H_2 प्लाज़्मा के लिए *neo-ALCATOR* स्केलिंग के माध्यम से अनुमानित τ_E का अधिकतम मान 7.6 मिलीसेकंड है, जबकि चित्र A.1.1d में D_2 प्लाज़्मा के लिए *neo-ALCATOR* स्केलिंग के माध्यम से अनुमानित τ_E 12.5 मिलीसेकंड है। चित्र A.1.1c में दिखाए गए H_2 -सहायित डिस्चार्ज के विश्लेषण से पता चलता है कि *neo-Alcator* स्केलिंग द्वारा प्राप्त τ_E मान प्रयोगात्मक τ_E मानों की तुलना में बेहतर हैं। जबकि चित्र A.1.1d में D_2 -सहायित डिस्चार्ज के लिए प्रयोगात्मक रूप से प्राप्त τ_E मान *neo-Alcator* स्केलिंग द्वारा प्राप्त τ_E मानों के करीब हैं।



चित्र A.1.1: ओमिकली हीटेड आदित्य-यू डिस्चार्ज के लिए τ_E का अनुमान निम्नलिखित है: (a) *H_2 प्लाज़्मा के लिए τ_E* (*प्रयोगात्मक*) *बनाम घनत्व* (*H_2*)*, साथ ही P_{total}, (P_{total} - P_{rad}), और W_{dia} के साथ,* (b) *D_2 प्लाज़्मा के लिए समान विश्लेषण, और* (c) *H_2 डिस्चार्ज के लिए τ_E_expt.(P_{total} - P_{rad}) और neo-ALCATOR स्केलिंग बनाम घनत्व* (*n_e*) *की तुलना,* (d) *D_2 डिस्चार्ज के लिए समान तुलना*



चित्र A.1.2: आदित्य-यू में H_2 और D_2 ओमिक डिस्चार्ज के लिए लाइन औसत घनत्व से संबंधित τ_E स्केलिंग: (a) *τ_E प्रयोगात्मक, और (b) ITER-89P L-मोड संधारण स्केलिंग नियम के अनुसार τ_E*

दिए गए आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि एडीटिया-यू के D_2 डिस्चार्ज में अधिकतम ऊर्जा अवरोधन समय प्राप्त हुआ। जब प्रयोगात्मक रूप से प्राप्त τ_E की तुलना H_2 और D_2 डिस्चार्ज के लिए नियो-अल्केटर स्केलिंग से की गई, तो एक मजबूत सहसंबंध देखा गया। विभिन्न स्केलिंग नियमों — $\tau_e$exp, $\tau_e$exp–tprad, τ_eWdia तथा ITER-89P L-मोड — के माध्यम से τ_E का अनुमान लगाने पर यह पाया गया कि D_2 प्लाज़्मा में ऊर्जा अवरोधन लगभग 1.5 गुना अधिक है, H_2 प्लाज़्मा की तुलना में।

<u>त्वरित इमेजिंग का उपयोग करके प्लाज़्मा कॉलम की वास्तविक समय में ऊर्ध्वाधर स्थिति का अनुमान:</u>

टोकामॅक में संतुलन बनाए रखने के लिए प्लाज़्मा की गति का मूल्यांकन करना अत्यंत आवश्यक है। चुंबकीय संकेत वास्तविक समय में प्लाज़्मा सेंट्रॉइड का अनुमान लगाने के लिए आशाजनक साधन हैं, किंतु प्लाज़्मा के निर्माण और रैम्प-डाउन चरणों के दौरान प्लाज़्मा धारा द्वारा उत्पन्न क्षणिक घटनाएँ इन डायग्नोस्टिक विधियों को बाधित करती हैं। इसके अतिरिक्त, प्लाज़्मा के समीप स्थित चुंबकीय

डायग्नोस्टिक्स टोकामॅक के कठोर परिवेश में लंबे समय तक प्रभावी रूप से कार्य करने में कठिनाई का सामना करते हैं। इसलिये वास्तविक समय में प्लाज़्मा की स्थिति की पहचान के लिए इस ऑप्टिकल विधि को एक पूरक तकनीक के रूप में स्थापित करना लाभकारी है। आदित्य-यू में प्लाज़्मा डिस्चार्ज को 5000 *FPS* (फ्रेम प्रति सेकंड) की गति से एक हाई-स्पीड कैमरा द्वारा रिकॉर्ड किया जाता है, जो 504 *x* 504 पिक्सेल के फ्रेम कैप्चर करता है। कैमरा ट्रिगर मोड में संचालित होता है, और डेटा को संपूर्ण रिकॉर्डिंग डाउनलोड के लिए पोस्ट-प्रोसेस किया जाता है। यह कैमरा 400 *nm* से 700 *nm* तक की विकिरण तरंगदैर्ध्य के प्रति संवेदनशील है, जिससे यह प्लाज़्मा कॉलम, विशेष रूप से उसके बाहरी किनारे से निकलने वाले दृश्य विकिरण को वाइड-एंगल दृश्य में कैप्चर करता है।



चित्र A.1.3: : रिकॉर्ड किए गए फ्रेम पर पिक्सेल स्थानों का चयन, जो एक-दूसरे को काटती लंबवत रेखाओं द्वारा दर्शाया गया है।



चित्र A.1.4: डिटेक्टर प्रणाली का योजनात्मक रेखा चित्र (a), पिन-होल को बैक-लाइट करके प्रकाश संकलन के लिए इच्छित स्थान का निर्धारण (b)

इन छवियों का विश्लेषण करके प्लाज़्मा की ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज गति को ट्रैक किया जाता है, तथा वैक्यूम वेसल में ऐसे विशिष्ट स्थानों की पहचान की जाती है जहाँ से पर्याप्त विकिरण प्राप्त हो, जिससे प्लाज़्मा की स्थिति को ट्रेस किया जा सके। चित्र A.1.3 में फास्ट कैमरा द्वारा प्राप्त प्लाज़्मा दृश्य दर्शाया गया है, जिसमें चार उप-चित्र पिक्सेल जोड़े और समय के साथ उनकी प्रबलता प्रोफाइल को प्रदर्शित करती हैं, ताकि प्लाज़्मा की गति का निर्धारण किया जा सके। सेट (*a*) और (*d*) क्रमशः क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर गति के अनुमान के लिए सर्वोत्तम पिक्सेल जोड़े हैं। इस सिद्धांत का उपयोग करते हुए, एक ऑप्टिकल प्रणाली को फोटो-डायोड (PD) आधारित रूप में डिज़ाइन, विकसित और टोकामॅक पर स्थापित किया गया है, ताकि इन क्षेत्रों से आने वाले दृश्य विकिरण को कैप्चर किया जा सके, जैसा कि चित्र A.1.3d में दर्शाया गया है। इस प्रणाली की योजनात्मक संरचना चित्र A.1.4. में प्रस्तुत की गई है। संकलित प्रकाश को उपयुक्त इलेक्ट्रॉनिक सर्किट में भेजा जाता है, जहाँ संकेतों का बीजीय प्रोसेसिंग किया जाता है, और प्लाज़्मा की ऊर्ध्वाधर गति की स्थिति-संकेत डेटा अधिग्रहण प्रणाली (DAQ) में प्राप्त होती है। चित्र A.1.5 में आदित्य-यू के मानक डिस्चार्ज #36821 के लिए प्राप्त परिणाम प्रस्तुत किए गए हैं। दूसरा पैनल क्षैतिज स्थिति के अनुमान को संकलित करता है, जो कि कोसाइन कॉइल, फ्लक्स लूप्स, *H-α* मापनों, तथा फास्ट कैमरा (चित्र A.1.3a) से चयनित पिक्सेल तीव्रताओं के माध्यम से प्राप्त किए गए हैं। पहली तीन विधियाँ आदित्य-यू में अच्छी तरह स्थापित हैं और नियमित रूप से उपयोग में लाई जाती हैं। त्वरित कैमरे के सुसंगत माप पोस्ट-प्रोसेसिंग तकनीक को प्रमाणित करते हैं। चित्र A.1.5 के तीसरे पैनल में साइन कॉइल का उपयोग करके प्लाज़्मा के ऊर्ध्वाधर विस्थापन का विवरण दिया गया है, कैमरे (चित्र A.1.3d) से चुने गए पिक्सेल तीव्रता, और एक नए वास्तविक समय फोटोडायोड-आधारित ऑप्टिकल सिस्टम का उपयोग दर्शाया गया है। प्लाज़्मा फ्लैट-टॉप के दौरान प्राप्त परिणाम इस नई तकनीक की विश्वसनीयता की पुष्टि करते हैं। अंतिम अनुमान अधिकतम 7% अनिश्चितता दिखाते हैं और विभिन्न प्लाज़्मा डिस्चार्ज़ के दौरान प्रभावी साबित हुए हैं।



चित्र A.1.5: करंट्स, क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर स्थितियों के के टाईम ट्रेस ऊपर से नीचे पैनलों में दिखाए गए हैं।

__वर्तमान ऊर्ध्वाधर स्थिति नियंत्रण कॉइल्स (BCC) का नए पोलॉयडल फील्ड कॉइल्स के साथ उन्नयन:__ वर्तमान करेक्शन कॉइल सिस्टम का रूपांतरण आदित्य-यू टोकामॅक के परिचालन प्रदर्शन को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुनः डिज़ाइन किए गए कॉइल सिस्टम में कई अनुकूलित पैरामीटर शामिल हैं, जिनमें कॉइल लेआउट की व्यवहार्यता, यांत्रिक हैंडलिंग, संरेखण सहिष्णुता, और उच्च-करंट कंडक्टरों का प्रदर्शन शामिल है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, नई तांबे की बनी करेक्शन कॉइल्स विकसित और

स्थापित की गई हैं, जो कंटीन्यूअस ट्रांसपोज़्ड कंडक्टर (*CTC*) तकनीक का उपयोग करती हैं। ये कॉइल्स पहले के फ्लेक्सिबल कंडक्टर आधारित करेक्शन कॉइल्स (*BCC*) की तुलना में उच्च विद्युतचुंबकीय बलों को सहने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। उन्नत डिजाइन में मौजूदा कॉइल्स को निष्क्रिय करना और एक संयुक्त-रहित, डबल-पैनकेक वाइंडिंग कॉन्फ़िगरेशन को लागू करना शामिल है, जैसा कि चित्र A.1.6 में दर्शाया गया है। प्रत्येक डबल पैनकेक दो वाइंडिंग की परतों से बना होता है, जो एक साथ स्टैक की जाती हैं और एक पूर्ण वाइंडिंग पैक बनाने के लिए विद्युत रूप से जुड़ी होती हैं। नई कॉइल्स को उच्च सटीकता के साथ बिना प्रमुख उपप्रणालियों को अलग किए वर्तमान आदित्य-यू संरचनात्मक ढांचे के भीतर एकीकृत किया गया। आदित्य-यू टोकामॅक में कुल चार कॉइल सेट सफलतापूर्वक स्थापित किए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक सेट अधिकतम 5 *kA* करंट पर कार्य करने में सक्षम है।



चित्र A.1.6: मौजूदा ऊर्ध्वाधर स्थिति नियंत्रण कॉइल्स (BCC) को नए पोलॉयडल फील्ड कॉइल्स के साथ उन्नत करने का योजनात्मक चित्र



चित्र A.1.7: वर्तमान और नई पोलॉयडल फील्ड कॉइल्स की वाइंडिंग के लिए कंडक्टर विन्यास की तुलना।

कॉइल की स्थापना के लिए वातावरण में स्थान की सीमाओं और कॉइल क्यूरिंग के लिए तापीय आवश्यकताओं को लेकर काफी चुनौतियाँ हैं। इसके बावजूद, ये परिस्थितियाँ ऑर्गेनिक इंसुलेटिंग सामग्री के उपयोग और पारंपरिक कॉइल निर्माण विधियों के लिए उपयुक्त हैं। उच्च करंट संचालन के दौरान स्थिरता बनाए रखने के लिए, कॉइल डिजाइन में कई ट्रांसपोज़्ड स्ट्रैंड्स को समानांतर में व्यवस्थित किया गया है, जो गैर-ट्रांसपोज़्ड, एकरूप कंडक्टर डिजाइनों से जुड़ी विद्युतचुंबकीय अस्थिरताओं को कम करने में मदद करता है। डिज़ाइन प्रक्रिया के दौरान मूल्यांकन किए गए विभिन्न कंडक्टर विन्यासों को चित्र A.1.7 में दर्शाया गया है। इस डिजाइन रणनीति के प्रभावी क्रियान्वयन में वर्तमान औद्योगिक साझेदारों के तकनीकी ज्ञान और स्थापित क्षमताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चयनित कॉइल अवधारणा का एक महत्वपूर्ण लाभ इसकी उल्लेखनीय अनुकूलन क्षमता है, जो समान निर्माण और इंस्टॉलेशन अवसंरचना का उपयोग करते हुए विभिन्न कॉइल संरचनाओं के बीच सहज परिवर्तन को सक्षम बनाती है, और साथ ही पूरे कॉइल सिस्टम की अखंडता और प्रदर्शन को बनाए रखती है।

कॉइल में मजबूत चुंबकीय युग्मन प्रणाली की विद्युतचुंबकीय विशेषताओं को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित करता है, विशेष रूप से उच्च करंट संचालन के दौरान। इसलिए, आदित्य-यू प्लाज़्मा डिस्चार्ज में उपयोग से पहले कॉइल असेंबली का उच्च वोल्टेज इंसुलेशन और उच्च करंट प्रदर्शन के लिए कठोर परीक्षण किया गया। चुंबकीय कॉइल को सफलतापूर्वक उच्च-करंट पावर सप्लाई से जोड़ा गया और इसने प्रयोगों के दौरान निर्दिष्ट विद्युत एवं तापीय लोड पर स्थिर प्रदर्शन बनाए रखा। विशेष रूप से, नई कॉइल कॉन्फ़िगरेशन ने पिछले सिस्टम की तुलना में कुल विद्युत खपत को चार गुना तक कम किया, जिससे समग्र दक्षता में वृद्धि हुई।

<u>उन्नत c-RIO आधारित रियल-टाइम सिस्टम का उपयोग करके क्षैतिज प्लाज़्मा स्थिति नियंत्रण में सुधार:</u> टोकामॉक में प्लाज़्मा की स्थिति को स्थिर करने और लंबे डिस्चार्ज प्राप्त करने के लिए रियल-टाइम तकनीकें अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। आदित्य-यू में क्षैतिज प्लाज़्मा स्थिति को स्थिर करने और प्लाज़्मा मानकों में सुधार करने के लिए समतुल्य फील्ड का रियल-टाइम फीडबैक नियंत्रण उपयोग किया जाता है। यह अभिनव नियंत्रण प्रणाली, जिसे PXI चेसिस में NI-PXI-7831R कार्ड का उपयोग करके विकसित किया गया है, एक एकीकृत PID नियंत्रक से सुसज्जित है। PID नियंत्रक तेज़-फीडबैक कॉइल्स के लिए नियंत्रण संकेत उत्पन्न करता है, जिसके परिणामस्वरूप क्षैतिज प्लाज़्मा स्थिति का सफल नियंत्रण प्राप्त होता है।



चित्र A.1.8: आदित्य-यू में क्षैतिज प्लाज़्मा स्थिति नियंत्रण के लिए विभिन्न प्रणालियों का अंतर्संबंध

हालांकि, प्रारंभिक नियंत्रण प्रणाली में कुछ सीमाएँ थीं। इसलिए, बेहतर नियंत्रण और PID मानकों को समायोजित करने में अधिक लचीलापन प्राप्त करने के लिए इसे कॉम्पैक्ट-RIO (c-RIO) का उपयोग करके उन्नत किया गया। उन्नत प्रणाली में लगभग 400 ms तक की लंबी अवधि वाले डिस्चार्ज हो सकते हैं और सभी नियंत्रण अनुप्रयोगों को लागू करने के लिए नवीनतम पीढ़ी के Zynq-7020 FPGA युक्त NI 9147 c-RIO एम्बेडेड चेसिस का उपयोग करके डेटा पुनःप्राप्ति क्षमताओं में सुधार करती है। यह एक 4-स्लॉट रग्ड चेसिस है जिसमें किसी भी C-सीरीज IO मॉड्यूल को जोड़ा जा सकता है। PID नियंत्रक के मानक Zynq-7020 FPGA पर ग्राफिकल यूजर इंटरफेस के माध्यम से सेट किए जाते हैं। व्यावहारिक पैरामीटर मान निर्धारित करने और टाइम रिस्पॉन्स का मूल्यांकन करने के लिए आदित्य-यू में प्लाज़्मा स्थिति नियंत्रण के लिए फास्ट फीडबैक कॉइल की पावर सप्लाई का उपयोग करके परीक्षण किया गया। चित्र A.1.8 पोजीशन कंट्रोल में शामिल सिस्टम के इंटरकनेक्शन को दिखाता है।



चित्र A.1.9: विभिन्न पैरामीटर सेटिंग्स के साथ उन्नत सिस्टम का फ्रंट पैनल दृश्य

उन्नत डिजाइन विभिन्न समय-विलंब और बहु-मानक सेटिंग्स को समायोजित करता है, जिसके परिणामस्वरूप एक नया LabVIEW-आधारित ग्राफिकल यूजर इंटरफेस (GUI) विकसित हुआ है। इस GUI के फ्रंट पैनल पर कुल 20 सेटिंग्स प्रदर्शित होती हैं, जिसमें प्रत्येक टैब के लिए पांच सेटिंग्स आवंटित हैं—P, I, D, सेटपॉइंट वोल्टेज, और लूप -टाइम, जैसा कि चित्र A.1.9. में दिखाया गया है। यह विधि मानकों की सटीक और सूक्ष्म ट्यूनिंग की अनुमति देती है, बिना फास्ट फीडबैक पावर सप्लाई को प्रभावित किए, जो अन्यथा अचानक परिवर्तन कर सकता है और प्लाज़्मा को बाधित कर सकता है।

परिचालन पहलुओं और सुधारों के अलावा, आदित्य-यू ने बड़े पैमाने पर फ्यूजन-ग्रेड डिवाइसों से जुड़े महत्वपूर्ण चुनौतियों पर केंद्रित एक श्रृंखला नवाचारी प्रयोग शुरू किए हैं। इन प्रयोगों में लोअर हाइब्रिड (LH) वेव्स का उपयोग करके नॉन-इंडक्टिव करंट ड्राइव, प्रोटोटाइप ITER हार्ड एक्स-रे मॉनिटर (HXRM) डायग्नोस्टिक का सत्यापन और कैलिब्रेशन अध्ययन, इंडक्टिवली ड्रिवन पेलेट इंजेक्टर के माध्यम से ठोस बोरॉन पाउडर इंजेक्शन, और एज टोरॉयडल रोटेशन पर अशुद्धि सीडिंग का प्रभाव शामिल हैं। इन अग्रणी प्रयोगों के परिणाम अत्यंत आशाजनक हैं और भविष्य के टोकामैक्स के संचालन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

<u>आदित्य-यू में PAM लॉन्चर का उपयोग करके LH (लोअर हाइब्रिड) करंट ड्राइव प्रयोग:</u> लोअर हाइब्रिड करंट ड्राइव (LHCD) आधुनिक टोकामैक्स में एक महत्वपूर्ण उच्च-शक्ति हीटिंग एवं करंट ड्राइव (H&CD) प्रणाली है, जो लंबी पल्स और स्थिर अवस्था संचालन का समर्थन करती है और प्लाज़्मा प्रदर्शन एवं स्थिरता को बढ़ाती है। आदित्य-यू में पैसिव एक्टिव मल्टी-जंक्शन (PAM) एंटीना की स्थापना के बाद, आदित्य-यू में प्रारंभिक LHCD प्रयोग किया गया है। प्रयोग शुरू करने से पहले, LH तरंगों का प्लाज़्मा के साथ बेहतर युग्मन प्राप्त करने के लिए आदित्य-यू में प्लाज़्मा करंट की दिशा को उलटा कर दिया गया था। उल्टी प्लाज़्मा करंट (I_P) दिशा में मानक ओमिक डिस्चार्ज स्थापित किए गए हैं। LH पल्स लॉन्च चरण के दौरान ऋणात्मक लूप वोल्टेज (इंडक्टिव वोल्टेज) को रोकने के लिए, OTPS सर्किट्स में विशेष व्यवस्थाएं और संशोधन किए गए हैं ताकि 70 ms की अवधि के बाद शून्य लूप वोल्टेज प्राप्त किया जा सके।



चित्र A.1.10: डिस्चार्ज #38781 के लिए (a) प्लाज़्मा करंट, (b) लूप वोल्टेज, (c) LH पावर (a.u), और (d) CdTe-HXR सिग्नल का टेम्पोरल इवोल्यूशन दिखाया गया है।

LHCD प्रयोग (शॉट #38781) के दौरान, लगभग 100 kW LH पावर 3.7 GHz पर डिस्चार्ज के लगभग 80 ms बाद लॉन्च किया गया, जिसकी पल्स अवधि लगभग 300 ms थी। इस शॉट के दौरान प्लाज़्मा करंट लगभग 320 ms तक बनाए रखा गया। इस शॉट में, लगभग 70 ms पर लूप वोल्टेज शून्य हो गया और प्लाज़्मा करंट पूरी तरह से LH तरंगों द्वारा बनाए रखा गया। 70 ms के बाद, लूप वोल्टेज को शून्य पर बनाए रखा गया, जो केवल पॉजिटिव कनवर्टर में ओमिक पावर

सप्लाई में करंट को नियंत्रित करके ($dI_{OH}(t)/dt \sim 0$) संभव हुआ। इस डिस्चार्ज में लगभग 40 kA का प्लाज़्मा करंट 320 ms तक बनाए रखा गया। यह आदित्य-यू टोकामॉक में LHCD की प्लाज़्मा करंट की अवधि बढ़ाने की क्षमता को दर्शाता है। चित्र 10 में हालिया आदित्य-यू LHCD डिस्चार्ज दिखाया गया है, जिसमें प्लाज़्मा करंट, LHCD पावर, लूप वोल्टेज और CdTe सिग्नल शामिल हैं।

आदित्य-यू पर यह प्रयोगात्मक परिणाम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि भारत में पहली बार, लगभग 40 kA का स्थिर प्लाज़्मा करंट पूरी तरह से लोअर हाइब्रिड तरंगों के माध्यम से, बिना किसी लूप वोल्टेज के, PAM लॉन्चर का उपयोग करके संचालित किया गया है।

इम्प्योरिटी सीडिंग का एज टोरोइडल घूर्णन पर प्रभाव:



चित्र A.1.11.(a) एज घनत्व के फलन के रूप में ($E_r \times B_\theta$) प्रवाह वेग और किनारे के टोरॉइडल घूर्णन वेग में परिवर्तन। एक डिस्चार्ज में V_ϕ और $E_r \times B_\theta$ प्रवाह वेग के एकसाथ मापन को क्रमशः लाल और नीले रंग के समान प्रतीकों द्वारा प्रदर्शित किया गया है। करेंट सीमा IP=142 –154 kA के लिए क्रमशः लाल और नीले रंगों में तथा I_P=154–160 kA के लिए क्रमशः ग्रे और सियान रंगों में प्रदर्शित किया गया है। विभिन्न प्रतीक विभिन्न डिस्चार्जों से प्राप्त आंकड़ों का प्रतिनिधित्व करते हैं। (b) H_2 प्लाज़्मा में किनारे के घनत्व के साथ आंतरिक घूर्णन (intrinsic rotation) का परिवर्तन (लाल: बिना अशुद्धि सीडिंग, काला: आर्गन सीडेड, नीला: निऑन सीडेड)।

अंतर्निहित टोरोइडल घूर्णन V_ϕ का अध्ययन *आदित्य-यू* टोकामॅक के किनारी क्षेत्र में विशेष रूप से किया गया है, क्योंकि यह सर्वविदित है कि अंतर्निहित टोरोइडल घूर्णन सबसे पहले किनारी क्षेत्र में उत्पन्न होता है और उसके बाद कोर (मूल) की ओर प्रसारित होता है। आदित्य-यू में, E_r x B_θ बहाव वेग को किनारी क्षेत्र में अंतर्निहित टोरोइडल घूर्णन को प्रेरित करने वाला पाया गया है। इस खंड में चर्चा किए गए सभी परिणाम निम्नलिखित प्लाज़्मा मापदंडों पर आधारित हैं: $B_T = 1.28$ T (*R = 75 cm* पर), रिज़र्वायर दाब = 2.2 बार, केन्द्रीय कॉर्ड-भारित इलेक्ट्रॉन घनत्व: $n_e \sim 1\text{-}3 \times 10^{19}$ m^{-3} , केन्द्रीय इलेक्ट्रॉन तापमान: $T_e \sim$ *500—1000 eV*, किनारी इलेक्ट्रॉन घनत्व: $n_e \sim 0.5\text{—}3 \times 10^{18}$ m^{-3}, जबकि प्लाज़्मा करंट (I_p) लगभग *~120—170 kA* के बीच परिवर्तित होती है। किनारी क्षेत्र में, रेडियल विद्युत क्षेत्र (E_r) की उपस्थिति से E_r x B_θ प्रवाह उत्पन्न होता है। यह E_r, टोरॉइडल घूर्णन वेग V_ϕ से निम्नलिखित प्रकार से संबंधित है:

$$E_r = V_\phi B_\theta - V_\theta B_\phi + (\Delta P / n_e Z) \qquad (1)$$

जैसा कि चित्र A.1.11a में दिखाया गया है, विभिन्न एज घनत्व पर शुद्ध हाइड्रोजन प्लाज़्मा में $E_r \times B_\theta$ ड्रिफ्ट वेग (रेक लैंग्म्युर प्रोब का उपयोग करके) और किनारे के टोरॉइडल घूर्णन V_ϕ (स्पेक्ट्रोस्कोपिक मापन का उपयोग करके) यह पता चलता है कि $E_r \times B_\theta$ प्रवाह आदित्य-यू टोकामॅक के किनारे क्षेत्र में आंतरिक टोरॉइडल घूर्णन उत्पन्न करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह दर्शाता है कि समीकरण 1 के दाहिनी ओर के दूसरे और तीसरे पदों का योगदान नगण्य है। V_ϕ में वृद्धि के साथ किनारे के घनत्व के बढ़ने पर इसकी डैम्पिंग का अनुभव किया गया है। इसके अलावा, जैसा कि चित्र A.1.11b में दिखाया गया है, हाइड्रोजन प्लाज़्मा में निऑन और आर्गन (मध्यम-Z अशुद्धि) सीडिंग के बाद किनारे का V_ϕ लगभग ~ 5-15 km/s तक बढ़ जाता है, जबकि किनारे का इलेक्ट्रॉन घनत्व घट जाता है, क्योंकि इलेक्ट्रॉन इन डाली गई अशुद्धियों को आयनीकृत करने में खत्म हो जाते हैं।

शुद्ध हाइड्रोजन डिस्चार्ज (बिना अशुद्धि सीडिंग) में, जिनका प्लाज़्मा करंट कम होता है ($I_P \sim$ 120—145 kA), किनारे का V_ϕ करंट की विपरीत दिशा में बना रहता है। यह काउंटर-करंट घूर्णन सह-करंट दिशा में बदल जाता है जब I_P 150 kA से अधिक हो जाता है। जैसा कि चित्र A.1.12a में दिखाया गया है, इन डिस्चार्जों में निऑन और आर्गन का इंजेक्शन किनारे के घूर्णन V_ϕ को सह-करंट दिशा में उसी प्लाज़्मा करंट के मान पर बढ़ा देता है। अशुद्धि सीडिंग किनारे के प्लाज़्मा को टोरॉइडल दिशा में बाहरी टॉर्क प्रदान करती प्रतीत होती है, जो किनारे के टोरॉइडल घूर्णन में इस वृद्धि के लिए जिम्मेदार है।



चित्र A.1.12. (a) H_2 प्लाज़्मा में आंतरिक टोरॉइडल घूर्णन वेग का I_p के साथ परिवर्तन (लाल: बिना अशुद्धि सीडिंग, काला: आर्गन सीडेड, नीला: निऑन सीडेड) (b) निऑन सीडिंग के बाद E_r ($\rho \sim 0.99$) में भारी परिवर्तन देखा गया

किनारे के V_ϕ में देखी गई वृद्धि के पीछे का भौतिक तंत्र चित्र A.1.12b में दिखाए गए अवलोकन से समझा जा सकता है। जैसा कि चित्र A.1.12b में दिखाया गया है, यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि किनारे के रेडियल इलेक्ट्रिक फ़ील्ड E_r में लगभग ~ *1-2 kV/m* की

महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जो E_r/B_θ प्रवाह को सह-करंट दिशा में *10-20 km/s* तक बढ़ाने में सक्षम है (चूंकि *आदित्य-यू* के किनारे क्षेत्र में $B_\theta \sim 0.1\ T$ है)।

प्रयोगात्मक प्रगति के साथ-साथ, आदित्य-यू प्रयोगों का सिमुलेशन और मॉडलिंग भी समानांतर रूप से किया गया है, ताकि उसके पीछे की भौतिकी की समझ को गहरा किया जा सके, जो संलयन रिएक्टरों के प्रदर्शन से संबंधित पूर्वानुमानों की सटीकता सुधारने के लिए महत्वपूर्ण है। आदित्य-यू में स्थानीय ऊर्ध्वाधर क्षेत्र (LVF) विक्षोभ के माध्यम से रनअवे इलेक्ट्रॉन्स (RE) को कम करने के लिये किये जा रहे प्रयोगात्मक प्रयासों के तहत, ADITYA टोकामॅक डिस्चार्जों में डी-कॉन्फाइनमेंट से संबंधित सिमुलेशन अध्ययन किए गए हैं।

<u>LVF समर्थित REs के डी-कॉन्फाइनमेंट का संख्यात्मक मॉडलिंग:</u> रनअवे इलेक्ट्रॉन्स सापेक्षिक कण (> MeV) होते हैं, जो टूट- फूट या तीव्र हीटिंग के दौरान उत्पन्न होते हैं और छोटे टोकामैक्स से लेकर ITER जैसे उपकरणों में प्लाज़्मा फेसिंग घटकों के लिए खतरा पैदा करते हैं। सक्रिय चुंबकीय तकनीकें, विशेष रूप से रेज़ोनेंट मैग्नेटिक पर्टर्बेशन (RMPs) और स्थानीय ऊर्ध्वाधर क्षेत्र (LVF) पर्टर्बेशन, एक पूरक मार्ग प्रदान करती हैं; RMPs ने बड़े उपकरणों में मिश्रित सफलता दिखाई है, जबकि LVF प्रयोग अब तक केवल VERSATOR-I और ADITYA तक सीमित हैं।



चित्र A.1.13: तीन अलग-अलग प्लाज़्मा समतुल्यता के लिए ऋणात्मक LVF विक्षोभ द्वारा 3 MeV REs के लॉस फ्रैक्शन का अध्ययन। दो अलग-अलग RLVF स्थितियों के साथ 4.3 kA करंट से LVF विक्षोभ उत्पन्न किया गया। अध्ययन किए गए शॉट्स: 7.5 ms शॉट 24976, 10 ms पर शॉट 24976 पर , और 123 ms पर शॉट 28459

ADITYA में, समानांतर हेल्महोल्ट्ज-जैसे कॉइलों की जोड़ी ने $R_0 = 0.75\ m$ पर 150–260 G का चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न किया। ब्रेकडाउन के दौरान LVF लागू करने से हार्ड-एक्स-रे उत्सर्जन में लगभग *~90%* की महत्वपूर्ण कमी आती है, जबकि थर्मल प्लाज़्मा प्रभावित नहीं होता, जिससे प्रारंभिक चरण में RE निष्कासन सिद्ध होता है। इन परिणामों की व्याख्या के लिए, PARTICLE फ्रेमवर्क से विकसित एक सापेक्षिक पूर्ण ऑर्बिट-फॉलोइंग कोड बनाया गया, जिसे PARTICLE-3D (P3D) नाम दिया गया। P3D सिमुलेशन दर्शाते हैं कि LVF टोरॉइडल सममिति को तोड़ता है, गाइडिंग-सेंटर ड्रिफ्ट कक्षाओं को बदलता है, और LVF के क्षेत्र दिशा पर निर्भर करते हुए RE परिसीमन क्षेत्र को सिकोड़ या फैला सकता है। सकारात्मक LVF इनबोर्ड साइड पर परिसीमन क्षेत्र को विस्तृत करता है, जबकि नकारात्मक LVF इसे संकीर्ण कर देता है, जिससे सीधे किनारे पर उत्पन्न REs ($\Psi_N > 0.7$) बाहर निकल जाते हैं। आवश्यक LVF पर्टर्बेशन की ताकत REs की ऊर्जा के साथ बढ़ती है।

चित्र A.1.13 में प्रस्तुत अधिक सिमुलेशन परिणाम, *RE* लॉस फ्रैक्शन अध्ययन को दर्शाते हैं, जिसमें प्लाज़्मा संचालन के विभिन्न चरणों में REs का 90% तक डी-कॉन्फाइनमेंट देखा गया। ये परिणाम ADITYA टोकामॅक के प्रयोगात्मक अवलोकनों के साथ सुसंगत हैं। अध्ययन यह भी दर्शाता है कि प्लाज़्मा एज पर सुरक्षा कारक (q) प्रोफ़ाइल और RE डी-कॉन्फाइनमेंट की प्रभावशीलता के बीच एक मजबूत सहसंबंध मौजूद है। प्लाज़्मा किनारे से उत्पन्न REs ($\Psi_N > 0.7$) के LVF विक्षोभ के साथ अधिक आसानी से खोने की सम्भावना थी, जो q-प्रोफ़ाइल और विक्षोभ की दिशा पर निर्भर करता है। ये परिणाम LVF विक्षोभ को RE प्रबंधन के लिए एक लचीला, कम-विक्षेपण वाला उपकरण के रूप में स्थापित करते हैं। उचित स्केलिंग के साथ, यह तकनीक मौजूदा शमन प्रणालियों के साथ मिलकर ITER और DEMO जैसे बड़े उपकरणों के लिए उपयोगी साबित हो सकती है।

<u>आदित्य-यू टोकामॅक के एज और स्क्रेप-ऑफ-लेयर (SOL) प्लाज़्मा में संवहन के प्रभाव की जांच के लिए UEDGE कोड का कार्यान्वियन:</u>



चित्र A.1.14: अंदरूनी संवहन वेग $v_{conv} = 1.5\ m/s$ और प्रसार गुणांक $0.2\ m^2/s$ के लिए इलेक्ट्रॉन घनत्व की सिमुलेटेड रेडियल प्रोफ़ाइल। खुले वृत्तों के साथ त्रुटि बार आदित्य-यू के सामान्य डिस्चार्ज के प्रयोगात्मक डेटा का प्रतिनिधित्व करते हैं।

आदित्य-यू के लिमिटर ज्यामिति का सांख्यिकीय मेश UEDGE कोड में इन-हाउस विकसित रूटीन के माध्यम से तैयार किया गया है। इसे

UEDGE कोड के साथ कपल किया गया और एज क्षेत्र में मापा गया इलेक्ट्रॉन घनत्व रेडियल प्रोफ़ाइल मॉडल किया गया। यह देखा गया कि एक स्थिर लम्बवत प्रसार गुणांक $D_{\perp} \sim 0.2\ m^{2}/s$ के साथ अंदरूनी संवहन वेग $v_{conv} \sim 1.5\ m/s$ की आवश्यकता होती है, ताकि आदित्य-यू के सामान्य डिस्चार्जों में मापी गई *ne* प्रोफ़ाइल के साथ मेल किया जा सके। $D_{\perp} \sim 0.2\ m^{2}/s$ का मान फ्लक्चुएशन-उत्पन्न प्रसारकता की तुलना में बहुत कम पाया गया है और यह अनुमानित निओक्लासिकल प्रसारकता और Bohm प्रसारकता के बीच स्थित है। चित्र A.1.14 में सिमुलेटेड रेडियल प्रोफ़ाइल (काली ठोस रेखा) के साथ -साथ रैक-लैंग्म्युर प्रोब से प्राप्त प्रयोगात्मक मापन भी दिखाए गए हैं।

<u>आदित्य-यू प्लाज़्मा में ऑक्सीजन आयन से उत्सर्जित लाइन अनुपात (line ratio) की स्पेक्ट्रोस्कोपिक मॉडलिंग के माध्यम से जांच:</u>

वर्तमान अध्ययन में, OV आयन की दो दृश्य स्पेक्ट्रल लाइनों (650.024 nm और 646.614 nm) के बीच तीव्रता अनुपात का अध्ययन किया गया है, जो $1s^2\ 2p\text{-}1s^2\ 3d$ संक्रमण के अनुरूप हैं। यह पाया गया कि 650.024 nm और 646.614 nm लाइनों का प्रयोगात्मक रूप से देखा गया लाइन अनुपात की व्याख्या पारंपरिक कोरोना मॉडल द्वारा नहीं की जा सकती। अंततः, FAC कोड के अंदर कॉलिज़नल-रेडिएटिव मॉडल का उपयोग किया गया ताकि प्रयोगात्मक रूप से देखा गया लाइन अनुपात (~2) का वर्णन किया जा सके। इसके अलावा, ADAS -208 से फ़ोटॉन-एमिसिविटी गुणांक (PEC) का मूल्यांकन करके इसे ADAS द्वारा भी पुष्टि की गई है। चित्र 15 में FAC कोड से सिमुलेटेड PEC अनुपात के साथ-साथ प्रयोगात्मक लाइन अनुपात दिखाया गया है। इसके अलावा, यह देखा गया कि लाइन अनुपात इलेक्ट्रॉन तापमान पर निर्भर नहीं करता है।



चित्र A.1.15: 650.024 nm और 646.614 nm लाइनों का सिमुलेटेड PEC अनुपात। काले वृत्त के साथ त्रुटि बार आदित्य-यू के सामान्य डिस्चार्ज के प्रयोगात्मक लाइन अनुपात का प्रतिनिधित्व करता है।

<u>लोअर हाइब्रिड करंट ड्राइव सिस्टम:</u> आदित्य-यू में PAM लॉन्चर के साथ प्रारंभिक LH प्रयोग दक्षिणावर्त दिशा में प्लाज़्मा धारा के साथ किए गए हैं और प्रयोगात्मक परिणाम उत्साहजनक रहे क्योंकि प्लाज़्मा धारा को ओमिक चरण से आगे बढ़ाया गया था। बाद के चरण में, उसी PAM लॉन्चर के साथ धारा चालन प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए OH प्रणाली (वामावर्त दिशा में प्लाज़्मा धारा) के विद्युत क्षेत्र को उलटते हुए LH प्रयोग किए गए। प्रारंभिक प्रयोगों ने उत्साहजनक परिणाम दिखाए हैं और इस दिशा में आगे के प्रयोग जारी हैं। निम्न संकर तरंगों (LHW) के अनुप्रयोग के साथ प्लाज़्मा धारा को 320 मिलीसेकंड तक बनाए रखा गया है। यह प्रयोग क्लाइस्ट्रॉन स्रोत के अंत में 300 मिलीसेकंड के लिए लगभग 100-120 किलोवाट की आरएफ बिजली उत्पादन के साथ किया गया था। एलएचसीडी के साथ हाल ही में आदित्य-यू शॉट नंबर 38781 को चित्र A.1.16 में दिखाया गया है, जो प्लाज़्मा करंट, लूप वोल्टेज और एलएचसीडी युग्मित शक्ति का परिणाम दिखाता है। आदित्य-यू में, लगभग 70-80 किलोवाट एलएचसीडी पावर को 3.7 गीगाहर्ट्ज पर लॉन्च किया गया था। जैसा कि चित्र A.1.16 में दिखाया गया है, एलएच पावर ~80 मिलीसेकंड पर लॉन्च किया गया था। इस शॉट में, लगभग 70 मिलीसेकंड पर, लूप वोल्टेज लगभग शून्य हो गया और प्लाज़्मा करंट पूरी तरह से एलएच तरंगों द्वारा बनाए रखा गया था। 70 मिलीसेकंड से आगे, केवल धनात्मक कनवर्टर में ओमिक विद्युत आपूर्ति ($dI_{OH}(t)/dt \sim 0$) में धारा को नियंत्रित करके लूप वोल्टेज को लगभग शून्य बनाए रखा गया। इस डिस्चार्ज में लगभग 40 kA का प्लाज़्मा धारा *320* मिलीसेकंड तक बनी रहती है।

प्रायोगिक गतिविधियों के साथ-साथ, एलएचसीडी की सहायक प्रणालियों का नियमित रखरखाव किया गया है । एलएचसीडी स्रोत, अर्थात् उच्च-शक्ति क्लाइस्ट्रॉन को उचित कार्य के लिए डमी लोड पर उच्च वोल्टेज और उच्च शक्ति आरएफ दोनों के लिए अनुकूलित किया गया। एक एनोड मॉड्यूलेटर नियंत्रण पैनल को विकसित किया गया है, उसका परीक्षण और एलएचसीडी एनोड मॉड्यूलेटर पावर सप्लाई (एएमपीएस) इकाई के साथ उसको एकीकृत किया गया है। एलएचसीडी प्रणाली के सुचारू और विश्वसनीय संचालन के लिए, एक उच्च वोल्टेज बिजली की आपूर्ति की आवश्यकता होती है। -70kV, 22A रेटेड परीक्षण बिजली आपूर्ति (TPS) के लिए रखरखाव कार्य किया गया है। बिजली की आपूर्ति को ठीक करने के बाद, ADITYA-U एलएचसीडी प्रायोगिक अभियान के लिए क्लाइस्ट्रॉन का संचालन किया गया। क्लाइस्ट्रॉन टैंक के तेल को छानते समय फिलामेंट करंट के लिए अंशांकन किया गया क्लाइस्ट्रॉन और एएमपीएस तेल टैंक की मरम्मत और रखरखाव के बाद, कम शक्ति उच्च वोल्टेज (एलपीएचवी) परीक्षक के साथ -65 केवी तक रेज़िस्टर बैंक, क्रोबार, एएमपीएस और व्यक्तिगत क्लाइस्ट्रॉन ट्यूब की उचित कार्यक्षमता की जांच करने के लिए स्टैंडअलोन कम शक्ति उच्च वोल्टेज परीक्षक के साथ परीक्षण किया गया।



चित्र A.1.16: डिस्चार्ज संख्या-38781 के लिए (a) प्लाज़्मा धारा, (b) लूप वोल्टेज और (c) LHCD युग्मित शक्ति का कालिक विकास दर्शाया गया है। एक धनात्मक कनवर्टर शॉट में, जहाँ लूप वोल्टेज 70 ms तक उपलब्ध था, प्लाज़्मा धारा 320 ms तक विस्तारित होती है। LHCD पल्स के बिना ऐसे धनात्मक कनवर्टर शॉट की अधिकतम अवधि ~ 150 ms तक होती है।



चित्र A.1.17: सर्कुलेटर कंपोनेंट्स के लिए हाई पावर टेस्ट सेट अप। हाई-पावर टेस्ट के लिए WR284 कपलर एक-दूसरे के पीछे जुड़े हुए हैं।

एक उच्च शक्ति 4-पोर्ट वाले सर्कुलेटर, 500 kW, 3.7 GHz, CW, का स्वदेश में ही डिज़ाइन और निर्माण किया जा रहा है। यह सर्कुलेटर 3-dB हाइब्रिड कपलर, फेराइट फेज़ शिफ्टर और मैजिक टी से बना है। कम शक्ति वाले आरएफ स्तर पर सर्कुलेटर का सफल परीक्षण पूरा हो चुका है। सर्कुलेटर के घटकों, WR284 कपलर को एक-दूसरे से जोड़ा गया और उच्च-शक्ति आरएफ के लिए उनका परीक्षण किया गया। इनपुट आरएफ पावर को कपलर के इनपुट पोर्ट में भेजा गया, जबकि असेंबली के शेष तीन (3) आउटपुट पोर्ट को वाटर लोड के साथ बंद कर दिया गया। उच्च-शक्ति परीक्षण सेटअप नीचे दिए गए चित्र-A.1.17 में दिखाया गया है।

परीक्षण के परिणाम चित्र A.1.3 में दर्शाए गए हैं। परीक्षण के दौरान, क्लाइस्ट्रॉन को लगभग 56 kV के बीम वोल्टेज और 12.3 A के बीम करंट पर संचालित किया गया। मापी गई अग्र शक्ति 140 kW थी और परावर्तित शक्ति 24 kW थी, जिसकी कुल अवधि 5 सेकंड थी। सर्कुलेटर की पूरी एसेंबली का परीक्षण 80 kW, 50 ms तक किया गया। शक्ति के स्तर (पॉवर लेवल)को बढ़ाने के लिए और सुधार किए जा रहे हैं।



चित्र A.1.18: बीम वोल्टेज, बीम करंट, आउटपुट पावर (एफपी, आरपी) जैसे ऑपरेटिंग क्लाइस्ट्रॉन मापदंडों की अस्थायी प्रोफ़ाइल क्रमशः शीर्ष पैनल से नीचे पैनल तक दिखाई गई है।

<u>अदित्य-यू पर ईसीआरएच हीटींग प्रयोग:</u> इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन रेज़नन्स हीटींग (ईसीआरएच) को टोकामक अदित्य-यू पर संचालित किया गया है। 42 गीगाहर्ट्ज़ ईसीआरएच प्रणाली का उपयोग हीटिंग प्रयोगों को संचालित करने के लिए किया गया है। टोकामक का परिचालन टोरॉइडल चुंबकीय क्षेत्र 0.9 टेस्ला है और दूसरा हार्मोनिक ईसीआर परत *आउटबोर्ड साइड* पर स्थित है, इस प्रकार यह अदित्य-यू प्लाज़्मा का द्वितीय हार्मोनिक (X-2) ऑफ-एक्सिस ईसीआर हीटींग प्रयोग है। जैसा कि चित्र 1 में दर्शाया गया है, प्लाज़्मा करंट के फ्लैट-टॉप पर लगभग 150 kW ईसीआरएच शक्ति प्रविष्ट की गई। ईसीआरएच शक्ति के साथ *सॉफ़्ट एक्स-रे* सिग्नल की वृद्धि, अदित्य-यू प्लाज़्मा के हीटींग प्रभाव को दर्शाती है। यह प्रयोग संलयन अनुसंधान को आगे बढ़ाने में सहायक है क्योंकि इससे हीटींग दक्षता में सुधार होता है और अदित्य- यू मशीन पर प्लाज़्मा प्रदर्शन बेहतर होता है। ईसीआरएच प्रयोगों को आगे भी जारी रखा जाएगा और प्लाज़्मा हीटींग पर ध्रुवण (polarization) के प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा, जिससे टोकामक में ईसीआरएच हेतु विस्तृत डेटाबेस तैयार किया जा सके।



चित्र A.1.19: अदित्य-यू शॉट ईसीआरएच शक्ति (kW) और अन्य मापदंड के साथ

प्रोटोटाइप *एसबीसी आधारित डीएक्यू प्रणाली:* प्रोटोटाइप सिंगल -बोर्ड कंप्यूटर (एसबीसी) आधारित डेटा एक्विज़िशन (डीएक्यू) प्रणाली का विकास एक कम्पैक्ट और कम लागत वाला समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। हार्डवेयर का चयन सामान्यतः प्रणाली की जटिलता और उसके नियंत्रण आवश्यकताओं पर निर्भर करता है। (चित्र A.1.20:)



चित्र A.1.20: एसबीसी आधारित डीएक्यू प्रणाली एवं उसका सत्यापन संयोजन

जायरोट्रॉन और उच्च-शक्ति माइक्रोवेव ट्यूब के लिए कॉम्पैक्ट इंटरलॉक सिस्टम का विकास: ईसीआरएच प्रणाली में एक उच्च -शक्ति माइक्रोवेव (जायरोट्रॉन) शामिल है, जो मेगावाट-स्तर के उच्च वोल्टेज डीसी (एचवीडीसी) पावर सप्लाई पर कार्य करता है। जायरोट्रॉन एक नाजुक उच्च-शक्ति माइक्रोवेव ट्यूब होते हैं जिन्हें समर्पित सुरक्षा प्रणाली की आवश्यकता होती है। एक कॉम्पैक्ट और किफायती इंटरलॉक सिस्टम (चित्र A.1.21) को डिज़ाइन और विकसित किया गया है, जो उच्च वोल्टेज और आरएफ पैरामीटर की तुलना कर स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकता है और जायरोट्रॉन के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करता है।प्रोटोटाइप इंटरलॉक सिस्टम सक्षम है चार एनालॉग संकेतों की निगरानी रखने में ताकि एचवी पैरामीटर सुरक्षित सीमा के भीतर रहें, आर्क डिटेक्शन के लिए तीन ऑप्टिकल चैनल और बाहरी डिजिटल संकेत। यह कॉम्पैक्ट इंटरलॉक सिस्टम क्रोबार प्रोटेक्शन सिस्टम या एचवीडीसी पावर सप्लाई के लिए ऑप्टिकली आइसोलेटेड ट्रिगर प्रदान करता है। यह 4 μs के भीतर गड़बड़ी का पता लगा सकता है और सुरक्षा ट्रिगर जारी कर सकता है, जिससे जायरोट्रॉन को आवश्यक 10 μs समय सीमा के भीतर सुरक्षित रूप से बंद किया जा सके।

प्रोटोटाइप DAC अनुप्रयोग के विकास का कार्य एक SBC का उपयोग करते हुए किया गया है, जिसमें डिजिटल एवं एनालॉग कंडिशनिंग इलेक्ट्रॉनिक्स को एक ही बोर्ड पैकेज में संयोजित किया गया है। यह लो-प्रोफाइल सिस्टम हार्डवेयर अंतर्निर्मित अधिग्रहण हार्डवेयर की सुविधा प्रदान करता है। SBC आधारित DAQ प्रणाली छोटे सिस्टमों की DAC आवश्यकताओं के लिए एक प्रभावी और बजट अनुकूल विकल्प सिद्ध होगी। विकसित प्रोटोटाइप SBC-DAQ प्रणाली में 28 डिजिटल और 16 एनालॉग चैनल शामिल हैं, तथा इसके प्रमाणीकरण सेटअप को चित्र A.1.20 में दर्शाया गया है।



चित्र A.1.21:कॉम्पैक्ट इंटरलॉक प्रणाली इकाई तथा सीआईएलके की प्रतिक्रिया समय विशेषताएँ (चैनल-1 इनपुट एवं चैनल-3 आउटपुट)।

आदित्य-यू थॉमसन प्रणाली के लिए उच्च-शक्ति लेज़र ट्रांसपोर्ट लाइन: आदित्य-यू टोकामॅक के लिए एक मल्टी-पाइंट थॉमसन स्कैटरिंग (TS) डायग्नोस्टिक प्रणाली विकसित की जा रही है। यह प्रणाली एसएसटी-1 टीएस प्रणाली के समान लेज़र स्रोत का उपयोग करती है। इस उद्देश्य के लिए लगभग 65 मीटर लंबी लेज़र ट्रांसपोर्ट लाइन की संकल्पना की गई है।



चित्र A.1.22: लेज़र ट्रांसपोर्ट लाइन का योजनाबद्ध रूप।

असामान्य/आकस्मिक परिस्थितियों की समझ भी विकसित करेंगे ताकि संलयन रिएक्टर से आने वाली ऊष्मा के वास्तविक ऊष्मा निष्कर्षण का अनुकरण किया जा सके। चित्र A.2.21a HHFTF प्रणाली से आपस में जोडने वाली पाइपिंग प्रणाली के समापन को दर्शाता है और चित्र A.2.21b EHCL की ओर से आपस में जोडने वाली पाइपिंग प्रणाली को दर्शाता है।

पेबल बेड्स की प्रभावी तापीय चालकता का मापन: गोलाकार और दीर्घवृत्ताकार आकार के पेबल्स में पैकिंग और ऊष्मा स्थानांतरण का अध्ययन करने के लिए सिमुलेशन: गोलाकार और दीर्घवृत्ताकार आकार के लिथियम टाइटेनेट पेबल्स के विभिन्न आकार बदलाव की पैकिंग विशेषताओं का अध्ययन असतत तत्व विधि का उपयोग करके किया गया है और उनकी प्रभावी तापीय चालकता को परिमित तत्व सिमुलेशन का उपयोग करके प्राप्त कीया गया। पेबल्स फ़नल के शीर्ष पर उत्पन्न होते हैं और उन्हें गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में तीन विभिन्न स्थितियों में (चित्र A.2.22) गिरने दिया जाता है: (i) 0 हर्ट्ज, (ii) एक्स-दिशा में 20 हर्ट्ज कंपन, (iii) जेड-दिशा (गुरुत्वाकर्षण की दिशा) में 20 हर्ट्ज कंपन। पेबल्स को तब तक बैठने दिया गया जब तक कि बेड की कुल गतिज ऊर्जा 10^{-10} जूल से नीचे नहीं पहुंच गई । असतत तत्व विधि (चित्र 14) द्वारा उत्पन्न पेबल बेड्स के लिए स्थिर-अवस्था तापीय सिमुलेशन नियोजित किए गए और परिणामों का समान प्रकार के पेबल बेड्स पर किए गए प्रयोगों के साथ मानकीकरण किया गया।



चित्र A.2.22 :पेबल बेड्स की प्रभावी तापीय चालकता माप के लिए प्रायोगिक सेटअप

गोलाकार और दीर्घवृत्ताकार आकार के पेबल्स में पैकिंग और ऊष्मा स्थानांतरण का अध्ययन करने के लिए सिमुलेशन:

गोलाकार और दीर्घवृत्ताकार आकार के लिथियम टाइटेनेट पेबल्स के विभिन्न आकार बदलाव की पैकिंग विशेषताओं का अध्ययन असतत तत्व विधि का उपयोग करके किया गया है और उनकी प्रभावी तापीय चालकता को परिमित तत्व सिमुलेशन का उपयोग करके प्राप्त कीया गया। पेबल्स फ़नल के शीर्ष पर उत्पन्न होते हैं और उन्हें गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में तीन विभिन्न स्थितियों में (चित्र 13) गिरने दिया जाता है: (i) 0 हर्ट्ज, (ii) एक्स-दिशा में 20 हर्ट्ज कंपन, (iii) जेड-दिशा (गुरुत्वाकर्षण की दिशा) में 20 हर्ट्ज कंपन।



चित्र A.2.23: पेबल बेड्स के तापीय सिमुलेशन के लिए डीईएम सिमुलेशन और सीमा स्थिति



चित्र A.2.24 दीर्घवृत्ताकार आकार के पेबल बेड्स का जालीदार मॉडल और तापमान रूपरेखा

पेबल्स को तब तक बैठने दिया गया जब तक कि बेड की कुल गतिज ऊर्जा 10^{-10} जूल से नीचे नहीं पहुंच गई । असतत तत्व विधि (चित्र A.2.24) द्वारा उत्पन्न पेबल बेड्स के लिए स्थिर-अवस्था तापीय सिमुलेशन नियोजित किए गए और परिणामों का समान प्रकार के पेबल बेड्स पर किए गए प्रयोगों के साथ मानकीकरण किया गया।

Li_2TiO_3 और IN-RAFM स्टील के बीच रासायनिक अनुकूलता के प्रयोग: फ्यूजन ब्लैंकेट में दो प्रमुख सामग्रियां शामिल हैं: ट्रिटियम ब्रीडिंग सामग्री के रूप में लिथियम टाइटेनेट (Li_2TiO_3) और संरचनात्मक सामग्री के रूप में इंडियन रिड्यूस्ड एक्टिवेशन फेरिटिक मार्टेंसिटिक (IN RAFM) स्टील। ब्लैंकेट संचालन के दौरान, Li_2TiO_3 पेबल्स सीधे IN RAFM स्टील के सीधे संपर्क में रहते हैं और ऊंचे तापमान पर, लिथियम टाइटेनेट और स्टील के तत्वों के बीच परस्पर क्रिया से विभिन्न अभिक्रियात्मक उत्पादों का निर्माण हो सकता है। समय के साथ, इन अंतःक्रियाओं के परिणामस्वरूप जटिल ऑक्साइड परतों का विकास हो सकता है। इन ऑक्साइड परतों की प्रकृति, संरचना, और वृद्धि गतिज्ञान (growth kinetics) को समझना जीवन चक्र मूल्यांकन (life-cycle assessment) और विश्वसनीय ब्लैंकेट डिजाइन के लिए अत्यंत आवश्यक है। Li_2TiO_3 और IN RAFM स्टील के बीच रासायनिक अनुकूलता की जांच के लिए एक प्रायोगिक सेटअप (चित्र A.2.25) विकसित किया गया है। उच्च तापमान पर पारस्परिक क्रिया के अध्ययन 550°C पर नियंत्रित हीलियम (0.1% हाइड्रोजन युक्त हीलियम) के वातावरण में किए जाते हैं।

चित्र A.2.25: फ्यूजन ब्लैंकेट डिवीजन, आईपीआर में स्थापित रासायनिक संगतता प्रयोगात्मक सेटअप

50 घंटे तक उजागर नमूनों पर, प्रारंभिक अवलोकन और सूक्ष्म संरचनात्मक विश्लेषण किए गए हैं (चित्र A.2.26), जिसमें SEM और EDX शामिल हैं।



चित्र A.2.26: प्रयोग के 50 घंटे बाद ऑक्साइड परत की SEM-EDS छवि

<u>*IN-RAFM/SS316LN स्टील के असमान वेल्डिंग का विकास:*</u> IN -RAFM और SS316LN सामग्रियों के बीच उच्च-गुणवत्ता वाला वेल्ड प्राप्त करने के लिए, घरेलू टंगस्टन इनर्ट गैस (TIG) वेल्डिंग विधि का उपयोग करके असमान वेल्डिंग का विकास किया गया। वेल्डिंग प्रक्रिया में वेल्डेबिलिटी और यांत्रिक प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए विभिन्न इंटरलेयर बटरिंग सामग्रियों और फिलर वायर, जैसे S316L और INCONEL-82, द्वारा एक असमान वेल्ड कूपन का निर्माण शामिल था (चित्र A.2.27)। बटरिंग परतों के साथ और बिना बटरिंग परतों के, और उसके बाद के पोस्ट-वेल्ड हीट ट्रीटमेंट (PWHT) के प्रभाव का अध्ययन किया गया।

चित्र A.2.27: INCONEL-82 फिलर तार का उपयोग करके IN-RAFMS – SS 316LN के असमान वेल्ड जोड़

A2.4 लार्ज वॉल्यूम क्रायोप्लांट प्रौद्योगिकियां

<u>*आईपीआर हीलियम रेफ्रिजरेटर-सह-लिक्विफायर (एचआरएल) संयंत्र की पुनर्स्थापना गतिविधि:*</u> आईपीआर में विकसित एचआरएल संयंत्र को विघटित कर दिया गया है और उसके घटकों को आईपीआर स्थित नई अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला में नए आवंटित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है। नई प्रयोगशाला में उपलब्ध स्थान के अनुसार समग्र प्रणाली और उप-प्रणाली के लेआउट में संशोधन किया गया है। पुनर्स्थापना और कमीशनिंग के लिए कई नई वस्तुएँ खरीदी गई हैं। पाइप लेआउट कार्य, कंप्रेसर कक्ष में प्लेटफ़ॉर्म का निर्माण, तेल निष्कासन प्रणाली आदि का कार्य प्रगति पर है।

<u>*एसएसटी-1 में संभावित उपयोग के लिए एचआरएल संयंत्र के प्रदर्शन और विश्वसनीयता में सुधार:*</u> मार्च-2023 में स्वदेशी एचआरएल संयंत्र का परीक्षण संचालन और घटक, उप-प्रणाली, प्रणाली और संयंत्र जैसे विभिन्न स्तरों पर विभिन्न पिछले परीक्षण संयंत्र के प्रदर्शन में सुधार के उद्देश्य से किए गए हैं। कंप्रेसर प्रणाली में, कंप्रेसर प्रणाली के दीर्घकालिक संचालन (कुछ सप्ताह) के लिए तेल सामग्री < 2 पीपीबी (भाग प्रति बिलियन) रखने के लिए द्वितीयक तेल निष्कासन प्रणाली में सुधार की योजना बनाई गई है। संयंत्र चक्र में अधिक संख्या में कमरे के तापमान और कम तापमान नियंत्रण वाल्व प्रवाह दर और दबाव के नियंत्रण में सुधार कर सकते हैं, और इससे संयंत्र की उच्च दक्षता हो सकती है। संयंत्र चक्र के महत्वपूर्ण (strategic) बिंदुओं पर ऑनलाइन और निरंतर अशुद्धियों के मापन हेतु गैस क्रोमैटोग्राफ के लिए बेहतर परिचालन सॉफ्टवेयर संयंत्र की विश्वसनीयता में सुधार लाएगा। संयंत्र की दक्षता बढ़ाने के लिए कोल्ड बॉक्स में अधिक संख्या में हीट एक्सचेंजर्स और उच्च फिन घनत्व (780 फिन/मीटर) शामिल किए

जा सकते हैं। इनमें से कुछ खरीदे जा चुके हैं और कुछ पर काम चल रहा है।

संयंत्र को पूर्णतः स्वदेशी बनाने हेतु विकास गतिविधियाँ: आईपीआर में विकसित एचआरएल संयंत्र में लगभग 90% स्वदेशी सामग्री है। टर्बाइन और क्रायोजेनिक वाल्व को छोड़कर, अन्य सभी महत्वपूर्ण वस्तुएँ स्वदेशी रूप से बनाई गई हैं और इनकी विश्वसनीयता और दक्षता में और सुधार किया जा रहा है। आईपीआर में टर्बाइन, क्रायोजेनिक वाल्व और 80 K से कम तापमान सेंसर का भी विकास किया जा रहा है। हाल ही में, हीलियम टरबाइन के लिए ±20 माइक्रो की सहनशीलता के साथ, निम्न तापमान उप-संयोजन (LTS) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है, जिसमें जटिल ताप रिसाव न्यूनीकरण तंत्र वाले नोज़ल लगे हैं। इसकी नाममात्र घूर्णन गति 1.6 लाख RPM (प्रति मिनट घूर्णन) है, इस टरबाइन की शीतलन शक्ति ~1 kW है, और नाममात्र परिचालन तापमान सीमा 15 से 10 K है। चित्र-1 सीएफडी विश्लेषण के अनुसार नोज़ल के चारों ओर वेग क्षेत्र परिवर्तन को दर्शाता है और चित्र-2 सी वी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर के एआईसी द्वारा निर्मित नोज़ल को दर्शाता है।



चित्र-A.2.28 हीलियम टरबाइन के नोज़ल के चारों ओर वेग क्षेत्र



चित्र A.2.29 हीलियम टरबाइन का निर्मित एलटीएस

क्रायोजेनिक वाल्व का विकास भारत के उद्योग और अनुसंधान एवं विकास संगठनों द्वारा किया जा रहा है। 4.5 K के लिए, कम ताप रिसाव और बेलो-सीलिंग के साथ हीलियम रिसाव की जकड़न आवश्यक है। इन दिशाओं में सुधार एक भारतीय वाल्व आपूर्तिकर्ता के माध्यम से किए गए हैं। चित्र A.2.30a, तापीय अवरोधन और कम अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल वाले निर्मित लंबे स्टेम वाल्व को दर्शाता है जो ताप रिसाव को कम करता है। जैसा कि चित्र-A.2.30b में दिखाया गया है, हाल ही में IPR में सिलिकॉन डायोड और सेर्नॉक्स दोनों प्रकार के तापमान सेंसर विकसित किए गए हैं। तापमान सेंसर का अंशांकन 2.8 K तक और सटीकता ±10 mK तक की जा सकती है और चित्र-A.2.30c में इसको दिखाया गया है।



चित्र A.2.30: a) स्वदेशी निर्मित क्रायोजेनिक लंबे स्टेम वाले नियंत्रण वाल्व b) स्वदेशी सिलिकॉन डायोड तापमान सेंसर और c) स्वदेशी ज़िरकोनियम नाइट्राइड (सेरनॉक्स) तापमान सेंसर

65 K दाबयुक्त हीलियम परिसंचरण प्रणाली का विकास: 80 K दाबयुक्त हीलियम परिसंचरण प्रणाली के सफल विकास के आधार पर, IPR में एक नई 65 K दाबयुक्त हीलियम परिसंचरण प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली में, नाइट्रोजन के क्वथनांक और क्वथनांक को कम करने के लिए, एक निर्वात पंप के साथ LN2 पूर्वशीतलन ऊष्मा विनिमायक का उपयोग किया जाएगा। इसकी योजना ~10 ग्राम/सेकंड की कम हीलियम प्रवाह दर और ~14 बार के प्रचालन दाब के लिए बनाई गई है। यह शीतलन अवधारणा HTS (उच्च तापमान अतिचालक) चुंबक शीतलन और क्रायोसॉर्प्शन पंप शीतलन के लिए उपयोगी हो सकती है। इस प्रणाली के लिए घटक लेआउट का डिज़ाइन और विश्लेषण पूरा हो चुका है।

A2.5 रिमोट हैंडलिंग एवं रोबोटिक प्रौद्योगिकियाँ

ड्युअल आर्म मैनिपुलेटर (DAM): एक 12-DOF DAM प्रणाली का विकास किया गया है तथा इसे सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया

गया है, जैसा कि आकृति A.2.31 में दर्शाया गया है। यह प्रणाली घटकों को उठाने, स्थानांतरित करने, घुमाने तथा मामूली असेंबली या डिसअसेंबली जैसे कार्यों को प्रभावी रूप से करने में सक्षम है। डीएएम (DAM) की प्रत्येक भुजा में छह स्वतंत्रता डिग्रियाँ (Degrees of Freedom) हैं तथा यह लगभग 5 किलोग्राम भार-वहन क्षमता और लगभग 1 मीटर तक की पहुँच रखती है। डीएएम ऐक्चुएटर प्रणाली में मॉड्यूलर घूर्णन जोड़ (modular rotary joints) सम्मिलित हैं, जिनमें एकीकृत ब्रशलेस डायरेक्ट करंट (BLDC) मोटर, गियरबॉक्स, इन्क्रिमेंटल एवं एब्सोल्यूट एनकोडर, होल्डिंग ब्रेक तथा मोटर ड्राइव शामिल हैं। प्रणाली में "हेड" एवं "हैंड" कैमरे भी एकीकृत किए गए हैं। डीएएम प्रणाली का प्रदर्शन, एकीकृत प्रणाली की कार्यक्षमता हेतु, टूल सेंटर पॉइंट (TCP) संरेखण को 5 मिमी घन (cube) के भीतर प्राप्त करके किया गया। साथ ही, 50 किलोग्राम भार-वहन क्षमता वाला एक केंद्रीय विंच विकसित किया गया है। विंच प्रणाली का डीएएम के साथ एकीकरण वर्तमान में नियोजित है।

चित्र A. 2.31: द्वि-भुजा संचालक

<u>हैप्टिक फोर्स फीडबैक आर्म:</u> गतिशील रिमोट हैंडलिंग (RH) कार्यों को सुरक्षित रूप से निष्पादित करने हेतु सामान्यतः 'मैन-इन-लूप' संरचना अपनाई जाती है। इस उद्देश्य के लिए 6 DOF युक्त एक हैप्टिक मास्टर आर्म का विकास किया गया है, बल प्रत्युत्तर (force feedback) सहित 6-डीओएफ़ हैप्टिक मास्टर आर्म का विकास किया गया है तथा इसे सफलतापूर्वक परीक्षणित किया गया है। वर्चुअल रियलिटी एकीकरण के साथ टेली-मैनिपुलेशन प्रयोगों की योजना बनाई जा रही है।

<u>हाइपर-रिडंडेंट निरीक्षण प्रणाली (Hy-RIS):</u> HyRIS एक टेंडन संचालित (tendon-driven) लांग-रीच आर्म है, जिसमें हाथी की सूंड जैसी लचक एवं कौशलता (dexterity) है। इसे संकीर्ण स्थानों तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों (challenging environments) में कार्य करने हेतु विकसित किया गया है। रेखीय स्थानांतरण (linear translation) के साथ 18-अक्षीय HyRIS प्रणाली विकसित की गई है, जिसका निरूपण चित्र A.2.32 में किया गया है। इस प्रणाली के लिए 18 अभिक्रमकों (actuators) की समकालिक गति हेतु नियंत्रण प्रणाली का एकीकरण एवं परीक्षण (integration and testing) पूर्ण कर लिया गया है। प्रारंभिक परीक्षणों में समन्वित गति सफलतापूर्वक प्राप्त की गई है। वर्तमान में यह प्रणाली विभिन्न गति परिदृश्यों के लिए प्रोग्रामित एवं परीक्षणाधीन है।



चित्र A.2.32 : HyRIS प्रणाली

<u>प्रोटोटाइप ग्रेविटी क्षतिपूर्ति (GC) प्रणाली:</u> एक ग्रेविटी क्षतिपूर्ति रोबोटिक जोड़ का विकास किया गया है, जिसे आकृति A.1.34. में प्रदर्शित किया गया है। गुरुत्वाकर्षण क्षतिपूर्ति को प्रणाली में एकीकृत करने से रोबोटिक आर्म अपने स्थान को बनाए रख सकता है अथवा अत्यधिक सटीक गति क्रियाएं कम बल प्रयोग के साथ निष्पादित कर सकता है, जिससे एक्टुएटर पर तनाव कम होता है। हैप्टिक अनुप्रयोगों में, ग्रेविटी क्षतिपूर्ति बेहतर सटीकता तथा बल प्रत्यावेदन (force rendering) प्रदान करने में सहायक होती है, विशेषतः मास्टर-स्लेव टेली-मैनिपुलेशन प्रणालियों में।



चित्र A.2.33: गुरुत्वाकर्षण-संतुलित जोड़

<u>*वैक्यूम ऑटोमेशन प्रणाली:*</u> टेंडन संचालित वैक्यूम ऑटोमेशन प्रणाली को वैक्यूम पात्र के अंदर सैंपल टाइल के घूर्णन (sample tile rotation) हेतु विकसित किया गया है (जैसा कि चित्र A.2.33 में दर्शाया गया है) और (1e-7 mbar दाब पर) वैक्यूम स्थितियों में सफलतापूर्वक परीक्षणित की गई है। इस प्रक्रिया में टाइल को लगभग 200 मि.मी. तक पीछे खींचा जाता है तथा इसके बाद उसे 180 डिग्री घुमाया जाता है, जिससे टाइल का स्पष्ट दृश्य नैदानिक/ विश्लेषणात्मक उद्देश्यों के लिए प्राप्त किया जा सके। इस प्रणाली के प्रमुख अवयवों में अभिक्रमण प्रणाली, वैक्यूम फीड-थ्रू, वैक्यूम चैम्बर, सपोर्ट स्ट्रक्चर, वैक्यूम पंप एवं गेज शामिल हैं। अभिक्रमण प्रणाली में तीन रेखीय अभिक्रमक (linear actuators) सम्मिलित हैं, जिन्हें स्वतंत्र रूप से तीन डी.सी. सर्वो मोटरों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। प्रत्येक रेखीय अभिक्रमक में बॉल स्क्रू एवं नट, रेखीय गमन LM रेल एवं ब्लॉक तथा अंत पेरिफेरल्स (end peripherals) सम्मिलित हैं। वर्तमान में इस प्रणाली का वर्चुअल रियलिटी, VR एकीकरण कार्य प्रगति पर है।



चित्र A.2.34: वैक्यूम स्वचालन प्रणाली

A2.6 निगेटिव आयन न्यूट्रल बीम प्रौद्योगिकियाँ

<u>निगेटिव आयन बीम प्रायोगिक सेटअप:</u> दो निगेटिव आयन स्रोत संचालन में हैं: (1) ट्विन, और (2) रॉबिन। ट्विन स्रोत में 180 kW, 1 MHz RF जनरेटर द्वारा संचालित दो RF ड्राइवर हैं। 75 kW RF पावर का कपलिंग प्राप्त किया गया है ताकि 0.9 Pa प्रेशर पर हाइड्रोजन प्लाज़्मा उत्पन्न किया जा सके, जिसका पावर फैक्टर 0.8 से अधिक है। चित्र A.2.35 में ट्विन स्रोत का सेटअप, प्लाज़्मा गठन, तथा सामान्य डिस्चार्ज वेवफ़ॉर्म की विशेषताएँ दर्शाई गई हैं। हाइड्रोजन प्लाज़्मा का घनत्व लगभग 10^{17} m^{-3} के स्तर तक प्राप्त किया गया है। ट्विन स्रोत को 0.3 Pa के निम्न प्रेशर पर भी सफलतापूर्वक ऑपरेट किया गया है। संचालन के दौरान, इम्पीडेंस मैचिंग सर्किट में वेरिएबल कैपेसिटर्स का सटीक ट्यूनिंग आवश्यक होता है ताकि प्लाज़्मा के साथ RF पावर का कपलिंग अधिकतम किया जा सके। इम्पीडेंस मैचिंग को रिमोटली एडजस्ट करने के लिए ट्विन DACS का उपयोग करते हुए कई स्टेपर मोटर्स को कंट्रोल करने हेतु ग्राफ़िकल यूज़र इंटरफ़ेस (GUI) आधारित कंट्रोल प्रोग्राम विकसित किया गया है। 75 kW से अधिक पावर पर कॉइल ब्रेकडाउन देखा गया, जिसके कारण RF कॉइल्स के पार वोल्टेज मापने की आवश्यकता महसूस हुई। रोगोव्स्की कॉइल और हाई-वोल्टेज प्रोब्स का उपयोग करके किए गए मापों से यह पुष्टि हुई कि वोल्टेज वैल्यू लगभग 19 से 21 kV (पीक-टू-पीक) के बीच हैं, जो कॉइल ब्रेकडाउन के लिए ज़िम्मेदार हैं।



चित्र A.2.36. (a) ERID हाई-वोल्टेज फीडथ्रू का फ़ोटोग्राफ़ और ERID सेटअप का योजनाबद्ध रूप। (b) रॉबिन के न्यूट्रल बीम प्रयोगों के दौरान -13 kV, 2A DC पावर सप्लाई का वोल्टेज और करेंट प्रोफ़ाइल।

रॉबिन सेटअप को नए इलैक्ट्रोस्टैटिक रेसिड्यूअल आयन डंप (ERID) हाई-वोल्टेज फीडथ्रूज़ (>20 kV) और नई HV पावर सप्लाई (13 kV, 2A) के साथ अपग्रेड किया गया है ताकि उच्च ऊर्जा (>35 keV) न्यूट्रल बीम ऑपरेशन्स को संभव बनाया जा सके। न्यूट्रल बीम सिस्टम के समग्र प्रदर्शन और विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए, HV पावर सप्लाई को रॉबिन DACS के साथ इंटीग्रेट किया गया है, जिससे ऑटोमेटेड, रिमोट और सुरक्षित संचालन संभव हो सके। वर्तमान में ERID हाई-वोल्टेज फीडथ्रूज़ (कुल 4 इकाइयाँ) को डिजाइन, निर्माण, असेम्बल, परीक्षण और रॉबिन में लागू किया गया है। चित्र A.2.36 में एक HV फीडथ्रू का फ़ोटोग्राफ़, ERID प्लेट्स के साथ उसका इंटीग्रेशन स्कीम, और इंटीग्रेटेड HV पावर सप्लाई का एक सामान्य वेवफ़ॉर्म दर्शाया गया है। नए डिजाइन से रॉबिन में ERID

चित्र A.2.35: (a) TWIN सोर्स टेस्ट बेड (b) TWIN सोर्स प्लाज़्मा; (c) टिपिकल हाई RF पावर कपलिंग प्लाज़्मा शॉट्स।

प्लेट्स के बीच गैप को (इन सीटू) बदला जा सकता है। न्यूट्रल बीम प्रयोगों को स्रोत में बिना किसी नये सीज़ियम इंजेक्शन और न्यूट्रलाइज़र में बिना अतिरिक्त गैस इंजेक्शन के पुनः प्रारंभ किया गया। इन प्रयोगों के दौरान रॉबिन में लगभग 450 mA (>25 keV पर) न्यूट्रल समकक्ष करेंट प्राप्त हुआ, जो 690 mA त्वरित निगेटिव हाइड्रोजन करेंट से उत्पन्न हुआ, जिससे 65% न्यूट्रलाइज़ेशन दक्षता प्राप्त हुई।

<u>स्वदेशी निर्माण और तकनीकी विकास:</u>



चित्र A.2.37(a): मशीन किए गए कॉपर के हिस्सों में कैपेसिटर के शीर्ष और निचले इलेक्ट्रोड्स के लिए वृत्ताकार फिन्स हैं, (b): आंशिक रूप से Cu-सिरेमिक ब्रेज़्ड असेम्बली।

इलेक्ट्रो-डिपोज़िटेड ईटर DNB-प्रकार ग्रिड को आरआरकैट में सफलतापूर्वक निर्मित किया गया है, जो आईपीआर और आरआरकैट के बीच सहयोगात्मक समझौते के तहत किया गया। यह अपने प्रकार का पहला स्वदेशी विकास है, जिसका उद्देश्य विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता को कम करना है। यह कदम समग्र प्रक्रिया ज्ञान हासिल करने और भविष्य में ईटर और घरेलू फ्यूजन अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक घटकों की तैयारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। NFTDC, हैदराबाद में ओपन कूलिंग चैनल्स की प्रारंभिक मशीनिंग की गई। इसके बाद रासायनिक सफाई, वैक्सिंग और इलेक्ट्रोलाइट बाथ की तैयारी की गई। इलेक्ट्रो-डिपोज़िशन, 3 मिमी मोटाई तक, आरआरकैट में किया गया। अंतिम अपेर्चर मशीनिंग NFTDC में पूरी की गई।

उच्च वोल्टेज RF अनुप्रयोगों के लिए फिक्स्ड वैक्यूम कैपेसिटर्स के एक अन्य स्वदेशी आयात-प्रतिस्थापन विकास में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। सिरेमिक को कॉपर के हिस्सों से जोड़ने के लिए कॉपर-सिल्वर ब्रेज़िंग मिश्रधातु का उपयोग करके वैक्यूम ब्रेज़िंग की प्रक्रिया पर अध्ययन किया जा रहा है (चित्र A.2.37)।

चित्र: A.2.38: (a) 180 kW, 1 MHz RF जनरेटर तथा 50 Ω RF डमी लोड का उपयोग करते हुए RF ट्रांसफ़ॉर्मर का प्रायोगिक परीक्षण विन्यास। (b) ट्रांसफ़ॉर्मर के 150 kW पर परीक्षण के दौरान वोल्टेज और करंट के वेवफ़ॉर्म। ट्रांसफ़ॉर्मर इनपुट वोल्टेज (गुलाबी: स्कोप पर 1V = वास्तविक 1V), आउटपुट वोल्टेज पीला: स्कोप पर 1V = वास्तविक 1V) तथा आउटपुट करंट (नीला: स्कोप पर 1A = वास्तविक 0.5A)। (c) IPR के UHVPS सुविधा में ट्रांसफ़ॉर्मर के प्राइमरी तथा सेकेंडरी के बीच 150 kV पर हाई-वोल्टेज पृथक्करण (आइसोलेशन) परीक्षण।



चित्र: A.2.39: COMSOL डेटा दर्शाता है—(a) मॉडलिंग हेतु उपयोग किए गए ROBIN आयन स्रोत का 3D क्रॉस-सेक्शनल दृश्य, (b) प्लाज़्मा घनत्व प्रोफ़ाइल, तथा (c) 0.3 Pa दाब और 50 kW RF शक्ति पर प्लाज़्मा तापमान प्रोफ़ाइल।



(a)	(b)	(c)

ट्विन स्रोत के ग्रिड सिस्टम और उसका सपोर्टिंग HV इंसुलेटेड ग्रिड होल्डर बॉक्स और फ्लेंज निगेटिव आयन बीम ऑपरेशन चरण के लिए निर्मित होकर प्राप्त कर लिया गया है। निर्माण प्रक्रिया ने ISO 2768 mK मानकों के अनुसार आवश्यक आयामी सहिष्णुता को पूरा किया। फ्लैटनस और पैरालिज़्म को भी निर्दिष्ट सीमा 500 माइक्रोन के भीतर बनाए रखा गया। उच्च-वैक्यूम अनुप्रयोग के कारण सतह की खुरदरापन को सावधानीपूर्वक नियंत्रित किया गया, और अंतिम रफनेस (Ra मान) 0.6 माइक्रोन प्राप्त किया गया।

150 kW, 1 MHz, और 150 kV DC आइसोलेशन रेटिंग वाला उच्च-पावर RF इम्पीडेंस ट्रांसफॉर्मर सफलतापूर्वक विकसित किया गया है, जिसे उच्च-पावर ट्विन स्रोत प्रयोग के दौरान उपयोग किया जाएगा। यह DPR के प्रस्ताव और "DAE 100-दिन लक्ष्य" का एक हिस्सा था। ट्रांसफॉर्मर को टोरोइडल फेराइट कोर, RF-संगत केबल्स और सपोर्ट्स का उपयोग करके विकसित किया गया है (चित्र A.2.38)।

सिमुलेशन/मॉडलिंग गतिविधियाँ: COMSOL मल्टीफिजिक्स सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके फाइनाइट-एलिमेंट बेस्ड सिमुलेशन शुरू किया गया है, ताकि रॉबिन आयन स्रोत प्लाज़्मा चेंबर में विभिन्न प्रेशर, RF पावर और मैग्नेटिक फ़ील्ड कॉन्फ़िगरेशन के तहत प्लाज़्मा डायनेमिक्स का अध्ययन किया जा सके (चित्र A.2.39)।

रॉबिन स्रोत से निकलने वाले आयन बीम को प्रायोगिक रूप से विश्लेषित किया गया। इसके लिए CCD कैमरा का उपयोग किया गया, जो बीम अक्ष की अनुप्रस्थ दिशा में ग्रिड असेम्बली के ग्राउंडेड ग्रिड से 1900 mm डाउनस्ट्रीम स्थित स्थान पर स्थापित किया गया था। CCD के पिक्सेल ऐरे के माध्यम से पूरे बीम की वर्टिकल इंटेंसिटी प्रोफ़ाइल प्राप्त की गई। बीम को मात्रात्मक रूप से विश्लेषित करने और विभिन्न संचालन पैरामीटर्स के तहत इसके डायनेमिक्स को समझने के लिए न्यूमेरिकल मॉडलिंग तकनीक का प्रयोग किया गया। प्रयोगात्मक डेटा यह दर्शाता है कि बीम में ऊपरी और निचली ग्रिड सेक्शन से निकलने वाले दो वर्टिकली मर्ज हो रहे बीम समूहों का सुपरपोज़िशन होता है (चित्र A.2.40)।

A2.7 न्यूट्रॉन विकिरण गतिविधियाँ

इलेक्ट्रॉनिक घटकों का न्यूट्रॉन विकिरण : परमाणु रिएक्टरों, कण त्वरक और बाह्य अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे कठोर वातावरणों में, इलेक्ट्रॉनिक घटक उच्च-तीव्रता वाले आयनकारी विकिरण और संभवतः तीव्र न्यूट्रॉन के संपर्क में आते हैं। इन विद्युत प्रणालियों का परीक्षण इस प्रकार के जोखिम तथा समय के साथ पदार्थ (मटेरियल) के क्षरण के प्रति उनकी प्रतिरोधकता की जांच के लिए किया जाना चाहिए। उच्च ऊर्जा वाले न्यूट्रॉन पदार्थ (मटेरियल) में परमाणु विस्थापन का कारण बन सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप पदार्थ में त्रुटि उत्पन्न हो सकती हैं, जिससे चालकता (कंडक्टिविटी) में बदलाव हो सकता है और उपकरण खराब हो सकता है। ऐसे प्रयोग इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे ऑप्टोकपलर्स, फील्ड इफेक्ट ट्रांजिस्टर, स्टैटिक रैंडम एक्सेस मेमोरी, एनालॉग टू डिजिटल कन्वर्टर्स और इंस्ट्रूमेंटेशन एम्पलीफायरों के लिए किए जाते हैं।



चित्र A.2.42: इलेक्ट्रॉनिक्स घटकों के परीक्षण के लिए प्रायोगिक सेटअप

इन प्रयोगों (चित्र A.2.41) में, विकिरण के संपर्क में आने से पहले प्रणाली की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया। यह प्रयोग तीव्र न्यूट्रॉन प्रवाह के आवधिक संपर्क (पीरियोडिक एक्सपोज़र) में किया गया और संचयी क्षति दर्ज की गई। विकिरण के प्रत्येक चरण के बाद प्रदर्शन मूल्यांकन से पता चला कि ऑप्टोकपलर 5.31×10^{11} n/cm^2 पर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है और 1.77×10^{12} n/cm^2 पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है।

चिकित्सा रेडियोआइसोटोप उत्पादन: चिकित्सा आइसोटोप की मांग दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और वैज्ञानिक समुदाय इनके उत्पादन और उपयोग के लिए नवीन तरीकों की खोज में लगा हुआ है। उच्च न्यूट्रॉन अवशोषण सीमा वाले परमाणु प्रतिक्रिया चैनलों का पता लगाने के लिए आई.पी.आर. (IPR) 14 MeV न्यूट्रॉन जनरेटर सुविधा का उपयोग

किया जा सकता है, जो थर्मल परमाणु रिएक्टरों में संभव नहीं है। वर्तमान में Mo-99, Cu-64 और Cu-67 के लिए नैदानिक (डायग्नोस्टिक) और थेरानोस्टिक चिकित्सा रेडियोआइसोटोप उत्पादन



चित्र A.2.42: मेडिकल आइसोटोप्स हेतु इलेक्ट्रॉनिक घटकों के नमूनों के परीक्षण के लिए उपयोग किए गए प्रायोगिक सेटअप का निरूपण।

प्रयोग सफलतापूर्वक किया जा चुका है। Mo-99 का उपयोग Tc-99m के उत्पादन में किया जाता है, जिसका उपयोग दुनिया भर में 80% से अधिक नैदानिक(डायग्नोस्टिक) प्रक्रियाओं में किया जाता है।

प्रयोग में मोलिब्डेनम धातु प्लेट और मोलिब्डेनम ट्राइऑक्साइड पाउडर के नमूनों का उपयोग किया गया। Cu-64 और Cu-67 का उपयोग विभिन्न स्कैन और चिकित्सीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। ये समस्थानिक(आइसोटोप) प्रयोग के दौरान प्राकृतिक ज़िंक से उत्पन्न हुए। IPR में मोलिब्डेनम धातु प्लेटों और MoO3 पाउडर के न्यूट्रॉन विकिरण से क्रमशः 48 kBq/gm और 0.24 kBq/gm की विशिष्ट गतिविधियों वाले Mo-99 उत्पन्न हुए। इसी प्रकार, ज़िंक धातु पाउडर विकिरण से क्रमशः 34.76 kBq/gm और 0.21 kBq/gm की विशिष्ट गतिविधियों वाले Cu-64 और Cu-67 उत्पन्न हुए।

<u>*न्यूट्रॉन प्रेरित अभिक्रियाओं(रिएक्शन) का क्रॉस सेक्शन मापन:*</u> $^{121}Sb(n,2n)^{120}Sb^m$, $^{123}Sb(n,p)^{123}Sn^m$, $^{90}Zr(n,p)^{90m}Y$ और $^{90}Zr(n,\alpha)^{87m}Sr$ अभिक्रियाओं (रिएक्शन) के क्रॉस सेक्शन की जाँच के लिए प्रयोग किए गए। प्रयोग में, सैम्पल एक्टिवेशन के लिए 14.96 ±0.03 MeV के एक-ऊर्जावान न्यूट्रॉन का उपयोग किया गया, जिसके बाद ऑफ़लाइन गामा किरण स्पेक्ट्रोस्कोपी की गई। प्रयोग के दौरान उत्पन्न गतिविधि का निर्धारण करने के लिए HPGe डिटेक्टर का उपयोग किया गया। बाद में, डेटा विश्लेषण में तीव्र न्यूट्रॉन प्रेरित अभिक्रिया के लिए प्रायोगिक डेटा का सहप्रसरण अध्ययन शामिल है।

<u>*न्यूट्रॉन रेडियोग्राफी प्रणाली का डिजाइन:*</u> तीव्र न्यूट्रॉन रेडियोग्राफी एक गैर-विनाशकारी उपकरण है जिसमें किसी वस्तु को उच्च ऊर्जा न्यूट्रॉन के संपर्क में लाया जाता है और मोटी एवं घनी वस्तुओं की तात्विक संयोजन और संरचना का अनुमान लगाया जाता है। एक्स-रे रेडियोग्राफी जैसी पारंपरिक तकनीकें केवल कम घनत्व वाली सामग्री के लिए ही उपयोगी होती हैं। दूसरी ओर, तीव्र न्यूट्रॉन रेडियोग्राफी, नमूने की आंतरिक संरचना और तात्विक संयोजन का विश्लेषण करने के लिए तीव्र न्यूट्रॉन की उच्च भेदन शक्ति का उपयोग करती है। बड़े नमूनों पर तीव्र न्यूट्रॉन रेडियोग्राफी के लिए IPR 14 MeV न्यूट्रॉन जनरेटर सुविधा का उपयोग करने के लिए सिमुलेशन अध्ययन किए जाते हैं। उच्च गुणवत्ता वाली छवि प्राप्त करने के लिए L/D अनुपात, मॉडरेटर और रिफ्लेक्टर मोटाई, नमूने (सैम्पल) की लंबाई-चौड़ाई और दूरी जैसे विभिन्न मापदंडों को अनुकूलित (ऑप्टिमाइज़) किया जाता है। 6% के प्रकीर्णन अनुपात के साथ, कोलिमेटर के केंद्र और अंत के बीच 78% की एकरूपता प्राप्त की गई। 6.05×10^6 n/cm2 mR-1 का उच्च न्यूट्रॉन-गामा अनुपात वस्तु (चित्र A.2.44) पर उपलब्ध होगा। सिमुलेशन अध्ययन में कम प्रकीर्णन के कारण उच्च छवि विभेदन हेतु न्यूट्रॉनों का ऊष्मीयकरण भी शामिल है। हालाँकि, उस स्थिति में न्यूट्रॉनों की भेदन (पेनीट्रेशन) गहराई कम होती है, जिससे नमूने की मोटाई प्रभावित होती है। सिमुलेशन परिणामों से पता चलता है कि 75.5% न्यूट्रॉनों की ऊर्जा 1 eV या उससे कम थी और कुल फ्लक्स 10^5 n/cm2 था, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली छवियाँ सुनिश्चित हुईं।



(a) (b)

चित्र A.2.44: मौजूदा प्रायोगिक डेटा और मूल्यांकित लाइब्रेरीज़ के ENDF के साथ (a) $^{121}Sb(n,2n)^{120}Sb^m$ (b) $^{131}Sb(n,p)^{123}Sb^m$ मापे गए क्रॉस-सेक्शन की तुलना



(a) (b)

चित्र A.2.43: चिकित्सा आइसोटोप इलेक्ट्रॉनिक्स घटकों के नमूनों के परीक्षण के लिए प्रायोगिक सेटअप

A2.8 फ्यूज़न संबंधित डायग्नॉस्टिक्स

वर्टिकल इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन एमिशन (VECE) डायग्नॉस्टिक्स के लिए व्यू डम्प का प्रोटोटाइप: व्यू डम्प का एक प्रोटोटाइप, जिसे विभिन्न सामग्रियों और ज्यामितियों का उपयोग करके डिज़ाइन किया गया था, CST स्टूडियो सूट में सिम्युलेट किया गया और उसके परिणामों का दस्तावेजीकरण किया गया (चित्र A.2.45)। विभिन्न ज्यामितीय विन्यासों — जैसे कि स्लैब, पिरामिड और इनवर्टेड कोन — की विद्युतचुंबकीय (EM) प्रतिक्रिया का माइक्रोवेव से मिलीमीटर-वेव आवृत्ति सीमा (60–180 GHz) के बीच विश्लेषण किया गया। इसके लिए बोरॉन कार्बाइड (B□C), सिलिकॉन कार्बाइड (SiC) और MACOR जैसी सामग्रियों का उपयोग किया गया। सिम्युलेशन के आधार पर, MACOR में प्रोटोटाइप संरचनाएँ तैयार की गईं ताकि उनकी विद्युतचुंबकीय कार्यक्षमता का प्रयोगात्मक सत्यापन किया जा सके। स्लैब, पिरामिड और इनवर्टेड कोन ज्यामितियों का प्रयोगात्मक परीक्षण नीचे प्रस्तुत किया गया है।



चित्र A.2.45: MACOR से बनी निर्मित प्रोटोटाइप ज्यामितियाँ: (a) स्लैब, (b) पिरामिड, और (c) उलटा शंकु।

<u>नैनो DAQ कैरेक्टराइज़ेशन:</u>

NanoDAQ एक 16-चैनल लो-वोल्टेज डेटा लॉगर तथा डेटा एक्विज़िशन डिवाइस है, जिसे बीआरएनएस के अंतर्गत *रेडियोमीटर डायग्नॉस्टिक कैलिब्रेशन* के लिए विकसित किया गया है। इस उपकरण का प्रारंभिक परीक्षण प्रयोगशाला में (चित्र A.2.46) किया गया, जिसमें कीथली मीटर (स्रोत) और एक Fluke कैलिब्रेटर से लो-वोल्टेज इनपुट का उपयोग किया गया। डेटा को एक साथ NanoDAQ तथा एजीलेंट निर्मित सिंगल चैनल नैनो-वोल्टमीटर पर दर्ज किया गया ताकि परिणामों की तुलना की जा सके। दोनों के परिणामों में उचित मेल पाया गया। इसके बाद, उपकरण का EQDC, गांधीनगर में विभिन्न तापमान और आर्द्रता स्थितियों पर इसके प्रदर्शन के लिए परीक्षण किया गया।



<u>चित्र A.2.46: नए विकसित उपकरण – NanoDAQ के इन-लैब लक्षण वर्णन के लिए सेट-अप।</u>

<u>इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन रेज़ोनेंस हीटिंग (ECRH) की उपस्थिति में ECE रेडियोमीटर डायग्नॉस्टिक्स मापों की जांच:</u> इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन एमिशन (ECE) डायग्नॉस्टिक्स न केवल स्थानीय स्थानिक और कालिक इलेक्ट्रॉन तापमान माप प्रदान करते हैं, बल्कि इन्हें विभिन्न टोकामॅक उपकरणों में भौतिकी से संबंधित अनेक अनुसंधानों — जैसे एमएचडी स्थानीयकरण, परिवहन अध्ययन और फ्लक्चुएशन मापन — के लिए नियमित रूप से प्रयोग किया जाता है (चित्र A.2.47)। इलेक्ट्रॉन वितरण फलन में होने वाले परिवर्तन ECE संकेतों में विविधताओं के रूप में प्रकट होते हैं, जो अक्सर ECRH जैसी सहायक हीटिंग प्रणालियों द्वारा उत्पन्न तेज़ इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के कारण होते हैं। इसके अतिरिक्त, ECRH के प्रयोग का प्रभाव — जैसे पूर्व-आयनीकरण और



चित्र A.2.47 : विभिन्न प्लाज़्मा मापदंडों का समयानुसार विकास – a) प्लाज़्मा करंट (IP), b) लूप वोल्टेज, c) एच-अल्फ़ा, d) ईसीआरएच पल्स, e) प्लाज़्मा इलेक्ट्रॉन डेंसिटी, f) सेंट्रल ईसीई चएक्सआर (हार्ड एक्स-रे)।

हीटिंग — क्रमशः ECE संकेतों की संतृप्ति तथा इलेक्ट्रॉन तापमान (T_e) में अपेक्षित वृद्धि के रूप में देखा गया। साथ ही, चर्चा में ECRH से उत्पन्न उच्च-ऊर्जा इलेक्ट्रॉनों द्वारा प्रेरित संभावित अस्थिरताओं का भी विश्लेषण किया गया है, जिसमें प्रारंभिक अवलोकन, रनअवे डिस्चार्जेस पर केंद्रित हैं, जो ECE, सॉफ्ट एक्स-रे (SXR), CIII, और Hα उत्सर्जनों में देखी गई रिलैक्सेशन ऑसिलेशनों द्वारा पहचाने गए हैं।

<u>टोकामॅक एज भौतिकी के लिए रिफ्लेक्टोमेट्री डायग्नॉस्टिक्स और कम्प्यूटेशनल सिमुलेशन:</u> एक नई एफएमसीडब्ल्यू रिफ्लेक्टोमेट्री डायग्नॉस्टिक प्रणाली, जो पहली बार टोकामॅक के एज डेंसिटी प्रोफाइल को मापने में सक्षम है, आईपीआर में सफलतापूर्वक स्थापित की गई है। इस संबंध में हार्डवेयर डिज़ाइन और परीक्षण, सिग्नल प्रोसेसिंग विधियों तथा विकसित की जा रही एडवांस्ड सिग्नल प्रोसेसिंग कोड्स पर अनेक शोध प्रकाशन प्रकाशित हुए हैं। माइक्रोवेव डिटेक्शन के लिए IF सेक्शन हार्डवेयर का स्थानीय विकास किया गया है, और इसका लैब में व्यापक प्रदर्शन सत्यापन भी पूरा किया गया है।

इसके अतिरिक्त, आवृत्ति स्रोत के टाइमिंग और ड्राइवर इलेक्ट्रॉनिक्स का भी स्वदेशी निर्माण किया गया है। इसके लिए कस्टम हार्डवेयर डिज़ाइन पूर्ण हो चुका है और अब यह निर्माण के लिए तैयार है।

विश्लेषण कोड, जो आंतरिक रूप से विकसित किया गया है, का पूर्ण रूप से दस्तावेज़ीकरण किया गया है, इसे इंटरनेशनल रिफ्लेक्टोमेट्री वर्कशॉप में प्रस्तुत किया गया और रिफ्लेक्टोमेट्री के शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा व्यापक रूप से समीक्षा (peer review) की गई है। टोकामॅक के शोरयुक्त परिवेश को कम करने के लिए इम्पेरिकल मोड डिकम्पोजिशन (EMD) और वेवलेट आधारित MOPDWPT जैसी सॉफ्टवेयर विधियाँ विकसित की जा रही हैं, जिसके बाद मानक spec-trogram पद्धति लागू की जाती है। समय और आवृत्ति दोनों डोमेन में स्थानीयकृत जानकारी निकालने के लिए कई उन्नत विधियों की भी व्यापक रूप से जांच की गई। एक समानांतर संगणनात्मक कोड को HPC अंत्य पर लागू किया गया है। FMCW रिफ्लेक्टोमेट्री से प्राप्त मापे गए एज घनत्व प्रोफ़ाइल को इनपुट के रूप में प्रयोग किया गया और एज टर्बुलेंस मॉडल को हल किया गया (चित्र A.2.48)। प्राप्त परिणाम टोकामॅक एज की अपेक्षित भौतिकी से गुणात्मक रूप से मेल खाते हैं।



चित्र A.2.48: विभिन्न समय-आवृत्ति विश्लेषण विधियों के लिए जटिल रैखिक चिरप के लिए वेवलेट विधि द्वारा डी-नॉइज़िंग के बाद नुमानित सिग्नल आवृत्तियाँ—a) FSST, b) PCT, c) SCT, और d) GWT.

<u>माइक्रोवेव इंटरफेरोमीटर प्रणाली के लिए पीएलएल (PLL) स्रोत का डिज़ाइन और विकास:</u> इंटरफेरोमीटर प्रणाली के लिए उच्च आवृत्ति और स्थिर स्रोतों की आवश्यकता होती है, क्योंकि जितनी अधिक आवृत्ति स्थिरता होगी, फेज़ मापन उतना ही अधिक सटीक होगा। आईपीआर (IPR) में निम्न आवृत्ति सीमा (7 GHz – 8 GHz) के लिए प्रोटोटाइप पीएलएल स्रोत का डिज़ाइन और विकास किया गया है (चित्र A.2.49)। वांछित आवृत्ति और विभिन्न प्रकार की लूप बैंडविड्थ के लिए पीएलएल डिज़ाइन को Sim PLL सॉफ्टवेयर में सिम्युलेट किया गया। पीएलएल स्रोत का स्पेक्ट्रम एनालाइज़र पर विशेषता निर्धारण और कैलिब्रेशन भी किया गया।



चित्र A.2.49: मापन सेटअप के साथ डिज़ाइन किए गए पीसीबी (PCB) का वास्तविक फोटोग्राफ।

<u>पुनर्संयोज्य लीकी वेव प्लाज़्मा एंटीना का संख्यात्मक डिज़ाइन और प्रायोगिक विश्लेषण:</u> 2.45 GHz पर कार्य करने वाले एक लीकी वेव प्लाज़्मा एंटीना का डिज़ाइन, विकास और विशेषता निर्धारण किया गया है, जिसका संभावित उपयोग सैन्य वाई-फाई (military Wi-Fi) जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है, जहाँ आवृत्ति में निरंतर परिवर्तन की आवश्यकता होती है। इस बेलनाकार प्लाज़्मा एंटीना के डिज़ाइन को बेहतर इम्पीडेंस मैचिंग (S11) प्राप्त करने के लिए प्लाज़्मा ट्यूब और ग्राउंड सिलिंडर के आयामों को बदलकर अनुकूलित किया गया है। इसके अतिरिक्त, ट्यूब के अंदर उत्पन्न प्लाज़्मा की अक्षीय लंबाई इनपुट उत्तेजन शक्ति के समानुपाती होती है, जो प्लाज़्मा की अनुनादी आवृत्ति को भी निर्धारित करती है। इससे अनुनादी आवृत्ति को सूक्ष्म रूप से समायोजित करना संभव होता है।



चित्र A.2.50: (a) प्लाज़्मा एंटीना, (b) प्लाज़्मा एंटीना का 2D ध्रुवीय आरेख।

इस कार्य की नवीनता दो प्रमुख उपलब्धियों में निहित है, जो पहले प्रकाशित परिणामों से कहीं बेहतर हैं। पहली, इस डिज़ाइन किए गए एंटीना ने 4.31 dBi की बढ़ी हुई डायरेक्टिविटी और 2.45 GHz पर 441 MHz का चौड़ा बैंडविड्थ प्राप्त किया है। यह पहले के डिज़ाइनों की तुलना में एक महत्वपूर्ण सुधार दर्शाता है। दूसरी, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एंटीना ने 73.8% की उच्च विकिरण दक्षता प्राप्त की,

जो पूर्व अध्ययन में हासिल नहीं हुई थी। ये उन्नतियाँ प्लाज़्मा एंटीना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करती हैं। डिज़ाइन किए गए प्लाज़्मा एंटीना (चित्र A.2.50) को तैयार किया गया और इसके अनुनादी आवृत्ति और स्कैटरिंग पैरामीटर का प्रायोगिक विश्लेषण किया गया। ट्यूब के अंदर प्लाज़्मा उत्पन्न करने के लिए 10 KHz AC पावर सप्लाई का उपयोग किया गया। प्रायोगिक परिणामों को सिमुलेशन परिणामों के साथ सुसंगत पाया गया।

<u>स्वदेशीय विकसित उच्च तापमान ब्लैक बॉडी स्रोत का डिज़ाइन, विकास और इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन उत्सर्जन (ECE) डायग्नोस्टिक्स के कैलिब्रेशन के लिए विशेषता निर्धारण:</u> 600 °C पर इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन उत्सर्जन (ECE) माप के लिए सिलिकॉन कार्बाइड (SiC) आधारित उच्च तापमान ब्लैक बॉडी स्रोत का डिज़ाइन, विकास और विशेषता निर्धारण किया गया है (चित्र A.2.51)। डिज़ाइन को 65–140 GHz आवृत्ति सीमा में उच्च एमिसिविटी प्रदर्शन प्राप्त करने के लिए CST माइक्रोवेव स्टूडियो में अनुकूलित किया गया। इस नवोन्मेषी डिज़ाइन की विशेषताएँ पिरामिड आधारित संरचना, हीटर और एमिटर सतह का समावेश, और एक इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम के साथ एकीकृत हैं।



(a) (b)

चित्र A.2.51: (a) तैयार किए गए एमिटर प्लेट (b) W-बैंड विशेषता निर्धारण परिणाम

पिरामिड की झुकी हुई कोणीयता (slant angle) में परिवर्तन के साथ एमिसिविटी में सुधार का विश्लेषण किया गया। डिज़ाइन को इस प्रकार परिष्कृत किया गया कि सतह का तापमान ± 15 °C के भीतर स्थिर रहे और सामान्य तापमान से 600 °C तक पहुंचने में 60 मिनट से कम समय लगे। विकसित ब्लैक बॉडी कैलिब्रेशन स्रोत का विभिन्न तापमान सेट के लिए IR कैमरा का उपयोग करके ऊष्मीय विश्लेषण किया गया और मध्यम तापमान वितरण निर्धारित किया गया। कैलिब्रेशन स्रोत का 65–220 GHz आवृत्ति सीमा में माइक्रोवेव विश्लेषण वेक्टर नेटवर्क एनालाइज़र (VNA) का उपयोग करके किया गया, जिसमें 20 dB से अधिक रिफ्लेक्टिविटी प्राप्त की गई। परिणाम उन्नत डिज़ाइन पद्धतियों और सटीक इंजीनियरिंग के बीच सिनर्जी को उजागर करते हैं, जो एक प्रभावी SiC-आधारित ब्लैक बॉडी स्रोत के विकास की दिशा में अग्रसर हैं। यह शोध कार्य न केवल इंजीनियरिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देता है, बल्कि ECE मापों में सटीकता और विश्वसनीयता बढ़ाने का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

<u>माइकलसन इंटरफेरोमीटर डायग्नोस्टिक के लिए वेव कलेक्शन और ट्रांसपोर्ट सिस्टम का डिज़ाइन, सिमुलेशन और परीक्षण:</u> एक वेव कलेक्शन और ट्रांसपोर्ट सिस्टम (WCTS) डिज़ाइन और CST माइक्रोवेस स्टूडियो का उपयोग करके सिमुलेट किया गया, ताकि टोकामॅक हॉल से माइकलसन इंटरफेरोमीटर (MI) सिस्टम तक विद्युतचुंबकीय तरंगों का परिवहन किया जा सके (चित्र A.2.52)। MI सिस्टम का उपयोग टोकामॅक में प्लाज़्मा इलेक्ट्रॉन तापमान प्रोफ़ाइल मापने के लिए डायग्नोस्टिक के रूप में किया जाता है। CST माइक्रोवेव स्टूडियो में 70–170 GHz आवृत्ति सीमा में ट्रांसमिशन लाइन घटकों के लिए सिमुलेशन किए गए। प्रोपेगेशन लॉस को न्यूनतम करने के लिए, फंडामेंटल की बजाय ओवरसाइज़्ड वेवगाइड्स का चयन किया गया।



(a) (b)

चित्र A.2.52: (a) E और H प्लेन मिटर बेंड के लिए E-फील्ड पैटर्न (b) ओवरसाइज़्ड WCTS की ज्यामिति

उपयुक्त ओवरसाइज़्ड वेवगाइड के चयन के लिए, S, X और Ka बैंड में सिमुलेशन किए गए और WCTS के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला बैंड चुना गया। ये ओवरसाइज़्ड वेवगाइड केवल प्रोपेगेशन लॉस को कम नहीं करते, बल्कि ग्रुप डिले को भी फंडामेंटल वेवगाइड की तुलना में घटाते हैं। ओवरसाइज़्ड WCTS के मुख्य घटक हैं: वेवगाइड्स, E और H प्लेन में मिटर बेंड्स, वायर-ग्रिड पोलराइज़र (WGP) जो प्लाज़्मा से आने वाली विद्युतचुंबकीय तरंगों की ध्रुवीकरण का चयन करते हैं। हालांकि ओवरसाइज़्ड वेवगाइड का उपयोग कुल ट्रांसमिशन लाइन लॉस को काफी हद तक कम करता है, लेकिन इससे उच्च क्रम के मोड्स की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ट्रांसमिशन लाइन घटकों को डिज़ाइन, सिमुलेट और प्रयोगशाला में प्रायोगिक रूप से मान्य किया गया, और इसके परिणाम प्रस्तुत किए गए हैं।



चित्र A.2.53: क्रायो-सोर्प्शन पंप का उपयोग करके पॉजिटिव न्यूट्रल बीम असेंबली।



चित्र A.2.54 : क्रायो-अवशोषण पम्प के साथ धनात्मक निरपेक्ष किरण-संचालन



चित्र A.2.55 : गैस आपूर्ति के माध्यम से क्रायोकूलर का पम्पन

__क्रायो-सोर्शन पंप का उपयोग करके घनात्मक न्यूटल बीम का संचालन:__ सामान्यतः घनात्मक न्यूटल बीम (PNB) प्रणाली में बीम का निष्कर्षण 4 K क्रायो-कंडेनसेशन पंपों के माध्यम से किया जाता है, क्योंकि बीम प्रक्षेपण पथ के साथ पृष्ठभूमि दबाव ~10^{-5} mbar बनाए रखने के लिए उच्च गैस प्रवाह (H_2) की आवश्यकता होती है, जो 30 Torr l/s से लेकर उच्च प्रवाह ~100 Torr l/s तक होती है। चार क्रायो -कंडेनसेशन पंप 4 K पर हीलियम रेफ्रिजरेटर प्लांट का उपयोग करते हुए संचालित किए गए। अभी, PNB टेस्ट स्टैंड में बीम ऑपरेशन के लिए 20 K क्रायो-कूलर का इस्तेमाल करके चारकोल कोटेड क्रायो-सोर्प्शन पंप का प्रस्ताव रखा गया था। 1.8 m2 क्षेत्रफल वाले क्रायो-सोर्पशन पंप का हाइड्रोजन गैस के लिए लक्षण वर्णन (characterization) किया गया है, जिसमें गैस थ्रूपुट 5 Torr l/s से लेकर 40 Torr l/s तक की सीमा में रखे गए थे। ये परीक्षण 20 m3 क्षमता वाले पीएनबी निर्वात पात्र में आयोजित किए गए। परीक्षण PNB वैक्यूम वेसल (20 m^3) में किए गए। इस सेटअप में 20 K क्रायो-कूलर, जुड़ा हुआ तांबे का रॉड और सोर्शन पैनल शामिल था, जिसे 80 K पर चेव्रॉन बाफ़ल्स में बंद किया गया था, जैसा कि चित्र A.2.53 में दिखाया गया है। पंपिंग गति ~1.7 x 10^5 ल/सेकंड पर 1.4 x 10^{-4} mbar दबाव और गैस प्रवाह 40 Torr l/s तक मापी गई। हालाँकि, PNB संचालन के दौरान विद्युत/इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक कठोर वातावरण में इस प्रकार के पंप का क्रायो-कूलर के साथ उपयोग करना चुनौतीपूर्ण है। ठंडे हेड (18 K) और सोर्शन पैनल से जुड़ी तांबे की छड़ के बीच थर्मल पथ में एक एलुमिना डिस्क का उपयोग करने का विचार विकसित किया गया, ताकि क्रायो-कूलर के इलेक्ट्रॉनिक्स/विद्युत घटकों की सुरक्षा की जा सके। उच्च-विद्युत पृथक्करण के लिए 500 V, 1 MΩ हाइ-पॉट परीक्षण भी किए गए।

ऊष्मीय प्रदर्शन तथा पम्पन प्रदर्शन के परीक्षण सम्पन्न किए गए। तत्पश्चात् 30 kV, 20 A तक तीन दिनों हेतु किरण-संचालन किया गया, जिसमें अधिकतम गैस प्रवाह 25 Torr l/s रहा (चित्र A.2.54)। पात्र का दाब लगभग 1.4 × 10^{-4} mbar पर स्थिर रहा। किरण-संचालन के दौरान क्रायोकूलर बिना किसी समस्या अथवा व्यवधान के निर्बाध रूप से संचालित हुआ (चित्र A.2.55)। क्रायोकूलर के साथ अवशोषण पम्प (संघनन पम्प के स्थान पर) के उपयोग का उद्देश्य सफलतापूर्वक प्राप्त हुआ, तथा टेस्ट-स्टेंड मोड में किरण-संचालन को हीलियम संयंत्र का संचालन किए बिना सरल बना दिया गया।

__स्पेक्ट्रोस्कोपी नैदानिकी:__ उन्नत *स्थान-निरपेक्ष दृश्य स्पेक्ट्रोस्कोपी नैदानिक प्रणाली* को ADITYA-U टोकामॅक (लघु त्रिज्या 25 सेमी) पर संचालित किया गया है, जिसका उपयोग दृश्य वर्णक्रमीय रेखाओं के स्थानिक प्रोफ़ाइल के कालानुक्रमिक विकास (temporal evolution) को मापने हेतु किया जाता है। उन्नत प्रणाली में 1 मीटर लंबे उच्च-विभेदन स्पेक्ट्रोमीटर से संयोजित sCMOS डिटेक्टर पर कुल 15 ट्रैक दर्ज करने की क्षमता है।
इस प्रणाली का वर्णक्रमीय विभेदन 50 मिमी प्रवेश-छिद्र (entrance slit) चौड़ाई पर 0.026 nm है। सिस्टम का स्पेक्ट्रल रिज़ॉल्यूशन 50 मिमी एंट्रेंस स्लिट चौड़ाई पर 0.026 nm है। इस प्रणाली का उपयोग करते हुए ADITYA-U टोकामक के हाई-फ़ील्ड और लो-फ़ील्ड पक्षों से प्राप्त स्पेक्ट्रल लाइन उत्सर्जनों का मापन किया गया है, जैसा कि चित्र A.2.56 में दर्शाया गया है। यह अध्ययन न्यूट्रल एवं आयन तापमानों में पोलॉइडल असमानताओं तथा अशुद्धि परिवहन की जांच

के लिए किया गया है। प्राप्त वर्णक्रम में **Hα (656.28 nm)** एवं **C^{1+} (657.81 और 658.29 nm)** रेखाओं के स्थानिक प्रोफ़ाइल सम्मिलित हैं। मापन क्षेत्र में प्लाज़्मा के तटवृत्तीय पृष्ठछेदन (poloidal cross-section) का बाहरी आधा भाग (r = 0 से r = +22 सेमी) तथा आंतरिक आधा भाग (r = 0 से r = –18 सेमी) शामिल है, जिन्हें 20 दृष्टि-रेखाओं (lines of sight) के माध्यम से देखा गया। यहाँ, प्लाज़्मा के संपूर्ण तटवृत्तीय पृष्ठछेदन को कवर करने हेतु दो समान डिस्चार्जों से प्राप्त आँकड़ों का उपयोग किया गया है, क्योंकि टोकेमाक से स्पेक्ट्रोमीटर तक प्रकाश ले जाने वाले 12 रीलाईंग फाइबर्स (20 मीटर लम्बाई) की संख्या सीमित है।



चित्र A.2.56 : ADITYA-U टोकामॅक प्लाज़्मा के संपूर्ण तटवृत्तीय पृष्ठछेदन को आवृत करते हुए Hα और C^{1+} रेखाओं वाले स्थान-निरपेक्ष वर्णक्रम।



चित्र A.2.57: VUV सर्वे स्पेक्ट्रोस्कोपी प्रणाली द्वारा दर्ज किया गया Aditya-U प्लाज़्मा में Ar गैस पफिंग के दौरान प्राप्त VUV स्पेक्ट्रा, जिसमें Ar की स्पेक्ट्रल रेखाएँ प्रदर्शित हैं।

आदित्य-U टोकामॅक से दर्ज Ar13+ के VUV स्पेक्ट्रम की तीव्रताओं में एक विसंगति देखी गई है, जैसा कि चित्र A.2.57 में प्रदर्शित है। यह पाया गया कि 18.03 nm ($2s2p^2\ ^2P3/2$ – $2s^22p\ ^2P1/2$) VUV लाइन अनुनाद रेखा की तीव्रता, उसी आयन की 18.79 nm ($2s^22p\ ^2P3/2$ – $2s2p2\ ^2P3/2$) रेखा की तुलना में कम है। इस प्रायोगिक रूप से देखी गई विसंगति को इन VUV रेखाओं की सैद्धांतिक तीव्रताओं के आकलन के माध्यम से समझाया गया है। सैद्धांतिक गणना ADAS डाटाबेस का उपयोग करके फोटॉन एमिसिविटी गुणांक उत्पन्न करने तथा Ar1+ आयनों की दृश्य स्पेक्ट्रल रेखाओं तथा Ar13+ और Ar14+ आयनों की VUV स्पेक्ट्रल रेखाओं के अवलोकित मॉडलिंग द्वारा Ar13+ आयन घनत्व प्राप्त करके की गई है। अध्ययन में यह पाया गया कि Ar13+ आयन के इन संक्रमणों से संबंधित अवशोषण ऑस्सिलेटर स्ट्रेन्थ्स के आधार पर इस अंतर को समझाया जा सकता है।

<u>ईंधन आपूर्ति और प्लाज़्मा नियंत्रण के लिए पेलेट इंजेक्टर प्रौद्योगिकी विकास में प्रगति:</u> चुंबकीय रूप से अवरोधित संलयन उपकरणों, विशेषकर टोकामकों, के सफल संचालन में ईंधन आपूर्ति और प्लाज़्मा नियंत्रण अत्यंत महत्वपूर्ण घटक हैं। क्रायोजेनिक तापमानों पर विभिन्न गैसों से निर्मित आइस पेलेट पारंपरिक गैस पफिंग की तुलना में अधिक प्रभावी सिद्ध होते हैं, क्योंकि वे प्लाज़्मा के भीतर गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं और उच्च दक्षता प्रदान करते हैं। जहाँ हाइड्रोजन और उसके समस्थानिकों से बने आइस पेलेट ईंधन के रूप में उपयोग किए जाते हैं, वहीं आर्गन, नीयॉन और हाइड्रोजन जैसी गैसों अथवा उनके मिश्रणों से बने पेलेट प्लाज़्मा नियंत्रण के लिए प्रयुक्त होते हैं।



चित्र A.2.58: विभिन्न उप-प्रणालियों सहित संपूर्ण पेलेट इंजेक्टर सेटअप का चित्र।

पेलेट इंजेक्टर विकास परियोजना के अंतर्गत, एक नवीन क्रायोस्टैट विन्यास डिज़ाइन किया गया है, जो 4 K से 70 K तक के विस्तृत तापमान दायरे में कार्य करने में सक्षम है, जिससे उच्च-Z गैसों को ठोस अवस्था में जमाया जा सकता है (चित्र A.2.58)। संपूर्ण इंजेक्टर सेटअप में एक GM क्रायो-कूलर शामिल है, जो क्रायो-चैंबर में निम्न तापमान प्राप्त करने में सहायक होता है, तथा एक गैस फीड प्रणाली है जो कम दबाव वाली फ्यूलिंग गैस और उच्च दबाव वाले हीलियम गैस—दोनों का प्रबंधन कर सकती है। इसके अतिरिक्त, इसमें प्रोपेलेंट को हटाने हेतु बहु-स्तरीय डिफरेंशियल पंपिंग प्रणाली तथा इंजेक्ट किए गए पेलेट के निदान के लिए एक फास्ट कैमरा भी शामिल है। क्रायोस्टैट के विभिन्न घटकों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। क्रायोस्टैट का कूल-डाउन अध्ययन भी किया गया,

जिसमें यह प्रदर्शित किया गया कि प्रस्तावित नए क्रायोस्टैट विन्यास और उपयुक्त हीटरों की सहायता से एप्लिकेशन हेड के तापमान को निर्दिष्ट दायरे के भीतर प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। हाइड्रोजन और आर्गन पेलेट्स को सफलतापूर्वक जमाया गया है। पेलेट लांचिंग के प्रयोग दो विभिन्न प्रणालियों का उपयोग करके किए गए: (i) सोलोनॉइड-आधारित न्यूमेटिक गैस गन, और (ii) फास्ट-वाल्व सहयोगी यांत्रिक पेलेट लांचिंग प्रणाली (MPL)। इन प्रयोगों में 4.2 मिमी व्यास वाले बेलनाकार हाइड्रोजन पेलेट इस्तेमाल किए गए, जिनकी लंबाई उनके व्यास की 1 से 1.5 गुना तक थी (l/d = 1 से 1.5)। पेलेट को 100 से 600 m/s की गति पर इंजेक्ट किया गया (चित्र A.2.59)। इसके अतिरिक्त, प्लाज़्मा में डिसरप्शन मिटीगेशन अनुप्रयोगों के समर्थन हेतु पेलेट शैटरिंग का भी अध्ययन किया गया। इसमें पेलेट इंजेक्शन दिशा के सापेक्ष कोण पर तिरछी रखी गई शैटरिंग प्लेट पर साबुत पेलेटों को इंजेक्ट किया गया।



चित्र A.2.59: (a) क्रायोस्टैट विन्यास के अनुकूलन तथा आर्गन पेलेट निर्माण प्रयोग के लिए उपयोग किए गए परीक्षण सेटअप का फोटोग्राफ, (b) हाइड्रोजन पेलेट इंजेक्ट करने हेतु प्रयुक्त यांत्रिक पेलेट लांचर, (c) बाएँ से दाएँ: ठोस हाइड्रोजन आइस का शैटरिंग प्लेट के साथ परस्पर क्रिया और उसका विखंडन।

A3. मौलिक प्लाज्मा भौतिकी

प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले मूलभूत प्लाज़्मा — चाहे वे प्रयोगशाला में निर्मित हों, पृथ्वी के चुम्बकमंडल में पाए जाएँ या सौर परिवेश में विद्यमान हों — अपने गतिशील व्यवहार और मानव जीवन पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभावों के कारण प्लाज़्मा विज्ञान समुदाय के लिए अध्ययन का निरंतर रोचक विषय बने हुए हैं। प्रयोगशालाओं में उत्पन्न प्लाज़्मा को विभिन्न प्रयोगात्मक परिस्थितियों में विशेष रूप से परिभाषित किया जाता है, ताकि उसकी मौलिक प्रकृति और भौतिक गुणधर्मों को समझा जा सके। यह न केवल भौतिकी के विभिन्न क्षेत्रों में गहन समझ विकसित करने में सहायक है, बल्कि समाज, उद्योग तथा ऊर्जा संयंत्रों के लिए भी इनका व्यावहारिक उपयोग किया जा सकता है। संस्थान में मौलिक प्लाज़्मा भौतिकी के क्षेत्र में कार्यरत प्रयोगात्मक उपकरणों का विवरण निम्नलिखित खंडों में दिया गया है —

A3.1 बड़े आयतन वाला प्लाज़्मा उपकरण-LVPD अपग्रेड…..…………………………………51
A3.2 नॉन-न्यूट्रल प्लाज़्मा उपकरण – SMARTEX-C ……………………………………….53
A3.3 रैखिक उपकरण में अनुप्रयुक्त प्लाज़्मा भौतिकी प्रयोग - APPEL Device) ….….………54
A3.4 जड़त्वीय वैद्युतस्थैतिक संलयन उपकरण - CPP) ……..……………………….………55
A3.5 इनवर्स मिरर प्लाज़्मा प्रयोग उपकरण-IMPED डिवाइस ……………………...………..58
A3.6 माइक्रोवेव प्लाज़्मा प्रयोग प्रणाली (SYMPLE)………………………………….……..59

A3.1 बड़े आयतन वाला प्लाज़्मा उपकरण-LVPD अपग्रेड

<u>प्लाज़्मा घनत्व ह्रास:</u> चुंबकीय क्षेत्रों में प्लाज़्मा परिवहन एक मौलिक घटना है जो अंतरिक्ष प्लाज़्मा से लेकर प्रयोगशाला प्लाज़्मा और नियंत्रित थर्मोन्यूक्लियर संलयन प्रयोगों तक, अनुप्रयोगों की एक श्रृंखला को प्रभावित करती है। हमने इलेक्ट्रॉन ऊर्जा फ़िल्टर चुंबकीय क्षेत्र द्वारा निर्मित चुंबकीय स्क्रीन पर विसरित एक स्पंदित (Dt ~ 50 ms) मध्यम सघन, निम्न तापमान, आंशिक रूप से चुंबकित प्लाज़्मा के लिए एक अद्वितीय प्रायोगिक प्रेक्षण प्रस्तुत किया है, जो प्लाज़्मा स्पंद के दौरान विसरित प्लाज़्मा घनत्व पर परिमित-समय निर्भरता दर्शाता है। समय निर्भरता का अनुमान प्लाज़्मा घनत्व के समानुपाती आयन संतृप्ति करेंट के घटना से लगाया जाता है, और इसकी गिराबट का दर अनुप्रयुक्त स्क्रीनिंग चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता का एक फलन पाई जाती है।



चित्र A.3.1: एल.वी.पी.डी. के लक्ष्य प्लाज़्मा में स्क्रीनिंग चुंबकी (मैरून से गहरे नीले रंग) क्षेत्र की वृद्धि के साथ आयन संतृप्ति करंट में कमी।

प्लाज़्मा क्षय दर की समय-निर्भरता के लिए एक विश्लेषणात्मक व्यंजक व्युत्पन्न किया गया है और पाया गया है कि इसका एक अरैखिक संबंध है। यह क्षय आमतौर पर स्क्रीनिंग चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता के साथ दो-चरणीय व्यवहार प्रदर्शित करता है: एक प्रारंभिक धीमी गिरावट जिसके बाद एक तीव्र चरण आता है। उत्तरार्द्ध, क्षणिक या प्लाज़्मा निर्माण से कम प्रभावित होने के कारण, प्रमुख विसरण गतिकी को अधिक सटीकता से दर्शाता है। ये निष्कर्ष निम्न-तापमान प्लाज़्मा में विक्षोभ-संचालित परिवहन की भूमिका और ऋणात्मक आयन स्रोतों जैसे अन्य प्लाज़्मा प्रणालियों में उनके संभावित अनुप्रयोगों के बारे में अतिरिक्त जानकारी प्रदान करते हैं। चित्र A.3.1 स्क्रीनिंग चुंबकीय क्षेत्र में वृद्धि के साथ आयन संतृप्ति धारा में चरणों में कमी को दर्शाता है।

<u>व्हिसलर प्रेरित कण फ्लक्स:</u> स्थिरवैद्युत कण फ्लक्स को प्लाज़्मा तंत्र में तिरछे प्रसारित अर्ध-अनुदैर्ध्य (QL) व्हिसलर विक्षोभ ($\omega_{ci}<\omega_{LH}\sim\omega<\omega_{cece}$) की उपस्थिति में मापा जाता है। QL व्हिसलर को 40 kHz और 100 kHz के आवृत्ति बैंड बीच देखा जाता है, और अभिलक्षणिक तरंग संख्याएँ $k_{||}<<k_{\wedge}$ इलेक्ट्रॉन ऊर्जा फ़िल्टर के अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र (B_{EEF} (x)) और LVPD (B_0(z)) के अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में लॉस कोन (स्थानीयकृत दर्पण प्रकार चुंबकीय ज्यामिति) संरचना के माध्यम से परावर्तित ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों द्वारा उत्तेजित होती हैं। रेडियल कण फ्लक्स पर दर्पण की प्रबलता के प्रभाव का पता B_{EEF} में परिवर्तन करके लगाया जाता है क्योंकि यह परिवर्तन उत्तेजित QL-व्हिसलर विक्षोभ को बदल देता है। हमने देखा कि QL-व्हिस्लर विक्षोभ स्तर में वृद्धि, रेडियल कण परिवहन, यानी रेडियल कण प्रवाह कम हो जाता है, और साथ ही कण प्रवाह दिशा रेडियल रूप से अंदर की ओर से बाहर की ओर उलट जाती है। यह एक महत्वपूर्ण अवलोकन है और इसके कारण विद्युत चुम्बकीय उतार-चढ़ाव की उपस्थिति हो सकती है, जो दिशात्मक के बजाय अधिक उभयध्रुवीय कण प्रवाह के उत्पादन

में योगदान कर सकती है, जिसने बदले में, नेट रेडियल रूप से बाहरी इलेक्ट्रोस्टैटिक कण प्रवाह को कम कर दिया है। यह देखा गया है कि कणों को रेडियल रूप से अंदर की ओर ले जाया जाता है जब, B_{EEF} = 0 G, एक प्रवाह परिमाण होता है, $G_x \sim 1.5 \times 10^{19}\ m^{-2}s^{-1}$ और, अंदर की ओर कण प्रवाह का परिमाण कम हो जाता है और B_{EEF} = 0 G से परे, कण प्रवाह की दिशा उलट जाती है और रेडियल रूप से बाहरी दिशा बन जाती है। चित्र A.3.2 विभिन्न EEF चुंबकीय क्षेत्रों पर अनुमानित कण प्रवाह को दर्शाता है।



चित्र A.3.2: QL व्हिसलर की उपस्थिति में विभिन्न चुंबकीय क्षेत्र पर कण प्रवाह का अनुमान लगाएं।

<u>विद्युतचुम्बकीय तरंगों का उत्प्रेरण एवं पता लगाना:</u> कैपेसिटर बैंक आधारित पल्स फॉर्मिंग नेटवर्क (PFN) डिस्चार्ज का उपयोग करके लूप एंटीना द्वारा प्लाज़्मा में व्हिसलर आवृत्ति की सीमा में विद्युत चुम्बकीय तरंगों का उत्प्रेरण किया गया। यह प्लाज़्मा में 50kHz आवृत्ति की एक मूल तरंग पंप करता है और तरंग संकेतों को 3-अक्ष चुंबकीय जांच का उपयोग करके एंटीना केंद्र से 37.5 सेमी की अक्षीय दूरी पर पता लगाया गया । बनाया गया प्रायोगिक सेटअप एक लूप एंटीना, एक हेल्महोल्ट्ज़ कॉइल और एक रेडियल रूप से चलता 3-अक्ष चुंबक जांच का संयोजन है जिसमें 1 kHz-10 MHz की सीमा में एक सपाट प्रतिक्रिया है। हेल्महोल्ट्ज़ कॉइल (d = 45 सेमी) को LVPD के पृष्ठभूमि चुंबकीय क्षेत्र ($B_0 \sim 6.2$ G) को रद्द करके इसके केंद्र में एक मध्यम घनत्व ($n_e \sim 5 \times 10^{17} m^{-3}$), निम्न तापमान (2 eV—5 eV) प्लाज़्मा में एक समान पृष्ठभूमि चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में किए गए थे। इस प्रयोग में, हम विद्युत चुम्बकीय तरंगों का सफलतापूर्वक पता लगा पाए, जिसमें चुंबकीय शून्य क्षेत्र उत्पन्न होने पर तरंग संचरण हेल्महोल्ट्ज़ क्षेत्र विन्यास से बाहर चला जाता है। इसके अलावा, अन्य दो हेल्महोल्ट्ज़ क्षेत्र विन्यासों में ~ 150 kHz के क्रम की उच्च आवृत्ति मोड का पता लगाया गया। विभिन्न प्रयोगात्मक विन्यासों के लिए हेल्महोल्ट्ज़ चुंबकीय क्षेत्र का अनुकरण करने हेतु एक उपयुक्त 2D चुंबकीय क्षेत्र कोड तैयार किया गया है। चित्र A.3.3 चुंबकीय शून्य क्षेत्र परिदृश्यों के दौरान तरंग संसूचन चिह्नों को दर्शाता है।



चित्र A.3.3: केंद्र में चुंबकीय शून्य क्षेत्र वाले हेल्महोल्ट्ज कॉइल सेटअप के बाहर (δBx, δBy) विद्युतचुम्बकीय तरंग घटक का मापन।

<u>चुंबकीय दर्पण प्रयोग हेतु निदान:</u> परिवर्तनशील चुंबकीय दर्पण क्षेत्र उत्पन्न करने के लिए विभिन्न आकार की परिनालिका प्रणालियों का प्रारंभिक डिज़ाइन और निर्माण किया गया (चित्र A.3.4)। डायग्नॉस्टिक्स LVPD प्लाज़्मा के भीतर पृथ्वी जैसे चुंबकीय क्षेत्र विन्यासों की नकल करने के लिए तैयार किए गए हैं। डायग्नॉस्टिक्स का निर्माण आंतरिक रूप से किया गया है और इसके चुंबकीय क्षेत्र सिमुलेशन AMPERE विद्युत चुम्बकीय सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके किए गए हैं।



चित्र A.3.4. सिम्युलेटेड खुले और बंद दर्पण सोलेनोइड।

A 3.2 नॉन-न्यूट्रल प्लाज़्मा उपकरण(स्मार्टेक्स-सी)

<u>डायग्नोस्टिक तकनीकों का विकास</u>- स्मार्टेक्स-सी उपकरण में आंशिक टोरॉइडल ट्रैप में इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा को 100 सेकंड से अधिक समय तक सीमित किया गया है। प्लाज़्मा के परिवहन तंत्र को समझने के लिए विभिन्न डायग्नोस्टिक तकनीकें विकसित, परीक्षण और कार्यान्वित की जा रही हैं।

(A) चार्ज कलेक्टर डायग्नोस्टिक ट्रैप में संचित कुल आवेश को मापने हेतु चार्ज कलेक्टर डायग्नोस्टिक को उन्नत किया गया है। इसमें सिग्नल-टू-नॉइज़ अनुपात को लगभग दो गुणात्मक क्रम तक सुधारकर 30 सेकंड तक के होल्ड-टाइम में संचित आवेश मापना संभव बनाया गया है।

(B) इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा तापमान का मापन इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा के तापमान के निर्धारण हेतु वाष्पीकरण डंप विधि विकसित की गई है, जो मंद-क्षेत्र ऊर्जा विश्लेषक के सिद्धांत पर आधारित है। इस एक-चरणीय विधि में उन इलेक्ट्रॉनों की संख्या मापी जाती है जो पर्याप्त ऊर्जा के कारण कलेक्टर ग्रिड की परिरक्षण विभव को पार कर सकते हैं। चार्ज कलेक्टर (कलेक्टर ग्रिड + कलेक्टर शील्ड) के वोल्टेज को धीरे-धीरे ग्राउंड (V = 0) की ओर 2 μs में रैम्प किया जाता है, और गिरते हुए आवेश के कारण उत्पन्न धारा मापी जाती है। इस धारा सिग्नल के समाकलन से विभव अवरोध के फलस्वरूप बच निकलने वाले इलेक्ट्रॉनों की संख्या प्राप्त होती है। यदि इलेक्ट्रॉन वितरण मैक्सवेलियन माना जाए, तो इलेक्ट्रॉन बादल का समानांतर तापमान निकाला जा सकता है। इस प्रकार अनुमानित तापमान 3 – 6 eV की सीमा में है, तथा त्रुटि सीमा 1 – 1.5 **eV** पाई गई है। इसके अतिरिक्त, दो-चरणीय चार्ज संकलन विधि भी विकसित की गई है, जिसमें तापमान निर्धारण के दौरान विभव ऊर्जा के गतिज ऊर्जा में रूपांतरण हेतु आवश्यक सुधार-गुणांक को सम्मिलित किया गया है। दो-चरणीय डंप में आवेश संरक्षण का प्रायोगिक सत्यापन किया गया है, जैसा कि चित्र 1 में दर्शाया गया है।



चित्र A.3.5. (बाएँ) अनेक प्लाज़्मा शॉट्स में इंजेक्टर और कलेक्टर पल्सेस, जहाँ कलेक्टर को दो चरणों में डंप किया गया — चरण I = −120 V, चरण II = +5 V; τ $_{dead}$ दो शॉट्स के बीच का सिग्नल के निष्क्रिय रहने का अंतराल है। (दाएँ) विभिन्न वोल्टेज मानों (20 V के चरणों में) के लिए दो चरणों में मापा गया आवेश। प्रत्येक शॉट में कुल संचित आवेश लगभग 2 nC के भीतर संरक्षित पाया गया।



चित्र A.3.6. (a) m = 2 डायोकोट्रॉन मोड का प्रक्षेपण, प्रोब सिग्नल का विस्तृत दृश्य (इनसेट में) संपूर्ण सिग्नल), (b) प्रक्षेपित और डिटेक्टेड सिग्नलों के बीच क्रॉस-फेज़ का विकास तथा डिटेक्टेड सिग्नल का स्पेक्ट्रोग्राम, जो प्रणाली के m = 2 आइजेन मोड के प्रक्षेपण को दर्शाता है।

m = 2 डायोकोट्रॉन मोड का प्रक्षेपण : प्लाज़्मा घनत्व, स्व-घूर्णन आवृत्ति और प्लाज़्मा त्रिज्या जैसे मापदंडों का आकलन करने हेतु टोरॉइडल नॉन न्यूट्रल प्लाज़्मा में m = 2 डायोकोट्रॉन मोड को प्रक्षेपित किया गया है। इसके लिए विपरीत दिशाओं में स्थित प्रोब युग्मों का उपयोग किया गया। दोनों विपरीत प्रोबों के लिए यह मोड समान फेज़ में पाया गया। प्रक्षेपित मोड की आवृत्ति और टोरॉइडल ज्यामिति के लिए उपयुक्त बेलनाकार डायोकोट्रॉन अस्थिरता समीकरण का उपयोग कर प्लाज़्मा मापदंडों का आकलन किया गया। उपयुक्त चहकने की दर और प्रक्षेपण स्थितियों का चयन करने पर m = 2 मोड की अनुनादी उत्तेजना प्राप्त हुई, जैसा कि चित्र 2 (दाएँ) में प्रदर्शित है। प्राप्त प्लाज़्मा मापदंड इस प्रकार हैं, n_e - 2 × 10^6 cm^{-3}, प्लाज़्मा त्रिज्या r_p लगभग 4.0 cm।

बेलनाकार नॉन-न्यूट्रल प्लाज़्मा ट्रैप: एक रैखिक बेलनाकार नॉन-न्यूट्रल प्लाज़्मा ट्रैप विकसित किया गया है, जिसमें कुछ सौ मिलीसेकंड तक इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा को सैकड़ों गॉस के समान चुंबकीय क्षेत्र में सीमित किया गया। ट्रैप में पाँच बेलनाकार रिंग इलेक्ट्रोड, एंड-ग्रिड तथा इलेक्ट्रॉन स्रोत के रूप में टंग्स्टन फ़िलामेंट सम्मिलित हैं।यह प्रणाली स्मार्टेक्स-सी टोरॉइडल प्रयोगात्मक सेटअप के लिए नियोजित नई डायग्नोस्टिक तकनीकों के विकास और परीक्षण हेतु एक टेस्ट-बेंच के रूप में प्रयुक्त की जा रही है।निम्नलिखित प्रयोग संपन्न किए गए हैं:इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा का निर्माण,कैपेसिटिव प्रोब पर अस्थिर डायोकोट्रॉन मोड्स का अवलोकन,m = 1 डायोकोट्रॉन मोड की पहचान,डायोकोट्रॉन मोड आवृत्ति का इलेक्ट्रॉन इंजेक्शन ऊर्जा और चुंबकीय क्षेत्र के साथ स्केलिंग,निम्न दाब एवं उच्च B-फील्ड पर अस्थिरता का नियंत्रण,m = 1 डायोकोट्रॉन मोड का प्रक्षेपण,डायोकोट्रॉन वेव प्रक्षेपण द्वारा संधारण समय का मापन,m = 2 डायोकोट्रॉन मोड का प्रक्षेपण,और इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा की फॉस्फ़र स्क्रीन इमेजिंग पर प्रारंभिक प्रयोग।चित्र 3 ट्रैप सेटअप का योजनात्मक

आरेख और वास्तविक छायाचित्र दर्शाता है, जबकि चित्र 4 फॉस्फ़र स्क्रीन इमेजिंग डायग्नोस्टिक से प्राप्त छवियाँ प्रदर्शित करता है।



चित्र A.3.7: (ऊपर) पाँच संकेंद्रित बेलनाकार रिंग इलेक्ट्रोड, ग्रिड और फ़िलामेंट से निर्मित रैखिक बेलनाकार पेनिंग–माल्मबर्ग ट्रैप का योजनात्मक आरेख।



चित्र A.3.8: (बाएँ) कलेक्टर ग्रिड की छाया सहित इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा की फॉस्फ़र स्क्रीन छवि। (दाएँ) ग्रिड के बिना ओवरले की गई छवि।

A3.3 रैखिक उपकरण में अनुप्रयुक्त प्लाज्मा भौतिकी प्रयोग (APPEL-डिवाइस)

एपीपीईएल (APPEL) उपकरण का अवलोकन और हालिया प्रायोगिक मुख्य बिंदु: संस्थान में हाल ही में चालू किया गया एपीपीईएल (Applied Plasma Physics Experiments in Linear) उपकरण एक मध्यम-स्तरीय टेस्ट बेड के रूप में कार्य करता है, जिसका उद्देश्य प्लाज़्मा-मटेरियल इंटरैक्शन (PMI) शोध को आगे बढ़ाना और टोकामक-संबंधित प्लाज़्मा परिस्थितियों का अनुकरण करना है। यह नियंत्रित चुंबकीय क्षेत्रों के अंतर्गत डायग्नोस्टिक के विकास, प्लाज़्मा स्रोत अनुकूलन और भौतिकी प्रयोगों के लिए एक बहुउपयोगी प्लैटफ़ार्म प्रदान करता है।

एपीपीईएल प्रणाली में 16 विद्युतचुंबक लगे हैं, जो 3.5 मीटर लंबाई तक 0.4 टेस्ला से अधिक स्थिर अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करते हैं, जिसमें 32 सेंटीमीटर व्यास पर 2% की उत्कृष्ट रेडियल एकरूपता बनी रहती है। इस विन्यास में, 2.0 पास्कल से कम दाब पर 3.5 मीटर लंबा एक हीलियम प्लाज़्मा कॉलम निर्मित किया गया है जिसमे 10^{17} – 10^{18} m^{-3}, की घनत्व सीमा और लगभग 10^{21}–10^{22} $m^{-2}\cdot s^{-1}$ का आयन फ्लक्स प्राप्त किया गया है।

इस उपकरण ने यह भी प्रमाणित किया है कि m = 0 मोड स्पायरल एंटीना एक प्रभावी आरएफ प्री-आयनीकरण स्रोत के रूप में कार्य कर सकता है, जिससे यह टोकामक स्टार्टअप और आरएफ द्वारा ब्रेकडाउन से संबंधित अध्ययनों में इस्तेमाल होने की अपनी क्षमता को उजागर करता हैं। प्रयोगों में एक लंबा प्लाज़्मा कॉलम प्रदर्शित किया गया है , जिसका केंद्र भाग स्पष्ट रूप से उज्ज्वल है जबकि परिधि धीरे-धीरे धुंधली (या "फ़र्ड") होती गई (चित्र 1)। इसके अनुरूप घनत्व प्रोफ़ाइलें (चित्र 2) यह संकेत देती हैं कि यह प्री-आयनीकरण अध्ययनों के लिए उपयुक्त है, जहाँ प्रोफ़ाइलें एकसमान और विश्वसनीय ब्रेकडाउन के लिए अनुकूलित हैं।



चित्र A.3.9: 2 Pa दाब और विभिन्न RF पावर पर LAPS स्रोत का इलेक्ट्रॉन घनत्व आरेख।

एक सह अक्षीय (coaxial) प्लाज़्मा गन, जिसे अक्ष-सममित चुंबकीय क्षेत्र में कम्पैक्ट टॉरॉइड (CT) इंजेक्शन के लिए डिज़ाइन किया गया है, का निर्माण एवं उसकी स्थापना की गई है। यह गन एक पल्स्ड पावर सप्लाई द्वारा संचालित की गयी है, जिसे 20 kV तक चार्ज किया जा सकता है और यह माइक्रोसेकंड सीमा में पल्स चौड़ाई के साथ डिस्चार्ज पल्स प्रदान करती है। इस नए समावेश से एपीपीईएल (APPEL) की क्षमताओं में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है, जिससे उच्च गति प्लाज़्मा इंजेक्शन, CT निर्माण, और तेज़-क्षणिक प्लाज़्मा गतिकी पर अध्ययन संभव हो सके गे, जो कम्पैक्ट टॉरस और संलयन-संबंधी शोध के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

प्लाज़्मा स्रोत विकास एवं रेडियो आवृत्ति(RF) मापन की प्रमुख विशेषताएँ: स्वदेशी रूप से विकसित एक CCP (कैपेसिटिवली कपल्ड प्लाज़्मा) आधारित लार्ज एरिया प्लाज़्मा सोर्स (LAPS), जिसकी प्रोसेसिंग एरिया 40 cm^2 है, को कोटिंग और एचिंग अनुप्रयोगों के लिए

विकसित किया गया है। यह संपूर्ण सतह पर समान इलेक्ट्रॉन घनत्व और तापमान (temperature) प्रदान करता है। चित्र A.3.12 में स्रोत के पूरे क्षेत्र में इलेक्ट्रॉन घनत्व का स्थानिक वितरण दर्शाया गया है। RF शक्ति माप के लिए एक स्वदेशी, कम लागत वाला VI सेंसर विकसित किया गया, जिसकी मापों की तुलना Octiv Poly 2.0 VI प्रोब से की गई।

A3.4 जड़त्वीय वैद्युत-स्थैतिक परावर्तन संलयन (IECF) उपकरण (CPP)

जड़त्वीय वैद्युत-स्थैतिक परावर्तन संलयन उपकरण में बहु-ग्रिड विन्यास के साथ आयन बंधन समय में सुधार: जड़त्वीय वैद्युत-स्थैतिक परावर्तन संलयन (IECF) उपकरण की कार्यक्षमता में सुधार की जाँच गतिकीय सिमुलेशन के माध्यम से की गई है। पहले हमने 10^6 न्यूट्रॉन प्रति सेकंड की न्यूट्रॉन उत्पन्न दर प्राप्त की थी, लेकिन व्यापक अनुप्रयोगों के लिए इससे अधिक दर और बेहतर प्लाज़्मा बंधन आवश्यक है। हमने पारंपरिक एकल-ग्रिड IECF उपकरण की तुलना एक त्रि-ग्रिड संस्करण से की, ताकि आयन बंधन के लिए बहु-ग्रिड उपयोग के लाभों का मूल्यांकन किया जा सके। हमारे कम्प्युटेशनल मॉडल, जो 2D-3V XOOPIC कोड का उपयोग करते हैं, संकेत देते हैं कि अनुकूलित विभवों के साथ त्रि-ग्रिड उपकरण आयन बंधन को काफी हद तक बेहतर बना सकता है। मॉडल दिखाते हैं कि त्रि-ग्रिड डिज़ाइन आयन किरणों को केंद्र की ओर अधिक प्रभावी ढंग से निर्देशित करता है, जबकि एकल-ग्रिड डिज़ाइन में आयनों का वितरण अधिक बिखरा हुआ होता है। इससे त्रि-ग्रिड प्रणाली में आयनों का जीवनकाल लंबा होता है, जो इसके परिवर्तित वैद्युत-स्थैतिक क्षेत्रों के कारण है। मानक एकल-ग्रिड IECF उपकरण में आयन हानि के प्राथमिक कारण हैं: अव्यवस्थित आयन पथ और अवशिष्ट गैसों के साथ अंतःक्रियाएं। बहुत निम्न पृष्ठभूमि गैस दाब पर त्रि-ग्रिड उपकरण को केंद्रित क्षेत्र संरचना के साथ संचालित करके हमें बेहतर आयन बंधन प्राप्त होने की आशा है (चित्र A.3.13)।

पल्स प्लाज़्मा त्वरक में हाइड्रोजन प्लाज़्मा स्ट्रीम के संपर्क में आने पर टंगस्टन सतह का व्यवहार: इस कार्य में उच्च वेग वाली हाइड्रोजन प्लाज़्मा स्ट्रीम को टंगस्टन सब्सट्रेट्स पर गिरने दिया गया, जिन्हें इलेक्ट्रोड के सिरे से 10 सेमी की दूरी पर रखा गया था। इस स्थिति पर हाइड्रोजन प्लाज़्मा स्ट्रीम की मापी गई ऊष्मा ऊर्जा घनता 0.205 MJ/m² है, जो कि बाहरी रूप से लगाए गए 0.1 टेस्ला के अनुदैर्ध्य चुम्बकीय क्षेत्र के प्रभाव में बढ़कर 0.224 MJ/m² हो जाती है। संपर्क में आए नमूनों की विशेषता का निर्धारण एक्स-रे विवर्तन (XRD) विश्लेषण, फील्ड एमिशन स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (FESEM) तथा एनर्जी डिस्पर्सिव एक्स-रे (EDX) विश्लेषण के माध्यम से किया गया। इस स्थिति में प्लाज़्मा-पदार्थ की अन्तःक्रिया (PMI) के कारण टंगस्टन की सतह पर केवल एक बार के संपर्क में ही ब्लिस्टर (छाले) बन जाते हैं। हालांकि, जब चुंबकीय क्षेत्र के तहत प्लाज़्मा स्ट्रीम का 5 बार संपर्क कराया गया, तो दरारें बनना शुरू हो गईं। SEM विश्लेषण में दरारें, टूटी सतह पर तल का विस्थापन, धूल का निर्माण और पुनः निक्षेपण देखा गया, जबकि XRD विश्लेषण में संपर्क में आए नमूनों में अवशिष्ट तनाव देखा गया। जैसे-जैसे प्लाज़्मा के संपर्क की संख्या बढ़ाई गई (क्रमशः 5, 10 और 15 बार), दरारें और अधिक चौड़ी होती गईं। सबसे बड़ी दरारों की चौड़ाई 1 माइक्रोन से अधिक पाई गई (चित्र 2)। इस प्रकार की अन्तःक्रिया के परिणाम, जिसमें टंगस्टन पर प्लाज़्मा स्ट्रीम की ऊष्मा ऊर्जा घनता लगभग 0.2 MJ/m² होती है, यह संकेत करते हैं कि यह या तो Type-I Edge Localized Mode (ELM) के एक निम्न संस्करण जैसा है या फिर एक निम्न ऊर्जा वाला Type-I ELM है। प्रस्तुत परिणाम फ्यूजन रिएक्टर के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं।



चित्र 1: चित्र A.3.10:a) IECF प्रायोगिक सेटअप b) त्रि-ग्रिड विन्यास के लिए 3D सतही विभव प्रोफ़ाइल c) एकल-ग्रिड आयन चरण स्पेस प्लॉट d) त्रि-ग्रिड आयन चरण स्पेस प्लॉट



चित्र A.3.11: a) टंगस्टन सतह पर प्लाज़्मा स्ट्रीम के संपर्क में आने से बने ब्लिस्टर (छाले) b) टंगस्टन सतह पर प्लाज़्मा स्ट्रीम के संपर्क में आने से बनी दरारें

ऋणात्मक हाइड्रोजन आयनों का निष्कर्षण: ऋणात्मक हाइड्रोजन आयनों को निगेटिव हाइड्रोजन आयन निष्कर्षण प्रयोगशाला में नए प्रायोगिक सेटअप का उपयोग करके सफलतापूर्वक निष्कर्षित किया गया। यह निष्कर्षण एक दो-ग्रिड प्रणाली के माध्यम से किया गया, जिसमें एक प्लाज़्मा ग्रिड और एक निष्कर्षण ग्रिड शामिल थे। प्लाज़्मा ग्रिड को उच्च वोल्टेज (HV) पावर सप्लाई के ऋणात्मक टर्मिनल से जोड़ा गया था, जबकि निष्कर्षण ग्रिड को विद्युत रूप से ग्राउंड किया गया था। निर्वात चेंबर को खाली करने के बाद, दो-ग्रिड प्रणाली को तीन अवस्थाओं में कंडीशन किया गया: निर्वात में, न्यूनतम हाइड्रोजन गैस दाब के साथ, और प्लाज़्मा उत्पादन के बाद। इस कंडीशनिंग प्रक्रिया के माध्यम से ग्रिड प्रणाली लगभग 6 kV उच्च वोल्टेज को सहन करने में सक्षम हो गई। निष्कर्षण अनुभाग में, निष्कर्षण ग्रिड से लगभग 5 सेमी दूरी पर एक फैरेडे कप स्थापित किया गया। हाइड्रोजन प्लाज़्मा का निर्माण फिलामेंटरी DC डिस्चार्ज तकनीक से किया गया, जिसमें लगभग 10 A का डिस्चार्ज करंट प्राप्त किया गया और इसके लिए लगभग 100 V का डिस्चार्ज वोल्टेज लगाया गया। हाइड्रोजन गैस का दबाव लगभग 2×10^(-4) mbar पर बनाए रखा गया। प्लाज़्मा निर्माण के बाद, ग्रिड प्रणाली के पार 6 kV वोल्टेज लगाया गया, साथ ही स्रोत (नकारात्मक टर्मिनल) और प्लाज़्मा ग्रिड के बीच 9 V अतिरिक्त वोल्टेज भी आपूर्ति की गई। नकारात्मक हाइड्रोजन आयनों के उत्पादन के लिए, सबसे पहले टंगस्टन (W) धूल कणों को सीज़ियम (Cs) से कोट किया गया। इसके लिए दो Cs की शीशियों को तोड़ा गया और अवन को 150°C तक गर्म किया गया। इस अवस्था में, फैरेडे कप से जुड़े इलेक्ट्रोमीटर (जो एक वैक्यूम फीडथ्रू के जरिए जुड़ा था) ने लगभग 0.04 mA का एक अनियमित करंट रिकॉर्ड किया। इसके बाद टंगस्टन धूल कणों को ऊपर से डाला गया, जो डस्ट कोटिंग यूनिट (DCU) से होकर गुजरते हुए प्लाज़्मा में पहुंचे। जैसे ही ये धूल कण प्लाज़्मा में पहुँचे, इलेक्ट्रोमीटर द्वारा मापा गया करंट बढ़कर 2.21 mA हो गया। सीज़ियम-कोटेड टंगस्टन धूल के साथ और बिना मापे गए करंट के अंतर (~2.17 mA) को ऋणात्मक हाइड्रोजन आयनों की उपस्थिति से जोड़ा गया है (चित्र A.3.12)।



चित्र A.3.12: पॉज़िटिव बायस प्लेट (लाल रंग में दर्शाई गई) सहित प्रायोगिक सेटअप की रूपरेखा

अपशिष्ट जल उपचार हेतु एक-आयामी टंगस्टन ऑक्साइड नैनोमटीरियल्स के संश्लेषण पर अध्ययन: हमारे पूर्ववर्ती अध्ययनों से यह ज्ञात हुआ है कि उचित स्टॉइकियोमेट्री वाले, उच्च क्रिस्टलिनिटी और छोटे कण आकार वाले टंगस्टन ऑक्साइड नैनोमटीरियल्स ऑप्टिकल प्रकाश के अंतर्गत हानिकारक डाई के फोटोकैटलिटिक अपघटन, प्रदूषकों के सतह अवशोषण तथा एंटीबैक्टीरियल गुणों के माध्यम से अपशिष्ट जल के समग्र उपचार के लिए अत्यंत उपयुक्त हो सकते हैं। यदि इन्हें एक-आयामी (1D) धातु-ऑक्साइड संरचनाओं के रूप में बनाया जाए, तो ये और भी प्रभावशाली हो सकते हैं, क्योंकि इस रूप में इनकी छिद्रता और विशिष्ट सतह क्षेत्रफल कहीं अधिक होता है। न सामग्रियों के निर्माण हेतु टंगस्टन (W) को -45 V के ऋणात्मक बायस पर रखकर बहुत उच्च हीलियम आयन फ्लक्स (He^+, लगभग $10^{23}\ m^{-2}s^{-1}$) के तहत विकिरणित किया गया। इस प्रक्रिया में लक्ष्य तापमान (780°C से 1426°C) और He^+ फ्लुएंस ($3.1\times10^{26}\ m^{-2}$ से $1.7\times10^{27}\ m^{-2}$) को विभिन्न स्थितियों में बदला गया, ताकि फिलामेंट जैसी W-नैनोसंरचनाएं बन सकें। इसके बाद इन नमूनों को एक ट्यूबलर भट्ठी में 400°C पर 1 घंटे तक तपाया किया गया, जिससे ये ऑक्साइड में परिवर्तित हो सकें। इस प्रक्रिया से बने एक-आयामी γ-WO_3 नैनो-टेंड्रिल्स (सूत्र रूपी संरचनाएं) अपनी मूल संरचना और आकार को बड़े पैमाने पर बनाए रखते हैं। 995°C तापमान और $3.1\times10^{26}\ m^{-2}$ आयन फ्लुएंस पर संश्लेषित नमूना, जिसकी फज-लेयर (फाइबर जैसी परत) की मोटाई कुछ माइक्रॉन होती है, इस लक्षित अनुप्रयोग के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया है। इस नैनो-सामग्री का एक विशेष लाभ यह है कि उपचार प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद इसे पानी से आसानी से अलग किया जा सकता है, क्योंकि ये ऑक्साइड-टेंड्रिल्स टंगस्टन प्लेट से जुड़े रहते हैं। सबसे उच्च तापमान (1426°C) और सबसे लंबी आयन फ्लुएंस ($1.7\times10^{27}\ m^{-2}$) की स्थिति में बहुत मोटी फज-लेयर बनती है, परंतु उस नमूने में छिद्रता और सतही क्षेत्रफल अपेक्षाकृत कम होते हैं, क्योंकि उसमें बने टेंड्रिल्स का आकार बड़ा होता है और वे आपस में अत्यधिक संकुचित हो जाते हैं। हमने इस प्रक्रिया में बनने वाले सब-सतही हीलियम बुलबुलों की उत्पत्ति के मूलभूत तंत्र का भी अध्ययन किया, जिन्हें इन टेंड्रिल्स के निर्माण के पूर्वगामी के रूप में माना जाता है, विशेषकर उच्च तापमान और लंबी आयन फ्लुएंस की स्थितियों में। अध्ययन में यह पाया गया कि बहुत बड़े — माइक्रोन आकार तक के हीलियम बुलबुले — सतह के नीचे बने रहते हैं, क्योंकि उच्च तापमान की वजह से हीलियम क्लस्टर्स और छोटे बुलबुलों की गतिशीलता बहुत बढ़ जाती है, जिससे वे तेजी से मिलकर बड़े बुलबुलों में सहसंयोजन कर लेते हैं (चित्र A.3.16)।



चित्र A.3.13 FESEM माइक्रोग्राफ यह दर्शाता है कि 995°C लक्ष्य तापमान और $3.1\times10^{26}\ m^{-2}\ He^+$ आयन फ्लुएंस पर बनाए गए टंगस्टन -ऑक्साइड नैनो-टेंड्रिल्स मूल धात्विक फिलामेंट्स की संरचना को बनाए रखते हैं (ऊपर-बाएँ)।उसी W प्लेट लक्ष्य की क्रॉस-सेक्शन छवि (ऊपर-दाएँ) में माइक्रोन मोटी फज-ऑक्साइड परत दिखाई देती है, जिस पर EDX सुपरइम्पोज़ किया गया है। 1426°C तापमान और

1.7×10^{27} m^{-2} की सबसे अधिक आयन फ्लुएंस पर बने नमूने की FESEM छवि (नीचे-बाएँ) दिखाती है कि बहुत बड़े टेंड्रिल्स का निर्माण हुआ है। उसी नमूने के क्रॉस-सेक्शन की FESEM छवि (नीचे-दाएँ) यह पुष्टि करती है कि W-टेंड्रिल्स अत्यधिक संकुचित हो चुके हैं और माइक्रोन आकार के हीलियम बुलबुले बने हैं।

<u>प्लाज़्मा इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से टंगस्टन ट्राइऑक्साइड नैनो-पार्टिकल्स का संश्लेषण:</u> टंगस्टन वायर इलेक्ट्रोड्स का उपयोग करते हुए प्लाज़्मा इलेक्ट्रोलिसिस की प्रक्रिया के दौरान जब कैथोड पर प्लाज़्मा बनता है, तो एनोड के एनोडिक विघटन और कैथोड के तापीय वाष्पन के माध्यम से इलेक्ट्रोलाइट में टंगस्टन ऑक्साइड के नैनो-पार्टिकल्स का निर्माण होता है। इस प्रक्रिया के बाद घोल को सेंट्रीफ्यूज करके सुखाया गया, जिससे नीला पाउडर प्राप्त हुआ। इस पाउडर को 550°C पर 4 घंटे एनील करने पर हरा-पीला पाउडर प्राप्त हुआ, जिसकी उत्पादन दर लगभग 0.636 ग्राम प्रति घंटा रही। XRD विश्लेषण से यह पुष्टि हुई कि तैयार नमूने टंगस्टन ट्राइऑक्साइड (WO_3) नैनो-पार्टिकल्स हैं। इनकी फोटोकैटलिटिक गतिविधि की जाँच 150 ml की 20 ppm मेथिलीन ब्लू (MB) डाई घोल में 30 mg WO_3 नैनो-पार्टिकल्स और 0.75 ml H_2O_2 मिलाकर की गई। इस मिश्रण को दृश्य प्रकाश (visible light) के संपर्क में रखा गया। चित्र A.3.13 में दिखाया गया है कि 100 मिनट के प्रकाश संपर्क के भीतर डाई का पूर्ण अपघटन हो गया। वहीं, वे नमूने जो या तो अंधेरे में रखे गए, या केवल H_2O_2 या केवल WO_3 नैनो-पार्टिकल्स के साथ प्रकाश में रखे गए, उनमें डाई अपघटन न के बराबर रहा।

<u>सम अक्षीय डाइइलेक्ट्रिक डिस्चार्ज प्लाज़्मा प्रणाली में अमोनियम नाइट्रेट जैसे N_2-फिक्सेशन उत्पादों का उत्पादन:</u> प्लाज़्मा-प्रेरित रासायनिक प्रक्रियाएं वर्तमान में कृत्रिम N_2-फिक्सेशन के हरित विकल्प के रूप में व्यापक रूप से शोध का विषय बनी हुई हैं। गैर-



चित्र A.3.14: WO_3 नैनो-पार्टिकल्स के साथ और दृश्य प्रकाश के संपर्क में रखने पर मेथिलीन ब्लू (MB) डाई घोल की अपघटन दक्षता

तापीय प्लाज़्मा की सहायता से NH_3 संश्लेषण एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है, क्योंकि NH_3 स्वयं एक N_2- फिक्सेशन का घटाया हुआ अंतिम उत्पाद होता है। हमने यह फिक्सेशन सम अक्षीय डाइइलेक्ट्रिक बैरियर डिस्चार्ज (DBD) प्लाज़्मा रिएक्टर में किया। इसमें सूखी फीड गैस को डी-आयनाइज्ड पानी के अंदर से बबल कराकर रिएक्टर में प्रवाहित किया गया — जिसे प्लाज़्मा-वाटर इंटरैक्शन (PWI) की स्थिति कहा गया। यह विधि NH_3 संश्लेषण हेतु एक सरल लेकिन प्रभावशाली तकनीक पाई गई। वास्तव में, इस PWI विधि में प्राप्त कुल आयन सांद्रता ($PWI\text{-}C_{NO3^- + NH4^+} \approx 34mM$) नमी युक्त गैस ($C_{NO3^- + NH4^+} \approx 21mM$) और सूखी गैस विधि ($C_{NO3^- + NH4^+} \approx 19$ mM) की तुलना में 1.6 से 1.8 गुना अधिक थी। इस अध्ययन में, 3 घंटे प्लाज़्मा एक्सपोज़र के दौरान सूखी गैस के साथ NH_4^+ उत्पादन की ऊर्जा लागत ~0.1 MJ/mol पाई गई। जब नमी युक्त गैस का उपयोग किया गया, तो यह लागत घटकर ~0.02 MJ/mol हो गई। लेकिन PWI अवस्था में, यह लागत और भी घटकर ~0.0054 MJ/mol रह गई, जो कि एक महत्वपूर्ण सुधार है। इस PWI तकनीक की विशिष्टता यह है कि इसमें N_2 और H_2 को अलग से तैयार करने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि इसमें वायु और पानी को सीधे नाइट्रोजन और हाइड्रोजन स्रोत के रूप में प्रयोग किया जाता है — जिससे ऊर्जा की बचत होती है। अतः यह विधि स्थानीय, लघु-स्तरीय अमोनियम उत्पादन के लिए उपयुक्त और व्यावहारिक है। इसके अलावा, हमारे सिस्टम में उत्पन्न NO_3^- और NH_4^+ उत्पाद यह संकेत देते हैं कि संभवतः NH_4NO_3 (अमोनियम नाइट्रेट) का निर्माण हो रहा है, जो कि एक लाभकारी उर्वरक उत्पाद है (चित्र 3.18)।

A3.5 व्युत्क्रम चुंबकीय प्लाज़्मा प्रायोगिक उपकरण (आई एम पी ई डी)

व्युत्क्रम चुंबकीय प्लाज़्मा प्रायोगिक उपकरण (आई एम पी ई डी) एक रैखिक प्लाज़्मा उपकरण है जिसकी लंबाई लगभग 3 मीटर है। यह



चित्र A.3.15: 15 kV AC प्लाज़्मा डिस्चार्ज वोल्टेज और 1 $Lmin^{-1}$ की फ्लो रेट के तहत NO3- और NH4+ आयन कंसंट्रेशन में समय पर निर्भर बदलाव।

उपकरण एक समान अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव में लगभग 2.2 मीटर लंबा समान प्लाज़्मा स्तंभ उत्पन्न करता है।आई एम पी ई डी का एक विशिष्ट प्रायोगिक नियंत्रण पैरामीटर है Rm = Bm / Bs, जहाँ Bm और Bs क्रमशः मुख्य तथा स्रोत कक्षों के चुंबकीय क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। Rm के मान को परिवर्तित करके, घनत्व, तापमान तथा विभव



चित्र A.3.16: 15 kV AC प्लाज़्मा डिस्चार्ज वोल्टेज और 1 Lmin^{-1} की फ्लो रेट के तहत NO3- और NH4+ आयन कंसंट्रेशन में समय पर निर्भर बदलाव।

जैसी संतुलन अवस्थाओं में आवश्यक प्रवणताएँ उत्पन्न की जाती हैं। ये प्रवणताएँ अंतर्निहित दोलनों को उत्तेजित करने हेतु आवश्यक मुक्त ऊर्जा प्रदान करती हैं।ये दोलन निम्न-आवृत्ति अस्थिरताएँ उत्पन्न करते हैं, जिनमें ड्रिफ्ट वेव, रेली–टेलर तथा केल्विन–हेल्महोल्ट्ज़ अस्थिरताएँ शामिल हैं। ये अस्थिरताएँ असामान्य क्रॉस-फील्ड परिवहन को बढ़ाती हैं और प्लाज़्मा के संधारण को कमजोर करती हैं — ठीक उसी प्रकार जैसे टोरॉइडल संलयन उपकरणों जैसे टोकामक में देखा जाता है। हाल ही में आई एम पी ई डी में DW और KH अस्थिरताओं के सह-अस्तित्व का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया है तथा उनके गैर-रेखीय अंतःक्रियाओं के माध्यम से परिवहन के नियमन के तंत्रों की पहचान की गई है। इसके अतिरिक्त, एक ऐसा पैरामीटर क्षेत्र भी देखा गया है जहाँ RT और KH प्रकार की बांसुरी-जैसी अस्थिरताएँ साथ-साथ विद्यमान रहती हैं, जिनका पारस्परिक युग्मन टकरावशीलता पर अत्यधिक निर्भर पाया गया है — यह स्थिति आयनोस्फेरिक प्लाज़्मा जैसी परिस्थितियों के समान है।इस व्यवहार में घनत्व प्रवणता स्केल लंबाई तथा शीयर स्केल लंबाई का पारस्परिक संबंध महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसे घनत्व एवं विद्युत क्षेत्र प्रोफ़ाइल में संशोधन द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। विशेष रूप से, निम्न-Rm क्षेत्र में रेडियल डी.सी. विद्युत क्षेत्र का मान 180 V/m तक पहुँच सकता है, जहाँ शीयर-प्रेरित प्रभाव प्रमुख रहते हैं।प्राथमिक अस्थिरताओं के अतिरिक्त, द्वितीयक मीज़ो-स्केल संरचनाएँ जैसे जोनल फ्लो और स्ट्रिमर की भी पहचान की गई है, जो अस्थिर DW या KH मोड्स के बीच क्रमिक त्रि-तरंग युग्मन के माध्यम से विकसित होती हैं।जोनल फ्लो और स्ट्रिमर विशेष रूप से आईटीईआर जैसे संलयन प्लाज़्मा में महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि वे अशांति और परिवहन को नियंत्रित करते हैं, यद्यपि इन द्वितीयक संरचनाओं पर प्रायोगिक अध्ययन अब तक सीमित हैं। इन संरचनाओं के गठन एवं गतिकी की उन्नत समझ न केवल संलयन उपकरणों में क्रॉस-फील्ड परिवहन के नियंत्रण हेतु रणनीतियों के विकास में सहायक होगी, बल्कि मौलिक खगोलीय तथा अंतरिक्ष प्लाज़्मा में होने वाली समान प्रक्रियाओं के बारे में भी महत्त्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी।

A3.6 सूक्ष्मतरंग प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए (सिम्पल – *SYMPLE)* उपकरण

प्लाज़्मा तथा विद्युतचुंबकीय तरंगों के विभिन्न शक्ति स्तरों पर परस्पर अंतःक्रिया के अध्ययन हेतु SYMPLE प्रणाली की स्थापना की गई है। यह प्रणाली उच्च शक्ति माइक्रोवेव स्रोत को प्लाज़्मा से संयोजित कर संचालित की जाती है, जैसा कि चित्र 2.11.11 में दर्शाया गया है। विद्युतचुंबकीय तरंगों के प्लाज़्मा में रैखिक अनुनाद अवशोषण को स्पष्ट करने के उद्देश्य से किए गए प्रयोगों के अंतर्गत, निम्न शक्ति (लगभग 100 वाट) परीक्षण किए गए। इन प्रयोगों का उद्देश्य प्लाज़्मा में तरंग अवशोषण के सैद्धांतिक रूप से प्रत्याशित Dinizov-सदृश निर्भरता का प्रायोगिक सत्यापन करना था।

विशेष रूप से अनुनाद तरंग अवशोषण के उद्देश्य से इन प्रयोगों के लिए, अनुकूलित और नियंत्रित किए जाने वाले मापदंडों में शामिल हैं,

(i) $\sin^{-1}\sqrt{\varepsilon_{r,crit}}$ द्वारा दिया गया “प्रभावी घटना कोण q_{eff}” जहां

चित्र A.3.17: SYMPLE प्रायोगिक संयोजन —.1 मोड कन्वर्टर.2 , डी.सी. ब्रेक.3 , स्टब ट्यूनर.4 , डायरेक्शनल कपलर.5 , सर्कुलेटर.6 , वेरिएबल एटेन्युएटर.7 , डमी लोड.8 , मैग्नेट्रॉन तथा.9 इलेक्ट्रोमैग्नेट।

"$e_{r,crit}$ " तरंग वापसी के स्थान के अनुरूप प्लाज़्मा की सापेक्ष विद्युतशीलता है, जो माइक्रोवेव मोड और प्लाज़्मा रेडियल सीमा पर निर्भर करती है, और (ii) प्लाज़्मा अक्षीय घनत्व ढाल स्केल लंबाई Ln। इस प्रकार प्रयोगों में तरंग के उत्तेजित मोड के साथ-साथ प्लाज़्मा रेडियल और अक्षीय घनत्व विस्तार और प्रोफाइल पर सावधानीपूर्वक नियंत्रण की आवश्यकता होती है। विभिन्न मोड (जैसे TM01, TM02, TM03 आदि) को TE-TM मोड कनवर्टर के साथ उपयुक्त माइक्रोवेव स्टेप ट्रांजिशन संरचनाओं को स्थापित करके उत्प्रेरित किया गया। अति -घने प्लाज़्मा में तरंग के आंशिक अवशोषण को विभिन्न तरंग और प्लाज़्मा प्राचलों के लिए तरंग परावर्तन प्रयोगों का उपयोग करके मापा जाता है। चित्र 2.11.2 प्रारंभिक प्रायोगिक परिणामों को दर्शाता है जहाँ प्राप्त अवशोषण आँकड़े सैद्धांतिक डिनिज़ोव-वक्र (नीला वक्र) के दाहिने आधे भाग पर लागू होते हैं।

त्रुटियों को न्यूनतम करने, सम्पूर्ण पैरामीट्रिक रेंज को कवर करने तथा अनुनाद तरंग अवशोषण के सिद्धांत को मान्य करने के लिए अधिक डेटा उत्पन्न करने के लिए प्रयोग चल रहे हैं, जो कि अभी तक प्रयोगात्मक रूप से बहुत कम खोजा गया क्षेत्र है।



चित्र A.3.18: आंशिक तरंग अवशोषण बनाम पैरामीटर 't', जो तरंग के प्रभावी आपतित कोण, प्लाज़्मा की रेडियल सीमा, और प्लाज़्मा की अक्षीय घनत्व-ढाल स्केल लंबाई का एक फलन है।

A4. प्लाज़्मा आधारित प्रौद्योगिकियाँ और अनुप्रयोग

प्लाज़्मा आधारित प्रौद्योगिकियाँ और उनके अनुप्रयोग एक ऐसा प्रमुख क्षेत्र हैं जिनके दूरगामी तकनीकी और सामाजिक लाभ हैं। इन क्षेत्रों में नई परियोजनाएँ जोड़ी गई हैं और उल्लेखनीय प्रगति जारी है। वर्तमान वर्ष की मुख्य उपलब्धियाँ निम्नलिखित उप-खंडों में विस्तृत रूप से दी गई हैं।

A4.1 प्लाज़्मा सतह इंजीनियरिंग अनुप्रयोग ………………………………………...60
A4.2 वायुमंडलीय प्लाज़्मा अनुप्रयोग ……………………………………………62
A4.3 प्लाज़्मा थ्रस्टर प्रौद्योगिकी ……………………………………………….63
A4.4 अन्य प्रौद्योगिकियाँ ……………………………………………...…………64

A4.1 प्लाज़्मा सतह इंजीनियरिंग अनुप्रयोग

प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्लाज़्मा प्रजातियों से प्रेरित कार्बेन्डाज़िम अपघटन का प्रतिक्रियाशील आणविक गतिकी (RMD) सिमुलेशन: कार्बेन्डाज़िम (CBZ) एक प्रणालीगत बेंज़िमिडाज़ोल कार्बामेट फफूंदनाशी (fungicide) है, जिसका उपयोग कृषि, वानिकी तथा पशु चिकित्सा में फफूंदजनित रोगों से बचाव हेतु किया जाता है। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा एक खतरनाक रासायनिक पदार्थ के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यद्यपि ठंडे वायुमंडलीय प्लाज़्मा ने प्रयोगात्मक रूप से कीटनाशकों के अपघटन में उत्कृष्ट परिणाम प्रदर्शित किए हैं — जैसे उच्च निष्कासन दर, ऊर्जा दक्षता तथा पर्यावरण–अनुकूल विशेषताएँ — तथापि, RMD सिमुलेशन रासायनिक बंधों के टूटने और बनने की प्रक्रियाओं का अनुमान लगा सकते हैं जो इन अंतःक्रियाओं के दौरान घटित होती हैं। RMD सिमुलेशन के उपयोग से प्राथमिक अभिक्रिया मार्गों की पहचान की गई है, जो यह दर्शाते हैं कि किस प्रकार प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियाँ (ROS) — जैसे ऑक्सीजन परमाणु (O), हाइड्रॉक्सिल रेडिकल (OH•), तथा ओज़ोन अणु (O_3) — CBZ के अपघटन मार्गों को प्रेरित करती हैं। ROS और मेथॉक्सीकार्बोनाइल समूह के बीच अभिक्रिया प्रक्रिया के दौरान चार संभावित अंतःक्रिया तंत्र (जिन्हें R_1, R_2, R_3, तथा R_4 के रूप में दर्शाया गया है) की पहचान की गई है (चित्र A.4.1)।

इलेक्ट्रॉन-समृद्ध मिथाइल समूह की उपस्थिति के कारण, पहली अभिक्रिया $-CH_3$ समूह से हाइड्रोजन अपसारण (H-abstraction) अभिक्रिया के रूप में होती है, जिसके परिणामस्वरूप एक अस्थिर संरचना बनती है जो चार विभिन्न अभिक्रिया मार्गों को सक्रिय करती है। अभिक्रिया R_1 को OH रेडिकल्स तथा O_3 अणुओं के साथ देखा जा सकता है, जबकि R_2, R_3, और R_4 अभिक्रियाएँ ऑक्सीजन परमाणुओं (O) और O_3 अणुओं के साथ घटित होती हैं। मेथॉक्सीकार्बोनाइल समूह का विघटन सदैव विषाक्तता में कमी का कारण बनता है। सिमुलेशन परिणामों से यह संकेत मिलता है कि जैसे-जैसे प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियों (ROS) की सांद्रता बढ़ती है, वैसे-वैसे हाइड्रोजन अपसारण तथा C–O बंधन बनने की घटनाओं में भी वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, सिमुलेशन यह दर्शाते हैं कि OH, O तथा O_3 प्रजातियाँ हाइड्रोजन अपसारण/डिहाइड्रोजनेशन, ऑक्सीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और डीकार्बॉक्सिलेशन जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से विषैले मेथॉक्सीकार्बोनाइल समूह का विनाश करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप CO_2 जैसे छोटे अणुओं का निर्माण होता है। इस प्रमुख संरचना के विघटन से CBZ की जैविक सक्रियता में कमी का संकेत मिलता है। प्राप्त रासायनिक अभिक्रिया मार्गों तथा सांख्यिकीय आंकड़ों से CBZ के परमाण्विक-स्तर के अपघटन तंत्र की समझ विकसित होती है, जो भविष्य के अनुप्रयोगों में कीटनाशक अपघटन रणनीतियों के अनुकूलन हेतु एक सैद्धांतिक आधार प्रदान करती है।



चित्र A.4.1: CBZ के मेथॉक्सीकार्बोनाइल समूह पर प्राप्त विभिन्न अभिक्रिया मार्ग।

<u>पॉलीप्रोपाइलीन वस्त्र पर मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग तकनीक द्वारा प्रतिजैविक (Antibacterial) कॉपर ऑक्साइड कोटिंग:</u>



चित्र A.4.2: कोटेड और अनकोटेड वस्त्र —अनकोटेड पॉलीप्रोपाइलीन (UC-PP),कॉपर-लेपित पॉलीप्रोपाइलीन (CPP),5% ऑक्सीजन आंशिक दाब पर कॉपर ऑक्साइड (COPP5), 20% ऑक्सीजन आंशिक दाब पर कॉपर ऑक्साइड (COPP20), 30% ऑक्सीजन आंशिक दाब पर कॉपर ऑक्साइड (COPP30)।

मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग तकनीक के माध्यम से पॉलीप्रोपाइलीन (PP) वस्त्रों पर कॉपर तथा उसके ऑक्साइड्स की परतें विभिन्न ऑक्सीजन आंशिक दाबों पर निक्षेपित की गई हैं। इन कॉपर ऑक्साइड परतों की उपस्थिति की पुष्टि सतह संरचना विश्लेषण द्वारा की गई है, जिसमें स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (SEM) तथा एक्स-रे विवर्तन (XRD) तकनीकों का उपयोग किया गया। इसके अतिरिक्त, लेपित वस्त्रों की प्रतिजैविक (antibacterial) प्रभावशीलता का भी अध्ययन किया गया। प्रतिजैविक परीक्षण परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि कॉपर तथा कॉपर ऑक्साइड दोनों ही ग्राम-पॉज़िटिव जीवाणुओं (gram-positive bacteria) के विरुद्ध उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, जिससे 4-लॉग की कमी प्राप्त होती है। विभिन्न ऑक्सीजन आंशिक दाबों पर लेपित वस्त्रों की छवियाँ तथा उनकी पहचान हेतु प्रयुक्त संक्षिप्त नाम चित्र A.4.2 में दर्शाए गए हैं।



चित्र A.4.3: (a) CPP, (b) COPP20 तथा (c) UC-PP के लिए AATCC -100 विधि द्वारा प्राप्त जीवाणुरोधी प्रभावशीलता।

ऑक्सीजन के आंशिक दाब से कोटिंग सतहों की उपस्थिति प्रभावित होती है, जो ऑक्साइड बनने की भिन्न मात्रा के कारण हो सकती है। AATCC-100 परीक्षण के लिए तीन प्रकार के कपड़ों — बिना कोटिंग वाले, कॉपर-कोटेड तथा कॉपर ऑक्साइड-कोटेड (COPP20) — का चयन किया गया है। यह परीक्षण संपर्क द्वारा जीवाणुनाशक क्रिया का मूल्यांकन करता है और मात्रात्मक आँकड़े प्रदान करता है। इन कपड़ों में, केवल ऑक्साइड चरणों से बने COPP20 की जीवाणुरोधी प्रभावशीलता की तुलना CPP और UC-PP के साथ की गई है। चित्र A.4.3 में ग्राम-पॉज़िटिव जीवाणु (*Staphylococcus aureus*) तथा ग्राम-नेगेटिव जीवाणु (*Klebsiella pneumoniae*) के लिए प्रत्येक प्रकार के कपड़े पर बने कॉलोनियों की संख्या प्रदर्शित की गई है। प्राप्त CFU परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि बिना कोटिंग वाला कपड़ा (UC-PP) 24 घंटे के संपर्क के बाद अधिक जीवाणु वृद्धि का समर्थन करता है, जबकि कोटेड कपड़े (CPP और COPP20) पर कॉलोनियों का निर्माण उल्लेखनीय रूप से कम पाया गया।

अंतरिक्ष यान प्लाज़्मा अंतःक्रिया प्रयोग – SPIX-III: प्लाज़्मा अध्ययन प्रयोगों में पृथ्वी की निचली कक्षा (Low Earth Orbit – LEO) की स्थितियों का अनुकरण करने हेतु, प्लाज़्मा घनत्व को $1 - 5 \times 10^{12}$ / m^3 की सीमा में तथा इलेक्ट्रॉन तापमान को 3 eV - 5 eV की सीमा में रखा गया। ये LEO प्लाज़्मा मापदंड देश में विकसित इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन रेज़ोनेंस (ECR) प्लाज़्मा स्रोत, जिसे SPIX सेटअप के साथ एकीकृत किया गया है, के उपयोग से प्राप्त किए गए हैं।



चित्र A.4.4: प्लाज़्मा उत्पादन हेतु देश में विकसित ECR प्लाज़्मा स्रोत।



चित्र A.4.5: नए ECR प्लाज़्मा स्रोत का उपयोग करते हुए किए गए LEO प्राथमिक आर्क (arc) प्रयोग के दौरान कैप्चर किए गए आर्क स्थान।

देश में विकसित ECR स्रोत के प्रदर्शन को सत्यापित करने के लिए, LEO के प्राथमिक प्रयोग एक परीक्षण सौर कूपन पर किए गए। चित्र A.4.5 में नए विकसित ECR प्लाज़्मा स्रोत का उपयोग करते हुए किए गए LEO प्राथमिक आर्क प्रयोग के दौरान विभिन्न आर्क स्थानों को प्रदर्शित किया गया है। कुल 41 LEO एवं GEO प्रयोग विस्तारित SPIX -III सुविधा में, URSC, बेंगलुरु द्वारा प्रदत्त विभिन्न प्रकार के सौर कूपनों पर संपन्न किए गए।

A4.2 वायुमण्डलीय प्लाज़्मा के अनुप्रयोग

आईपीआर में रौद्र™ प्लांट का परीक्षण:

चित्र A.4.6: a) वास्तविक छायाचित्र – (a) सामान्य तापमान डैम्पर तथा b) प्राथमिक चैम्बर

पाँच टन प्रति दिवस (5-TPD) क्षमता वाले रौद्र™ प्लांट की उप-प्रणालियाँ, जैसे प्राथमिक चैम्बर, द्वितीयक चैम्बर, गैस शुद्धिकरण प्रणाली, उच्च तापमान स्लाइड-प्लेट डैम्पर तथा सामान्य तापमान स्लाइड-प्लेट डैम्पर (चित्र 1) को एफ.सी.आई.पी.टी. परिसर में पहुँचाया गया है। इन उप-प्रणालियों का वांछित मापदंडों पर सफल परीक्षण करने के पश्चात रौद्र™ प्लांट का एकीकरण किया गया और प्राथमिक चैम्बर में तीन प्लाज़्मा टॉर्चों (चित्र A.4.6) को संचालित कर प्रारंभिक परीक्षण-परिचालन सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। वर्तमान में

चित्र A.4.7 एफ.सी.आई.पी.टी. परिसर में एकीकृत 5-टीपीडी RAU-DRA™ प्लांट का परीक्षण

इस रौद्र™ प्लांट का परीक्षण इसकी पूर्ण प्री-हीटिंग स्थितियों पर प्रगति पर है। सफल परीक्षण के पश्चात प्लांट को विघटित कर पैक किया जाएगा तथा इसे साझा बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी (CBWTF), वाराणसी भेजा जाएगा, जहाँ इसे ऑटोक्लेव, बायोमेडिकल वेस्ट श्रेडर, सतत् उत्सर्जन निगरानी प्रणाली, अपशिष्ट उपचार संयंत्र, नाइट्रोजन जनरेटर और ऑक्सीजन जनरेटर जैसी अन्य मशीनरी एवं उपकरणों के साथ स्थापित किया जाएगा।

एपीडी द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों हेतु इनक्यूबेशन समझौतों पर हस्ताक्षर:

स्टार्ट-अप्स एक्सकार्बन प्राइवेट लिमिटड और ईकोप्लासवा टेक्नॉलोजी प्राइवेट लिमिटड के साथ दो इनक्यूबेशन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। एक्सकार्बन का प्रमुख कार्यक्षेत्र अपशिष्ट से ऊर्जा अनुप्रयोग है और इसे आईपीआर की 'रौद्र' प्लाज़्मा पाइरोलिसिस प्रौद्योगिकी के वाणिज्यीकरण हेतु इनक्यूबेट किया गया है। वर्ष 2024-25 में आईपीआर की 'रौद्र' प्लाज़्मा पाइरोलिसिस प्रौद्योगिकी (जैविक अपशिष्ट के निपटान हेतु) के तकनीकी ज्ञान-हस्तांतरण तथा लाइसेंस प्रदान करने के लिए एक समझौता (चित्र A.4.8) एक्सकार्बन और एआईसी-प्लाज़्माटेक इन्नोवेशन फाउण्डेशन (AIC-Plasmatech)—जो कि आईपीआर द्वारा स्थापित एक धारा-8 कंपनी है—के बीच निष्पादित किया गया।

चित्र A.4.8: एक्सकार्बन प्रा. लि. के साथ किए गए इनक्यूबेशन समझौते।

इकोप्लासवा का उद्देश्य आईपीआर द्वारा पेटेंट की गई प्लाज़्मा एक्टिवेटड वॉटर प्रौद्योगिकी पर आधारित उत्पाद विकसित करना है, जिनका उपयोग डेयरी उद्योग में प्रयुक्त कंटेनरों की सफाई और कीटाणुशोधन के लिए किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह प्रौद्योगिकी कृषि अनुप्रयोगों — जैसे कि जैव-पोषण (bio-nutrition) और फसलों के लिए जैव-उर्वरक (bio-fertilizers) — में भी उपयोग की जाएगी (चित्र A.4.9)।

चित्र A.4.9: इकोप्लासवा टेक्नॉलोजिस प्रा. लि. के साथ किए गए इनक्यूबेशन समझौते।

A4.3 प्लाज़्मा थ्रस्टर प्रौद्योगिकी

हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर (HPT) एक प्रायोगिक प्रणाली है, जिसका उद्देश्य हेलिकॉन प्लाज़्मा का उपयोग करके थ्रस्ट (बल) उत्पन्न करना एवं प्रदर्शित करना है। इस प्रौद्योगिकी का उपयोग गहन अंतरिक्ष प्रणोदन में किया जा सकता है। थ्रस्ट प्रदर्शन प्रयोगों के लिए थ्रस्ट मापन सेंसर एक महत्वपूर्ण घटक है। चित्र A.4.10 (बाएँ) में दर्शाया गया थ्रस्ट बैलेंस सिस्टम सफलतापूर्वक 2 N तक के बलों को मापने के लिए अंशांकित किया गया है।

चित्र A.4.10 (दाएँ) में इस प्रणाली की प्राकृतिक आवृत्ति और स्व-शमन तंत्र प्रदर्शित किया गया है। प्रभावी स्व-शमन यह सुनिश्चित करता है कि बैलेंस शीघ्रता से स्थिर हो जाए, जिससे स्थायी और सटीक थ्रस्ट माप संभव हो सके। यह सेंसर अंतरिक्ष-स्तर की आवश्यकताओं जैसी विशिष्टताओं को पूरा करता है। सफल अंशांकन के पश्चात, इस थ्रस्ट बैलेंस प्रणाली को बड़े हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर सिस्टम के साथ प्रयोगात्मक संचालन और थ्रस्ट मापन के दौरान चित्र A.4.11 में दर्शाए अनुसार सहज रूप से एकीकृत किया गया।



चित्र A.4.10: (बाएँ) अंशांकन सेटअप। (दाएँ) बैलेंस की प्राकृतिक आवृत्ति का सिग्नल।



(a) (b)

चित्र A.4.11: (a) बड़ा हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर सिस्टम। (b) मापा गया थ्रस्ट डेटा।

इन प्रयोगों का एक प्रमुख उद्देश्य प्रणाली द्वारा उत्पन्न थ्रस्ट को अनुकूल करना था। इसके लिए विभिन्न परिचालन पैरामीटरों जैसे चुंबकीय क्षेत्र (B), गैस प्रवाह दर और रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) पावर को व्यवस्थित रूप से समायोजित किया गया ताकि प्लाज़्मा थ्रस्ट को मापा जा सके। इस कठोर अनुकूलन के परिणामस्वरूप, हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर सिस्टम ने 1-5 kW RF पावर और 1200 G चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग करते हुए 5–230 mN का प्रभावशाली थ्रस्ट उत्पन्न किया। यह उपलब्धि उच्च-शक्ति हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर्स के लिए एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है, और भविष्य के अंतरिक्ष प्रणोदन में इनकी क्षमता को उजागर करती है, जहाँ उच्च थ्रस्ट के साथ अपेक्षाकृत उच्च विशिष्ट आवेग और थ्रस्टर दक्षता की आवश्यकता होती है। प्लाज़्मा विशेषताओं का मापन करने के लिए प्लाज़्मा डायग्नोस्टिक्स का उपयोग किया गया, जिसमें प्लाज़्मा घनत्व (10^{11}–10^{13} cm^3), प्लाज़्मा तापमान (1–12 eV) और प्रवाह वेग (4–9 km/s और मैक संख्या > 1 –3) को मापा गया। लैंगमुर प्रोब का उपयोग करके हेलिकॉन प्लाज़्मा के स्रोत क्षेत्र में कई घनत्व झटके सफलतापूर्वक दर्ज किए गए। प्रयोगात्मक डेटा से चार विशिष्ट हेलिकॉन मोड्स पहचाने गए, जिन्हें W1, W2, W3 और W4 नाम दिया गया। इन मोड्स में घनत्व ~ 5 × 10^{11} – 2 × 10^{13} cm^3 के रेंज में पाए गए।



चित्र A.4.12: प्रयोगों के दौरान HPT उप-प्रणालियों का संचालन नियंत्रण।

हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर (HPT) प्रणाली का स्वचालित नियंत्रण चुनौतीपूर्ण है क्योंकि यह एक विविध प्रायोगिक प्रणाली है जिसमें कई उप-प्रणालियाँ शामिल हैं, जैसे वैक्यूम उप प्रणाली, चुंबक उप प्रणाली, RF जनरेटर आदि। सभी उप-प्रणालियों का एकीकृत और स्वचालित संचालन आवश्यक है ताकि उप-प्रणाली के पैरामीटर (जैसे RF पावर, वैक्यूम चैम्बर का दबाव, चुंबकीय क्षेत्र आदि) को एकल GUI कंसोल के माध्यम से मॉनिटर और नियंत्रित किया जा सके। उप-प्रणालियाँ, जो विविध हार्डवेयर, सॉफ़्टवेयर और संचार इंटरफ़ेस के माध्यम से जुड़ी हैं, एकीकरण के लिए चुनौती देती हैं।

हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर का एकीकृत संचालन PLC पर अनुक्रमिक नियंत्रण को लागू करके और विविध संचार प्रोटोकॉल का प्रोग्रामिंग करके प्राप्त किया गया। नियंत्रण प्रणाली को लैबव्यू के माध्यम से स्काडा के रूप में एकीकृत किया गया। विकसित एकीकृत GUI ऑपरेशन को प्रोटोटाइप HPT सिस्टम के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत और सत्यापित किया गया है (चित्र A.4.12)।

A4.4 अन्य प्रौद्योगिकियाँ

माइक्रोवेव अवशोषित करने वाले प्लाज़्मा पैनल का विकास: मेटालिक लक्ष्य के राडार क्रॉस सेक्शन (RCS) को कम करने के लिए माइक्रोवेव विकिरण का अवशोषण आवश्यक है। उपयुक्त मापदंडों वाले प्लाज़्मा में आगामी MW सिग्नलों को अवशोषित और स्कैटर करने की क्षमता होती है। इस गुण का उपयोग करके RCS कम करने के लिए प्लाज़्मा पैनल विकसित किए गए। प्रारंभिक प्रयोगों में वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध फ्लोरोसेंट लैंप्स का उपयोग प्लाज़्मा चैम्बर के रूप में किया गया। इन प्लाज़्मा ट्यूबों को उपयुक्त आयामों वाले टेफ्लॉन हाउसिंग में एम्बेड करके एक प्लाज़्मा "पैनल" तैयार किया गया। प्लाज़्मा पैनलों का प्रदर्शन एनेकोइक चैम्बर में तथा बाहरी खुले वातावरण में परीक्षण किया गया। परिणामस्वरूप, प्लाज़्मा टाइलों ने आपतित मेगावॉट पावर का 50–80% तक अवशोषण प्रदर्शित किया। इन परिणामों को सिमुलेशन अध्ययन द्वारा भी सत्यापित किया गया।

बड़ी क्रायोपंप परीक्षण सुविधा (LCTF) का विकास: बड़े आकार के निर्वात परिवेश का उपयोग अंतरिक्ष अनुसंधान, नाभिकीय संलयन, त्वरक, वायुमंडलीय सिमुलेटर तथा सामग्री प्रसंस्करण जैसे विविध अनुप्रयोगों में व्यापक रूप से किया जाता है। इन अनुप्रयोगों के लिए किफायती एवं उच्च गति निर्वात पंपिंग समाधान की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। परंपरागत पद्धतियों में क्षमता, लागत एवं प्रयोज्यता प्रमुख चुनौतियाँ हैं। इन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु तरल नाइट्रोजन से शीतलित बड़े आकार का क्रायोपंप एक संभावित एवं प्रभावी समाधान के रूप में उभर कर आया है। इसी उद्देश्य से संस्थान में बड़ी क्रायोपंप परीक्षण सुविधा विकसित की गई है (चित्र A.4.13 एवं A.4.14)। इस LCTF के लिए 1250 मि.मी. व्यास वाला LN_2 शीतलित सोर्प्शन क्रायोपंप डिज़ाइन और निर्मित किया गया, तथा अमेरिकन वैक्यूम सोसाइटी (AVS) मानक के अनुसार नाइट्रोजन, आर्गन एवं वायु के पंपिंग संबंधी प्रयोग संपन्न किए गए। इस क्रायोपंप का इनलेट व्यास 1250 मि.मी. तथा लंबाई 800 मि.मी. है, जिसमें विकिरण परिरक्षण हेतु कुंडलाकार (Annular) LN_2 बाथ सम्मिलित है। तांबे से निर्मित क्रायोपंपिंग पैनल, तरल नाइट्रोजन भरने पर 82 K तापमान के निकट चालकता-आधारित शीतलन प्राप्त करते हैं। क्रायोपंप की ज्यामितीय संरचना को डिज़ाइन प्रमाणीकरण हेतु Molflow+ सिमुलेशन सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर अनुकूलित किया गया। साथ ही, संरचनात्मक एवं ऊष्मीय विश्लेषण ANSYS सॉफ़्टवेयर द्वारा किया गया। इस LCTF में, चारकोल-लेपित क्रायोपैनल और छोटे टर्बो-मॉलिक्यूलर पंप के साथ 7×10^{-9} mbar का आधार निर्वात प्राप्त किया गया। AVS मानक के अनुसार प्रयोगात्मक रूप से मापी गई औसत पंपिंग गतियाँ हैं: नाइट्रोजन (N_2): 32,742 l/s, आर्गन (Ar): 20,605 l/s एवं वायु (Air): 25,409 l/s है। प्रयोग 1.15×10^{-7} mbar से 3.68×10^{-6} mbar के दाब सीमा में तथा 4.0×10^{-3} mbar·l/s से 8.0×10^{-2} mbar·l/s की डोज़िंग दर पर किए गए।

चित्र A.4.13: क्रायोपंप अगस्त्य-1250 का वास्तविक छायाचित्र।



चित्र A.4.14: (a) डेटा अधिग्रहण प्रणाली तथा (b) एकीकृत LCTF प्रणाली।

A5. सैद्धांतिक मॉडलिंग और कम्प्यूटेशनल प्लाज्मा भौतिकी

उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग प्रणाली के साथ कई उन्नयन किए गए हैं और सैद्धांतिक मौलिक प्लाज्मा विज्ञान, संलयन विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि से संबंधित उन्नत मॉडलिंग और सिमुलेशन अध्ययन किए गए हैं। चालू वर्ष में किए गए अध्ययनों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित उपखंडों में दिया गया है।

A5.1 उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग ……………………………………….…………………65

A5.2 टोकामॅक और संलयन रिएक्टर अध्ययन ………………………………………65

A5.3 संलयन प्रौद्योगिकी संबंधी सिमुलेशन ……………………….…………….67

A5.4 अरैखिक प्लाज्मा सिद्धांत और सिमुलेशन …………………………..………….69

A5.5 मौलिक प्लाज्मा अध्ययन ……….………………………………………..…….69

A5.6 लेज़र प्लाज्मा अंतःक्रिया ……………………………………………………..…72

A5.7 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग …………………………….……..73

A5.1 उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग

वैज्ञानिक कंप्यूटिंग और अनुप्रयोग :

मौजूदा उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (HPC) प्रणाली ANTYA का परिचालन प्रबंधन किया गया। ANTYA का उपयोग विभिन्न प्रकार के संख्यात्मक सिमुलेशन जैसे कि कंप्यूटेशनल फ्लूइड डायनामिक्स, पार्टिकल इन सेल, मॉलिक्यूलर डायनामिक्स, एमएचडी, AI/DL आदि के लिए किया जा रहा है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान लगभग 75% औसत उपयोग प्राप्त किया गया। सभी HPC उपयोगकर्ताओं को कार्य प्रबंधन और सहायता (HPC प्रणाली पर HPC लाइब्रेरी तथा आवश्यक सॉफ़्टवेयर प्रबंधन) प्रदान की जाती है।

नई HPC प्रणाली:

ANTYA-GPU 10 AI पेटा-फ्लॉप (मिश्रित परिशुद्धता) उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग प्रणाली ANTYA-GPU अब आईपीआर कंटेनराइज्ड डेटा सेंटर में कार्यात्मक है, जो वैज्ञानिक संगणनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थापित की गई है।

A.5.2. टोकामॅक और संलयन रिएक्टर अध्ययन

वृत्ताकार टोकामॅक प्लाज़्मा के आकार का स्व-चुंबकीय क्षेत्र पर प्रभाव: एक संख्यात्मक दृष्टिकोण

विद्युत धारा वहन करने वाले फिलामेंट्री चालक के कारण उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र की टोपोलॉजी को समझना अधिक कठिन नहीं है, और उपलब्ध व्यापक साहित्य में इच्छित स्थानों पर चुंबकीय क्षेत्र के आकलन हेतु कई संकेत प्रदान किए गए हैं। वास्तविक परिस्थितियाँ हमेशा ऐसे धारा स्रोतों से संबंधित नहीं होतीं जिन्हें फिलामेंट्री (सूक्ष्म रेखीय) माना जा सके। ऐसे ही एक उदाहरण में, टोकामॅक जैसे टोरॉइडल यंत्रों में प्रवाहित टोरॉइडल धारा आती है, जहाँ चुंबकीय क्षेत्र का आकलन उन बिंदुओं पर करना होता है जो प्रायः टोरस की निकटवर्ती सीमा में स्थित होते हैं। इसके अतिरिक्त, टोरॉइडल यंत्रों में विद्युत धारा घनत्व के विशिष्ट रेडियल प्रोफ़ाइल हो सकते हैं, अतः यदि चुंबकीय क्षेत्र के अनुमानित मान की सटीकता महत्वपूर्ण हो, तो इन प्रोफ़ाइलों का बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की टोपोलॉजी पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जाना आवश्यक है। यह रिपोर्ट किया गया है कि टोरॉइडल धारा स्तंभ के क्रॉस-सेक्शनल क्षेत्रफल का मशीन के निकटवर्ती क्षेत्र में बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की टोपोलॉजी पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, और चुंबकीय क्षेत्र B मापन के लिए चयनित स्थान के प्रति अत्यंत संवेदनशील होता है। हालांकि, इस प्रभाव की भौतिक व्याख्या पर स्पष्ट रूप से चर्चा नहीं की गई है। बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की प्रकृति पर क्रॉस-सेक्शनल क्षेत्रफल में परिवर्तन तथा धारा घनत्व प्रोफ़ाइल में परिवर्तन के प्रभाव की जाँच हेतु एक संख्यात्मक अध्ययन किया गया है। परिणामस्वरूप, स्रोत चालक की ज्यामितीय विशेषताओं पर चुंबकीय क्षेत्र की निर्भरता की मूल प्रकृति का अध्ययन किया गया है। इन सभी रोचक व्यवहारों को गणितीय इंटरपोलेटिंग समीकरणों के रूप में संक्षेपित किया गया है, जो मूलतः एक चुंबकीय केंद्र के अस्तित्व की पुष्टि करते हैं, जो बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की टोपोलॉजी निर्धारित करने में निर्णायक भूमिका निभाता है। इस प्रकार, टोकामॅक सहित किसी भी टोरॉइडल यंत्र के लिए इस प्रकार के विश्लेषण की प्रयोज्यता स्थापित होती है।

आदित्य-यू टोकामॅक में वैद्युत-स्थैतिक सूक्ष्म विक्षोभ का जायरोकाइनेटिक सिमुलेशन

आदित्य-यू टोकामॅक में वैद्युत-स्थैतिक सूक्ष्म विक्षोभ पर अशुद्धियों के प्रभाव का मूल्यांकन वैश्विक जायरोकाइनेटिक सिमुलेशनों के माध्यम से किया गया है। इन सिमुलेशनों में आदित्य-यू की वास्तविक ज्यामिति और प्रयोगात्मक प्रोफ़ाइलों का उपयोग किया गया है, जो आर्गन गैस सीडिंग से पहले और बाद की स्थितियों पर आधारित हैं। अशुद्धि सीडिंग से पहले किए गए सिमुलेशन यह दर्शाते हैं कि रेडियल-पोलॉइडल तल पर तीन विशिष्ट क्षेत्रों में ट्रैप्ड इलेक्ट्रॉन मोड

(TEM) अस्थिरता की उपस्थिति पाई जाती है। इस मोड की पहचान इसकी रैखिक ईजेनमोड संरचना और इलेक्ट्रॉन डायमैग्नेटिक दिशा में इसकी विशिष्ट संचरण प्रवृत्ति के आधार पर की जाती है। बाहरी कोर क्षेत्र में Ar^{1+} अशुद्धि आयनों की उपस्थिति के साथ किए गए सिमुलेशन दर्शाते हैं कि, अशुद्धि रहित स्थिति की तुलना में, रैखिक अस्थिरता ड्राईव में कमी के कारण विक्षोभ और परिवहन में उल्लेखनीय गिरावट आती है। बाहरी-कोर क्षेत्र में कणों तथा ऊष्मा के परिवहन में आई कमी, अशुद्धि सीडिंग के बाद मापी गई प्लाज़्मा घनत्व प्रोफ़ाइल को परिवर्तित कर देती है। इसके परिणामस्वरूप, कोर क्षेत्र में ट्रैप्ड इलेक्ट्रॉन मोड (TEM) अस्थिरता का स्थिरीकरण होता है। विक्षोभ गतिविधि में कमी के कारण, केंद्रीय क्षेत्र में इलेक्ट्रॉन तथा आयन तापमान लगभग 10% तक बढ़ जाते हैं।

टोकामकों में घनत्व प्रवणता प्रेरित अस्थिरता का वैश्विक जायरोकाइनेटिक अध्ययन

वैश्विक जायरोकाइनेटिक मॉडल का उपयोग करते हुए सर्वव्यापक मोड का पहली बार रैखिक सीमित अवस्था में अध्ययन किया गया है। ये मोड्स ट्रैप्ड इलेक्ट्रॉन क्षेत्र में उपस्थित घनत्व प्रवणता द्वारा प्रेरित होते हैं, किंतु इनकी मोड आवृत्ति आयन डायमैग्नेटिक ड्रिफ्ट दिशा में होती है, जो पारंपरिक ट्रैप्ड इलेक्ट्रॉन मोड (TEM) से भिन्न है। विचलन संबंध की गणना वैश्विक मोड संरचना के साथ की गई है। यद्यपि सर्वव्यापक मोड छोटी तरंगदैर्घ्य $((1/2)k_y^2\rho_i^2>1)$ पर प्रकट होता है, फिर भी यह काफी हद तक वैश्विक होता है। हम यह दर्शाते हैं कि इस मोड का मुख्य प्रेरक तंत्र घनत्व प्रवणता है, जबकि तापमान प्रवणता का प्रभाव अपेक्षाकृत सीमित होता है; यह मोड उच्च तापमान प्रवणता की स्थितियों में भी बना रह सकता है, जिससे यह अनियमित परिवहन का एक अन्य संभावित माध्यम बन जाता है। चुंबकीय शीयर मोड की वृद्धि को कम करता है; जबकि इलेक्ट्रॉन से आयन तापमान अनुपात का मोड की वृद्धि दर पर गैर-एकरूपी प्रभाव होता है — वृद्धि दर प्रारंभ में सर्वव्यापक शाखा के लिए बढ़ती है, और बाद में घटने लगती है जब पारंपरिक ट्रैप्ड इलेक्ट्रॉन मोड प्रभावी होने लगता है। सुरक्षा कारक और टोरॉयडिसिटी की भूमिका का भी विश्लेषण किया गया है। अंततः, परिवहन का एक मिक्सिंग लेंथ आधारित अनुमान प्रस्तुत किया गया है।

एआई-आधारित विघटन शमन प्रणालियों के विकास हेतु आदित्य टोकामॅक से प्राप्त डायग्नोस्टिक संकेतों की स्वचालित लेबलिंग और सहसंबंध विश्लेषण

एआई/एमएल-आधारित डेटा-प्रेरित पद्धतियाँ टोकामकों में प्लाज़्मा विघटन की भविष्यवाणी करने में प्रभावी होती जा रही हैं, जो विभिन्न डायग्नोस्टिक संकेतों में महत्वपूर्ण संकेतों की पहचान करके कार्य करती हैं। एक उच्च-प्रदर्शन एमएल-आधारित विघटन पूर्वानुमानक के लिए सटीक रूप से लेबल किए गए डेटा की आवश्यकता होती है। अब तक, एडीआईटीया टोकामॅक से प्राप्त प्लाज़्मा शॉट्स को मुख्यतः मैन्युअली विघटनकारी या अ-विघटनकारी के रूप में वर्गीकृत (लेबल) किया गया है। आदित्य डेटा की स्वचालित लेबलिंग के लिए तीन संगणकीय तकनीकों को विकसित किया गया है: सोर्टेड एरे विधि, अंतराल तुलना विधि, और थ्रेशहोल्ड-सीधी रेखा विधि। स्वचालित लेबलिंग और मैन्युअल लेबलिंग के बीच किए गए सांख्यिकीय विश्लेषण और तुलना इन प्रस्तावित तकनीकों की आशाजनक संभावनाओं को दर्शाते हैं। एक सहसंबंध विश्लेषण भी किया गया है, जिसमें प्लाज़्मा डायग्नोस्टिक्स जैसे कि प्लाज़्मा करंट, लूप वोल्टेज, बोलोमीटर, मिर्नोव कॉइल, हार्ड एक्स-रे, सॉफ्ट एक्स-रे, हाइड्रोजन-एल्फा से निकलने वाला विकिरण, आयनित ऑक्सीजन और आयनित कार्बन को शामिल किया गया है। यह व्यापक अध्ययन विघटन से जुड़ी विविध भौतिक घटनाओं की गहन समझ प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, करंट क्वेंच अवधि पर आधारित सहसंबंध विश्लेषण यह दर्शाता है कि विभिन्न डायग्नोस्टिक्स प्लाज़्मा विघटन से संबंधित विशिष्ट संकेतों को उजागर करने में कितने महत्वपूर्ण हैं। ये जानकारियाँ आदित्य टोकामॅक के लिए डेटा-आधारित विघटन पूर्वानुमान प्रणालियों के विकास को आगे बढ़ाने में एक निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं।

टोकामॅक प्लाज़्मा में एज बायसिंग पर इलेक्ट्रॉन और आयन गतिशीलता का प्रभाव

टोकामॅक प्लाज़्मा की एज बायसिंग का अध्ययन करने के लिए एक उन्नत मॉडल विकसित किया गया है, जिसमें इलेक्ट्रॉन और आयन गतिशीलता का योगदान शामिल किया गया है। इलेक्ट्रॉन और आयन गतिशीलता के कारण उत्पन्न ड्रिफ्ट्स की गैर-एम्बीपोलर प्रकृति एज बायसिंग के कारण होने वाले स्पेस चार्ज पृथक्करण को प्रभावित करती है और प्लाज़्मा की गतिकी को एज तथा सीमावर्ती क्षेत्र में महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है। पूर्ववर्ती अध्ययनों के विपरीत, वर्तमान मॉडल उच्च बायसिंग वोल्टेज पर सिमुलेशन अध्ययन की अनुमति देता है। इसमें गतिशीलता को शामिल किए जाने से नकारात्मक/सकारात्मक बायसिंग के प्रभाव में वृद्धि/कमी होती है। प्लाज़्मा घनत्व, इलेक्ट्रॉन तापमान, रेडियल विद्युत क्षेत्र तथा उसके शीयर के रेडियल प्रोफाइल का अध्ययन, सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रकार की बायसिंग के लिए, गतिशीलता के एक फलन के रूप में किया गया है।

स्थानीय ऊर्ध्वाधर चुंबकीय क्षेत्र व्यवधान द्वारा रनअवे इलेक्ट्रॉनों का डीकॉनफाइनमेंट

रनअवे इलेक्ट्रॉन (RE) का डीकॉनफाइनमेंट और इसके बाद उनका दमन किसी भी टोकामॅक के सफल दीर्घकालिक संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। रनअवे इलेक्ट्रॉनों के डीकॉनफाइनमेंट और उनके शमन में स्थानीय ऊर्ध्वाधर क्षेत्र (LVF) व्यवधान की प्रभावशीलता का संख्यात्मक रूप से अध्ययन किया गया है। यह अध्ययन स्थानीय ऊर्ध्वाधर क्षेत्र (LVF) में चुंबकीय स्थैतिक व्यवधान के तहत रनअवे इलेक्ट्रॉनों (REs) के ड्रिफ्ट ऑर्बिट्स का सिमुलेशन करके किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रारंभिक ऊर्जा स्तरों और LVF व्यवधान की तीव्रता के लिए उत्पन्न ऑर्बिट में हुई हानियों का अनुमान लगाया गया है। पूर्व में मौजूद PARTICLE कोड को विस्तारित करके रिलेटिविस्टिक फुल-ऑर्बिट-फॉलोइंग कोड PARTICLE-3D (P3D) बनाया गया है, जिसे मैग्नेटिक फील्ड कैलकुलेशन कोड EFFI और प्लाज़्मा समतुल्य क्षेत्र कैलकुलेशन कोड IPREQ के साथ एकीकृत किया गया है ताकि कणों की गतिकी के अध्ययन के लिए आवश्यक क्षेत्रों को शामिल किया जा सके। इसके बाद इस कोड का उपयोग

आदित्य टोकामॅक में किए गए LVF व्यवधान-सहायक रनअवे इलेक्ट्रॉन डीकॉनफाइनमेंट प्रयोगों को संख्यात्मक रूप से मॉडल करने के लिए किया जाता है। सिमुलेशन परिणाम दर्शाते हैं कि उपयुक्त आयाम (लगभग कुल चुंबकीय क्षेत्र का ~0.1%) के स्थानीय ऊर्ध्वाधर क्षेत्र (LVF) व्यवधान को एक पसंदीदा दिशा में लागू करने पर रनअवे इलेक्ट्रॉनों (REs) का लगभग 90% डीकॉनफाइनमेंट होता है। साथ ही, लागू किए गए क्षेत्र की एक थ्रेशोल्ड मात्रा (threshold magnitude) की भी पुष्टि हुई है, जो रनअवे इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा पर निर्भर पाई गई है। सिमुलेशन परिणाम सभी प्रयोगात्मक अवलोकनों को पुनः प्रस्तुत करते हैं और LVF व्यवधान का उपयोग करके रनअवे इलेक्ट्रॉनों के शमन से जुड़ी अन्य रोचक विशेषताएँ भी उजागर करते हैं। REs के ऑर्बिटिंग समय का कालिक मानचित्र दर्शाता है कि प्लाज़्मा के इनबोर्ड साइड एज क्षेत्र (ψN > 0.5) से उत्पन्न REs, प्लाज़्मा कोर से उत्पन्न REs की तुलना में उपयुक्त LVF व्यवधान के लागू होने पर अपेक्षाकृत अधिक खो जाने के प्रति संवेदनशील होते हैं। दिलचस्प बात यह है कि सिमुलेशन परिणाम प्लाज़्मा के एज क्षेत्र (ψN > 0.7) में सेफ्टी फैक्टर (q) प्रोफाइल और LVF व्यवधान के माध्यम से रनअवे इलेक्ट्रॉनों (RE) के डीकॉनफाइनमेंट के स्तर के बीच मजबूत सहसंबंध की मौजूदगी को दर्शाते हैं।

आदित्य-यू टोकामॅक में चुंबकीय आकार निर्धारण का टर्बुलेंस पर प्रभाव

आदित्य-यू टोकामॅक में विक्षोभ पर चुंबकीय आकार निर्धारण के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए दो विधियों का उपयोग करते हुए संख्यात्मक सिमुलेशन किए गए हैं। पहली विधि में, संख्यात्मक सिमुलेशन के माध्यम से चुंबकीय समतुल्य आकार निर्धारण (जैसे दीर्घीकरण और त्रिकोणता) के प्रभाव का अध्ययन किया गया है, जो पारंपरिक आयन तापमान प्रवणता (Ion Temperature Gradient - ITG) मोड्स और लघु-तरंगदैर्ध्य ITG मोड्स — दोनों पर पड़ता है। यह विश्लेषण आदित्य-यू टोकामॅक के प्रायोगिक प्रोफाइल और मापदंडों को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिसमें गैर-रेखीय वैश्विक जायरोकिनेटिक पार्टिकल-इन-सेल कोड ORB5 का उपयोग किया गया है। इन मोड्स का रैखिक और गैर-रेखीय, टकराव रहित इलेक्ट्रोस्टैटिक सिमुलेशन काइनेटिक आयनों और एडियाबैटिक इलेक्ट्रॉनों के साथ किया गया है। रैखिक सिमुलेशन के परिणामों से यह पाया गया कि चुंबकीय समतुल्य आकार निर्धारण से वृद्धि दर में थोड़ी कमी आती है और स्पेक्ट्रम विस्तृत हो जाता है, साथ ही वृद्धि दर वक्र का अधिकतम बिंदु उच्च टॉरॉइडल वेव नंबर की ओर खिसक जाता है। यह देखा गया कि वास्तविक वृत्ताकार मैग्नेटोहाइड्रोडायनामिक चुंबकीय समतुल्य के लिए, ताप प्रवाह में लगभग ≃35% की उल्लेखनीय कमी आती है, जब इसकी तुलना ad-hoc संकेन्द्रीय वृत्ताकार समतुल्य से की जाती है, जैसा कि सिंह और सहयोगियों द्वारा रिपोर्ट किया गया था (2023, Nucl. Fusion 63, 086029)। चुंबकीय समतुल्य आकार निर्धारण (magnetic equilibrium shaping) के साथ गर्मी प्रवाह (heat flux) में और लगभग 10% की अतिरिक्त कमी देखी गई है। दूसरी विधि में, ड्रिफ्ट-काइनेटिक ऑर्डरिंग का उपयोग करते हुए, पूर्णतः काइनेटिक इलेक्ट्रॉनों (जिनमें फंसे हुए और पास होने वाले दोनों इलेक्ट्रॉन काइनेटिक रूप से माने गए हैं) के साथ जुड़े हुए आईटीजी (ITG) मोड्स के रैखिक, टकराव-रहित, इलेक्ट्रोस्टैटिक सिमुलेशन अध्ययन किए गए हैं। रैखिक सिमुलेशन परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि काइनेटिक इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति में, आदित्य-यू के मापदंडों के लिए ITG मोड की वृद्धि दर और वास्तविक आवृत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, उच्च टॉरॉइडल वेव नंबर पर एक ऐसा मोड पहचाना गया है जो इलेक्ट्रॉन डायमैग्नेटिक दिशा में प्रसारित होता है।

टोकामॅक के एज और स्क्रैप-ऑफ लेयर क्षेत्रों में प्लाज़्मा ब्लॉब का घूर्णन

एज और स्क्रैप-ऑफ लेयर (SOL) क्षेत्रों में, इंटरचेंज प्लाज़्मा विक्षोभ की उपस्थिति में और परिमित आयन तापमान प्रवणता ($\nabla_\perp T_i \nabla_\perp T_i$) के साथ, प्लाज़्मा ब्लॉब के घूर्णन/स्पिन का अध्ययन किया गया है। यह पाया गया कि $\nabla_\perp T_i \nabla_\perp T_i$ प्लाज़्मा को अस्थिर करता है, लेकिन विस्कोसिटी में वृद्धि के कारण ब्लॉब से संबंधित एडीज़ को दबा देता है। इस प्रकार, घूर्णन प्लाज़्मा गतिकी के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह ब्लॉब्स को आगे और स्थिर करने में मदद करता है। विक्षोभ का संख्यात्मक रूप से सिमुलेशन किया गया है, और परिणामों से पता चलता है कि मोनोपोलर वोर्टिसिटी प्लाज़्मा ब्लॉब के घूर्णन के लिए जिम्मेदार होती है, लेकिन इसका भौतिक तंत्र एज और स्क्रैप-ऑफ लेयर क्षेत्रों में भिन्न होता है। एक विशिष्ट प्लाज़्मा ब्लॉब की वोर्टिसिटी और कोणीय वेग का रेडियल प्रोफाइल प्रस्तुत किया गया है। इसके साथ ही, $\nabla_\perp T_i \nabla_\perp T_i$ (आयन तापमान प्रवणता) की भूमिका का भी अध्ययन किया गया है।

A5.3 संलयन प्रौद्योगिकी से संबंधित सिमुलेशन

विनियमित उच्च वोल्टेज विद्युत आपूर्ति प्रणालियाँ (RHVPS) संस्थान में उच्च शक्ति रेडियो-फ्रीक्वेंसी उपकरणों तथा न्यूट्रल बीम उपकरणों द्वारा विकसित और उपयोग में लाई जा रही हैं। RHVPS एक मॉड्यूलर प्रणाली है, जिसमें छोटे वोल्टेज स्रोतों को PSM (पल्स स्टेप मॉड्यूलेशन) तकनीक द्वारा जोड़कर उच्च DC वोल्टेज आउटपुट प्राप्त किया जाता है। ये छोटे वोल्टेज स्रोत AC-DC पावर कन्वर्टर्स होते हैं, जिन्हें स्विच्ड पावर मॉड्यूल (SPM) कहा जाता है और इन्हें मल्टी-सेकेंडरी ट्रांसफॉर्मर (MST) (चित्र A.6.4) द्वारा फीड किया जाता है। MST इनपुट विद्युत शक्ति तथा HVDC आइसोलेशन दोनों प्रदान करता है। इसमें एक प्राइमरी वाइंडिंग तथा अनेक पृथक सेकेंडरी वाइंडिंग्स होती हैं। पृथक सेकेंडरी वाइंडिंग्स की आपस की कपैसिटिव कनेक्टिविटी (Cw) समीपस्थ वाइंडिंग्स के साथ मौजूद रहती है। दीर्घ पल्स संचालन के दौरान RHVPS में SPM के फ़िल्टर कैपेसिटरों के पार वोल्टेज असंतुलन से संबंधित प्रदर्शन समस्याएँ देखी गई हैं। यह असंतुलन संबंधित SPM के ट्रिप होने का कारण बनता है, जिसके परिणामस्वरूप आउटपुट अनियमित हो जाता है।

A6.6 इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन:

इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन प्रभाग संस्थान में टोकामॅक संचालन और भौतिकी प्रयोगों से संबंधित सभी प्रभागों को सेवाएँ प्रदान करता है। यह प्रभाग विभिन्न प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों का विकास करता है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों के डिज़ाइन, प्रोटोटाइप निर्माण,



चित्र A.6.5: विद्युतचुंबकीय नैदानिकी के लिए सिग्नल कंडीशनिंग इलेक्ट्रॉनिक्स।

परीक्षण तथा प्रयोगों में इनका एकीकरण शामिल है। टीम परियोजनाओं के सभी चरणों—प्रारंभिक अवधारणा और

डिज़ाइन से लेकर अंतिम क्रियान्वयन तक—को संस्थान के भीतर ही पूर्ण रूप से संभालती है।

वर्ष 2024–25 में ADITYA-U, SST-1 और SS-ST मशीन के लिए 200 चैनलों वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक डायग्नोस्टिक हेतु आइसोलेटेड सिग्नल कंडीशनिंग परिपथ का विकास किया गया है (Figure A.6.5)। इलेक्ट्रोमैग्नेटिक प्रोब डायग्नोस्टिक्स का उपयोग प्लाज़्मा की महत्त्वपूर्ण परिचालन पैरामीटरों—जैसे प्लाज़्मा स्थिति, धारा, मैग्नेटो-हाइड्रोडायनेमिक (MHD) गतिविधि, लूप वोल्टेज, कन्फाइनमेंट समय, प्लाज़्मा ऊर्जा तथा डिसरप्शन घटनाओं—को मापने के लिए किया जाता है। एक 3U चेसिस में 32 चैनलों की सिग्नल कंडीशनिंग इलेक्ट्रॉनिक्स होती है, जिसमें प्रत्येक चैनल में 5 kV कॉमन मोड वोल्टेज दो-पोर्ट आइसोलेशन उपलब्ध है। एक अन्य विकास के रूप में 24-चैनल वाला लो-नॉइज़ फ्रंट-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विकसित किया गया है, जिसका करंट-टू-वोल्टेज रूपांतरण गुणांक 1 V/μA तथा बैंडविड्थ 50 kHz है, जिसे ADITYA-U टोकामॅक में AXUV डायोड ऐरे के साथ इंटरफ़ेस करने के लिए विकसित किया गया है, जिससे प्लाज़्मा से विकीर्णित शक्ति का मापन किया जा सके। संस्थान में आगामी स्मॉल स्केल स्फेरिकल टोकामक के लिए विभिन्न प्लाज़्मा डायग्नोस्टिक्स हेतु सिग्नल कंडीशनिंग तथा फोटो मल्टीप्लायर ट्यूब्स के लिए हाई-वोल्टेज नियंत्रण इलेक्ट्रॉनिक्स का विकास किया गया है।

स्वावलंबन, लचीलापन, कम लागत तथा तीव्र कार्यान्वयन को विभिन्न बहु-चैनल स्वदेशी डेटा अधिग्रहण प्रणालियों के विकास में सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया है, जिन्हें ADITYA-U टोकामक में फास्ट डॉप्लर स्पेक्ट्रोस्कोपी, संचालन एवं प्रोब मापन जैसे विभिन्न प्रयोगों के लिए अनुकूलित किया गया है। ये प्रणालियाँ सिंगल बोर्ड कंप्यूटर तथा सिस्टम-ऑन-चिप पर आधारित हैं, जिनकी सैंपलिंग दर 10M सैंपल/सेकंड/चैनल तक है तथा 8Mx16 SRAM/512 MB DDRAM उपलब्ध है। मुक्त स्रोत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाते हुए, स्वदेशी डेटा अधिग्रहण प्रणाली का एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर Python में विकसित किया गया है। SMARTEX-C उपकरण में इलेक्ट्रॉन



चित्र A.6.7: इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स पर न्यूट्रॉन रेडिएशन के लिए सेट-अप।

प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए, रिमोटली कॉन्फ़िगरेबल FPGA-आधारित संचालन एवं नियंत्रण इलेक्ट्रॉनिक्स (Figure A.6.6) विकसित किए गए हैं, जो इलेक्ट्रोड बायस हेतु स्टेप-अप रैम्प वोल्टेज उत्पन्न करने तथा इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा के दो-चरणीय एवैपोरेटिव डम्प के लिए टाइमिंग अनुक्रम को नियंत्रित करने में सक्षम हैं। इसके साथ ही कैपेसिटिव प्रोब करंट मापन हेतु संबद्ध सिग्नल कंडीशनिंग इलेक्ट्रॉनिक्स का विकास किया गया है तथा उपकरण की बेकिंग प्रणाली को स्वचालित किया गया है (प्रयोग का विवरण Sec. A3.2 में उपलब्ध है)।

14 MeV न्यूट्रॉन स्रोत का उपयोग करते हुए ADC, ऑप्टो-कप्लर, SRAM, इंस्ट्रूमेंटेशन एम्पलिफ़ायर जैसे इलेक्ट्रॉनिक अवयवों का न्यूट्रॉन विकिरण अनावरण किया गया है, ताकि संस्थान एवं ITER से संबंधित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए इन अवयवों की विकिरण-प्रतिरोधक क्षमता का सत्यापन किया जा सके। परीक्षण के परिणामों को संस्थान में आयोजित सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया है (चित्र A.6.7)।

अनुभाग के सदस्यों ने अलग-अलग सम्मेलनों में अपना कार्य प्रस्तुत किया है और IEEE ट्रांजैक्शन्स ऑन प्लाज़्मा साइंस, IEEE Xplore, NIMA और टेक्निकल रिपोर्ट्स में पेपर प्रकाशित किए हैं। अनुभाग नियमित रूप से इंजीनियरिंग कॉलेजों के स्टूडेंट्स को प्रोजेक्ट्स देता है और उन्हें इंडस्ट्री की ज़रूरी कौशल (स्किल्स) सिखाता है। अनुभाग ने नए शामिल



चित्र A.6.6: SMARTEX-C में प्रयोगों के लिए ऑपरेशन और कंट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स।

A7. एआईसी, पेटेंट एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

अटल इन्क्यूबेशन सेंटर, दायर किये गये पेटेंट और संस्थान द्वारा संचालित बाहरी परियोजनाओं पर संक्षिप्त जानकारी निम्नलिखित उपखंड में दी गई है।

A7.1 अटल इन्क्यूबेशन सेंटर—प्लाज्माटेक इनोवेशन फाउंडेशन………………..….81
A7.2 दायर किये गये पेटेंट…………………………………………………..81
A7.3 बाहरी परियोजनाएँ……………………………………………………...82

A7.1 अटल इनक्यूबेशन सेंटर — प्लाज़्माटेक इनोवेशन फाउंडेशन

AIC - IPR प्लाज्माटेक इनोवेशन फाउंडेशन (Plasmatech) एक धारा 8 कंपनी है, जो पूरी तरह से पऊवि के स्वामित्व में है। यह कंपनी आईपीआर के वाणिज्यीकरण शाखा के रूप में कार्य कर रही है, जैसा कि आईपीआर के गवर्निंग काउंसिल द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस कंपनी को प्लाज़्माटेक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कंपनी के रूप में कार्य करने और प्लाज्मा और संबंधित तकनीकों के क्षेत्र में डीप टेक्नोलॉजी आधारित स्टार्ट-अप्स का समर्थन करने का अनुदेश दिया गया है। इस दिशा में, वित्तीय वर्ष FY 24-25 में आठ स्टार्ट-अप्स को इनक्यूबेट किया गया। इनमें शामिल हैं: इकोप्लास्वा टेक्नोलॉजी, कोल्डरे प्लाज़्मा लैब्स, एलबीआईएस रिसर्च (LBIS Research), पेडोक्राउन, एक्सकार्बन, जेनक्स लाइफ केयर, प्लाज़्माज़ेन, फार्मा एनवायरोकेयर इंडिया। इनमें से कुछ ने उत्पादों के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, और इन्हें उल्लेखनीय माना जाता है, क्योंकि यह भविष्य में इन तकनीकों के संभावित प्रभाव को दर्शाता है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में, AIC-IPR प्लाज्माटेक इनोवेशन फाउंडेशन ने भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप्स के साथ 6 प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते किए, जिनका कुल मूल्य ₹29.31 लाख रहा। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने राजस्व प्रबंधन नीति को भी अनुमोदित किया, जो आईपीआर की तकनीकों के वाणिज्यीकरण से उत्पन्न धन को पुनः निवेश और उपयोग करने के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है।

इसके अलावा, प्लाज़्माटेक ने कोलेक्यम और व्याख्यानों जैसे कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से समर्थन किया है, जिनमें IP विशेषज्ञों, नवप्रवर्तकों और प्रौद्योगिकी के प्रवर्तकों द्वारा ज्ञान साझा किया जाता है। इस प्रयास में HBNI इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल के साथ सहयोग कर स्टार्ट-अप के बारे में ज्ञान, उसकी प्रक्रिया और यात्रा को प्रचारित करने का कार्य किया गया। बाहरी प्रायोजित परियोजनाओं के क्षेत्र में, कचरा प्रबंधन और कचरे से ऊर्जा के विषयों पर चर्चा की गई, जो जलवायु परिवर्तन नियंत्रण और सतत एवं समान भविष्य में योगदान देने की उम्मीद रखते हैं।

A7.2 पेटेंट दर्ज किए गए

जल संग्रहण की दक्षता के लिए सुपरहाइड्रोफोबिक धात्विक सतह बनाने की एक प्रक्रिया, *विवेक पच्छीगर, बसंत कुमार परिदा, मुकेश रंजन, सूरज के. पी.,* भारतीय आवेदन संख्या 202421057885, दिनांक 30 अगस्त 2024 –आईपीआर

सूक्ष्मदर्शी छवियों की ऑनलाइन परीक्षण हेतु एक नवीन प्रणाली, *अग्रज अभिषेक, अभिषेक शर्मा, मनीका शर्मा, नवीन रस्तोगी, जिग्नेश पी. चौहान, के. के. गोटेवाल,* भारतीय आवेदन संख्या 202421058089, दिनांक 06 सितंबर 2024 –आईपीआर

अवुल्सेड दाँतों के भंडारण और परिवहन के लिए एक नवीन दंत माध्यम, *यश बाफना (एस.पी.यू.), शोभा फर्नांडिस (एस.पी.यू.), एस. के. नेमा, विकास राठौर, चिरायु एन. पाटिल, मातंगी जोशी (एस.पी.यू.)* भारतीय आवेदन संख्या 202421058088, दिनांक 13 सितंबर 2024 – आईपीआर एवं एनपीडीसीएच (संकलचंद पटेल विश्वविद्यालय)

डाइइलेक्ट्रिक बैरियर डिस्चार्ज उपकरण तथा प्लाज़्मा-सक्रिय तरल पदार्थों की मध्यम रूप से उच्च मात्रा उत्पन्न करने की प्रक्रिया, *आदमभाई संघारियत, विकास राठौर, चिरायु पाटिल, सुधीर कुमार नेमा* भारतीय आवेदन संख्या 202521013977, दिनांक 18 फ़रवरी 2025 – आईपीआर

A7.3 बाहरी परियोजनाएँ

A) पूर्ण हो चुकी परियोजनाएँ				
प्रत्यक्ष रूप से निष्पादित				
क्रमांक	**संगठन**	**विवरण**	**सुपूर्दगी**	**स्थिति**
01	बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा जयपुर केम्पस	वायुमंडलीय दबाव प्लाज़्मा जेट की सप्लाई	वायुमंडलीय दबाव प्लाज़्मा जेट प्रणाली	इस प्रणाली का निर्माण कर इसे बीआईटी मेसरा को सौंप दिया गया है।
02	वेदांता एल्युमिनियम एंड पावर	"Ti_3AlC_2 MAX चरण सामग्री के संश्लेषण एवं उसे कार्बन पदार्थ पर कोटिंग करने की व्यवहार्यता का अध्ययन"	लेपित नमूनों के साथ व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट	कार्बन नमूनों पर निकल, टाइटेनियम तथा Ti_3AlC_2 की कोटिंग विभिन्न तकनीकों जैसे HVOF, लेज़र क्लैडिंग आदि विधियों द्वारा करने का प्रयास किया गया। कोटेड नमूनों का परीक्षण पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।
यह कार्य एआईसी-आईपीआर प्लाज़्माटेक इनोवेशन फ़ाउंडेशन (आईपीआर के इनक्यूबेशन केंद्र) के माध्यम से क्रियान्वित किया गया।				
03	ऑस्कर एंटरप्राइज	प्लाज़्मा पायरोलिसिस प्रणाली के द्वितीयक कक्ष के परीक्षण हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया।	सिस्टम सपोर्ट	चेम्बर का परीक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कार्य का दायरा परिभाषित किया गया है।
04	सेनर्ज इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस	पिलो शीट हीट एक्सचेंजर का इंजीनियरिंग डिज़ाइन	डिज़ाइन रिपोर्ट	परियोजना के दायरे के अंतर्गत सभी गतिविधियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा डिज़ाइन रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

B) चल रही परियोजनाएं				
क्रम	**संगठन**	**विवरण**	**सुपूर्दगी**	**स्थिति**
01	एक्सेल इंडस्ट्रीज	75 किलोवाट थर्मल प्लाज़्मा प्रणाली की स्थापना हेतु तकनीकी परामर्श	परामर्शात्मक आधार पर तकनीकी परामर्श प्रदान करना।	थर्मल प्लाज़्मा प्रणाली का इंजीनियरिंग डिज़ाइन पूर्ण कर लिया गया है। इसके घटकों एवं उप-प्रणालियों की क्रय-प्रक्रिया प्रगति पर है।

02	अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, इसरो (ISRO)	1250 मिमी एपर्चर आकार के तरल नाइट्रोजन शीतित क्रायोपंप (अगस्त्य™) का विकास एवं आपूर्ति	1250 मिमी एपर्चर आकार का तरल नाइट्रोजन शीतित क्रायोपंप (अगस्त्य™)	मुख्य क्रायोपंप पात्र एवं उसके घटक प्राप्त कर लिए गए हैं तथा उनका वैक्यूम एवं क्रायोजेनिक कार्य-क्षमता परीक्षण किया गया है। प्रणाली का असेंबली कार्य प्रगति पर है।
03	सन पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड	संवर्धित तेल पुन:प्राप्ति के लिये स्वचालित तार-विस्फोट प्रणाली का व्यवहार्यता अध्ययन"	व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट	यांत्रिक उपकरण का अंतिम डिज़ाइन पूर्ण कर लिया गया है। विद्युत प्रणाली के सभी अवयवों के विनिर्देश एवं उनके सटीक आयाम निर्धारित किए गए हैं। घटकों की क्रय प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है।
04	यूआरएससी (पूर्व में आईएसएसी), इसरो बेंगलुरु	अंतरिक्ष यान प्लाज़्मा इंटरैक्शन प्रयोग-III [SPIX-III]	उपग्रह सौर पैनलों पर पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO) तथा भूस्थिर कक्षा (GEO) जैसी अंतरिक्ष परिस्थितियों में प्रायोगिक अध्ययन का संचालन	यूआरएससी (URSC) द्वारा अनुरोधित प्रमाणीकरण प्रयोग पूर्ण कर लिए गए हैं। परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है।
05	डीएसटी, न्यू दिल्ली	एंटी-यूएवी (मानवरहित हवाई वाहन) का डिजाइन और विकास	एंटी-यूएवी प्रणाली	परियोजना का दायरा पूरा हो चुका है। वित्तीय समापन प्रगति पर है।
06	आईसीएमआर नई दिल्ली और राष्ट्रीय क्षय रोग अनुसंधान संस्थान (एनआईआरटी)- चेन्नई	टीबी की स्वचालित एवं तीव्र पहचान के लिए डीप लर्निंग सॉफ्टवेयर विकसित करना	टीबी का पता लगाने के लिए एआई आधारित उपकरण का विकास और नियोजन	भारत की विशाल जनसंख्या के लिए एक स्क्रीनिंग उपकरण विकसित करने की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। DeepCXR प्रणाली का स्वतंत्र रूप से प्रमाणीकरण किया गया है तथा इसे औपचारिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसे भारत सरकार के राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्क्रीनिंग उपकरण के रूप में उपयोग के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MOHFW) को अनुशंसित किया गया है। वर्तमान में देश के अनेक राज्यों के कई केंद्रों पर इस प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। इसे और व्यापक रूप से लागू करने एवं डिजिटल हैंडहेल्ड एक्स-रे प्रणाली के साथ एकीकृत कर एक पूर्ण मॉड्यूलर प्रणाली के रूप में विकसित करने हेतु केंद्रीय क्षय प्रभाग (CTD) -

				स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के साथ सहयोगात्मक कार्य प्रगति पर है। दूसरे माइलस्टोन के अंतर्गत DeepCXR को एक नैदानिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण के रूप में विकसित करने का कार्य आरंभ किया गया है, जिसमें आईसीएमआर (ICMR) तथा देश के अन्य 20 संस्थान डेटा उपलब्ध कराएंगे तथा आईपीआर (IPR) इस एआई उपकरण का विकास करेगा।
07	सेंट गोबेन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	वस्त्र, तकनीकी वस्त्र एवं कोटेड अब्रेसिव्स पर प्लाज़्मा प्रोसेसिंग के अनुप्रयोग का व्यवहार्यता अध्ययन	व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट	प्लाज़्मा उपचार संबंधी प्रयोग पूर्ण कर लिए गए हैं तथा नमूनों का लक्षणन कार्य प्रगति पर है।.
08	वीएसएससी, इसरो	प्लाज़्मा क्षरण एनोड लाइनर सामग्री का लक्षण वर्णन	क्षरण अध्ययन के साथ सामग्री लक्षण वर्णन रिपोर्ट	विभिन्न सिरेमिक सामग्रियों पर आयन क्षरण प्रयोग प्रगति पर हैं।

C) एआईसी-आईपीआर के माध्यम से निष्पादित प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते

क्रमांक	संगठन का नाम	प्रौद्योगिकी	निष्पादित तारीख
01	एक्सकार्बन प्राइवेट लिमिटेड	जैविक अपशिष्ट के लिए प्लाज़्मा पायरोलिसिस	24 नवंबर ,2024
02	राउत यूनिटेक प्राइवेट लिमिटेड	वाइडबैंड हाइब्रिड हाई पावर मेगावाट लेवल सीडब्ल्यू रेडियोफ्रीक्वेंसी (आरएफ) कंबाइनर/स्प्लिटर	17 दिसंबर, 2024
03	वीरल कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड	फीडबैक कंट्रोल्ड मॉड्यूलर हाई वोल्टेज डीसी पावर सप्लाई	17 दिसंबर, 2024
04	ऊर्जा गैसीफायर्स प्राइवेट लिमिटेड	जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के लिए प्लाज़्मा पायरोलिसिस तकनीक	30 दिसंबर, 2024

D) आईपीआर द्वारा बाहरी एजेंसियों के साथ निष्पादित समझौता ज्ञापन/सहयोग समझौते		
शीर्षक	**संगठन का नाम**	**निष्पादन की तिथि**
पारस्परिक हित के क्षेत्रों पर शैक्षणिक कार्यक्रम पर सहयोग	पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय	02 मई, 2024
प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों और पारस्परिक हित के क्षेत्रों पर सहयोग	निरमा विश्वविद्यालय	07 जून, 2024
बीएन/सिलिका/ज़िरकोनिया कंपोजिट का प्लाज़्मा अपरदन लक्षण वर्णन	विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), इसरो	05 अप्रैल 2024
बुनियादी ढाँचे, इनक्यूबेशन और तकनीकी जानकारी एवं विशेषज्ञता के व्यावसायीकरण पर सहयोग	एआईसी-आईपीआर प्लाज़्माटेक इनोवेशन फ़ाउंडेशन (आईपीआर का इनक्यूबेशन सेंटर)	15 अप्रैल, 2024
E) बाह्य संस्थाओं के साथ ए.आई.सी.–आई.पी.आर. प्लाज़्माटेक इनोवेशन फ़ाउंडेशन द्वारा निष्पादित समझौता ज्ञापन		
शीर्षक	**संगठन का नाम**	**निष्पादन की तिथि**
पारस्परिक हित की गतिविधियों में सहयोग के लिए सहकार्यता	अटल इन्क्यूबेशन सेंटर - कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केंद्र	17 दिसंबर, 2024
आरएफ प्लाज़्मा लक्षण वर्णन और संचार में इसके अनुप्रयोग के लिए सहयोग	उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला, डीआरडीओ	28 मार्च, 2025
एआईसी-आईपीआर प्लाज़्माटेक इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा इनक्यूबेट किए गए स्टार्ट-अप की सूची		
स्टार्ट-अप का नाम	**क्षेत्र/एमवीपी**	**आईपीआर की प्रौद्योगिकी**
एलबीआईएस रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद	जैवनिम्नीकरणीय खाद्य कंटेनरों के लिए प्लाज़्मा आधारित कोटिंग	PECVD - SiOx कोटिंग
इकोप्लासवा टेक प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद	कृषि अनुप्रयोगों के लिए PAW प्रणाली	प्लाज़्मा एक्टिवेटड वॉटर
एक्सकार्बन प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु	प्लाज़्मा आधारित गैसीकरण प्रणालियाँ	रौद्र™ प्लाज़्मा पायरो

फार्मा एनवायरोकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई	दवा अपशिष्ट निपटान के लिए रौद्र™ प्रणाली	रौद्र™ प्लाज़्मा पायरो (BMW)
प्लाज़्माज़ेन प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद	बीज उपचार के लिए प्लाज़्मा आधारित प्रणाली	DBD प्लाज़्मा विशेषज्ञता
ज़ेनेक्स लाइफकेयर एलएलपी, हैदराबाद	सर्जिकल चिकित्सा उपकरणों के लिए प्लाज़्मा स्टेरिलाइज़र	प्लाज़्मा स्टेरिलाइज़र

अध्याय B

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

B1. ईंटर-भारत की गतिविधियाँ 88
B2. लीगो भारत की गतिविधियाँ 96

B. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

संस्थान निम्नलिखित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मेगा विज्ञान प्रायोगिक सहयोगों, जैसे ईटर और लेज़र इंटरफेरोमेट्री ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्ज़र्वेटरी (LIGO) में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहा है और विभिन्न प्रणालियों और उप-प्रणालियों के डिज़ाइन, निर्माण, परीक्षण और सुपुर्दगी में समान भागीदार के रूप में योगदान दे रहा है। इस दिशा में प्राप्त प्रमुख उपलब्धियाँ नीचे दी गई हैं।

B1. ईटर-भारत की गतिविधियाँ 88

B2. लेसर इंटरफेरोमेट्री ग्रेविटेशनल वेव ऑब्जर्वेटरी (लीगो-भारत)की गतिविधियाँ 96

B.1 ईटर -भारत की गतिविधियाँ

चित्र B.1.1: ईटर के महानिदेशक, राष्ट्राध्यक्षों को विवरण देते हुए

ईटर का लक्ष्य *1,000* सेकंड से अधिक समय तक डी-टी मिश्रण के नियंत्रित दहन द्वारा डी-टी संलयन से *500* मेगावाट बिजली का उत्पादन करना है। ईटर-भारत की स्थापना ईटर के प्रति भारतीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने हेतु एक विशेष एजेंसी के रूप में की गई थी। ईटर के कई प्रमुख घटकों और प्रणालियों में भारत द्वारा वस्तुगत योगदान दिया जा रहा है।

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति श्री इमैनुएल मैक्रों ने 12 फ़रवरी 2025 को फ्रांस स्थित ईटर स्थल का दौरा किया (चित्र *B.1.1* एवं *B.1.2*)। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने ईटर की प्रगति में गहरी रुचि दिखाई, जिसे "चुनौतीपूर्ण समय में विज्ञान कौशल का एक आदर्श मॉडल" माना गया है, जिस पर संपूर्ण विश्व को गर्व होना चाहिए।

ईटर -भारत, ईटर के प्रति भारतीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में अपनी निरंतर प्रगति जारी रखे हुए हैं। इस परियोजना और अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में वस्तुगत योगदान पर निम्नलिखित अद्यतन जानकारी दी गई है।

चित्र B.1.2: ईटर-भारत के परियोजना निदेशक श्री उज्ज्वल बरुआ, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को स्मृति-चिह्न प्रस्तुत करते हुए।



चित्र B.1.3: ईटर साइट पर गड्ढे में स्थापित क्रायोस्टैट (आधार खंड और निचला सिलेंडर)

क्रायोस्टेट और टोरस क्रायो-पंप हाउसिंग (*TCPH)*

ईटर क्रायोस्टेट एक बहुत बड़ा निर्वात पात्र है, जिसकी ऊँचाई लगभग *30* मीटर और चौड़ाई *30* मीटर है, और यह रिएक्टर की बाहरी सीमा है। यह *-269* डिग्री सेल्सियस पर संचालित होने वाले अतिचालक चुंबक कुंडलियों के विद्युत रोधन के लिए आवश्यक निर्वात प्रदान

करता है, और पूरे टोकामक के लिए संरचनात्मक आधार का भी कार्य करता है। विभिन्न ज्यामिति के लगभग *4,000* टन पूर्व-निर्मित खंड ईटर स्थल पर भेजे गए, जहाँ एक अत्याधुनिक कार्यशाला में अंतिम संयोजन और निर्माण कार्य किया गया। क्रायोस्टेट का निचला भाग (आधार भाग और निचला सिलेंडर) ईटर स्थल (चित्र *3)* पर अपने निर्दिष्ट स्थान पर पहले ही स्थापित किया जा चुका है। ऊपरी सिलेंडर और ऊपरी ढक्कन निर्वात पात्र संयोजन के बाद स्थापित किए जाएँगे।

a *b*

चित्र B.1.4: आई एंड सी क्यूबिकल्स का साइट निरीक्षण परीक्षण

.

क्रायोस्टेट उपकरण एवं नियंत्रण (आई एंड सी) क्यूबिकल्स (7) की साइट स्वीकृति पूरी हो चुकी है (चित्र 4ए और 4बी)। क्रायोस्टेट ऑप्टिकल सेंसर (विस्थापन एवं एक्सेलेरोमीटर) (चित्र 5ए और 5बी), केबल, थर्मोकपल, स्ट्रेन गेज और आई एंड सी सपोर्ट (चित्र 5सी) की डिलीवरी भी पूरी हो चुकी है।

टोरस क्रायो-पंप हाउसिंग (TCPH, चित्र 6ए) असेंबली, क्रायोस्टेट सिलेंडर पर स्थित एक प्रवेश द्वार है, जिसका मुख्य कार्य टोरस क्रायो-पंप (TCP) को समायोजित और सहारा देना, उसे वैक्यूम वेसल से जोड़ना और परिरोध प्रदान करना है। इसे ASME Sec-VIII Div.2 का उपयोग करके SS304/304L सामग्री से निर्मित किया गया है, जिसमें सफाई और रिसाव परीक्षण के लिए ITER वैक्यूम हैंडबुक की पूरक आवश्यकता भी शामिल है। प्रत्येक TCPH लगभग 20 टन का है, जिसका माप 4.3 मीटर लंबाई x 3.2 मीटर चौड़ाई x 3.75 मीटर ऊँचाई है। ईटर-भारत ने ईटर को सभी छह TCPH की सफलतापूर्वक आपूर्ति की है और ईटर में साइट स्वीकृति रिसाव परीक्षण (10^{-9} mbar l/s) (चित्र 6बी और 6सी) सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है।

शीतलन जल प्रणाली:

अधिकांश उपकरण पहले ही निर्माण स्थल पर कार्यरत हैं। ईटर-भारत

a *b* *c*

चित्र B.1.5: ऑप्टिकल सेंसर (एक्सेलेरोमीटर, डिस्प्लेसमेंट सेंसर) और डिस्प्लेसमेंट सेंसर सपोर्ट।

a *b* *c*

चित्र B.1.6: टोरस क्रायो-पंप हाउसिंग और TCPH का हीलियम लीक टेस्टिंग।

द्वारा आपूर्ति की गई ऊष्मा उत्सर्जन प्रणाली (HRS) ईटर निर्माण स्थल पर कार्यरत है, जो क्रायो-कंप्रेसरों द्वारा उत्पन्न ऊष्मा का उत्सर्जन करती है (चित्र 7)। सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण श्रेणी के न्यूमेटिक बटरफ्लाई वाल्वों के प्रोटोटाइप और निर्माण के लिए अनुबंध दिया गया है।

चित्र B.1.7: ITER साइट पर HRS ऑपरेशन के तहत

<u>दीवार में ढाल ब्लॉक:</u> दीवार में ढाल ब्लॉक आईटीईआर (ITER) मशीन के वैक्यूम वेसल की दीवारों में स्थापित किए जाते हैं, ताकि संलयन (fusion) अभिक्रिया से उत्पन्न तीव्र न्यूट्रॉनों से सुरक्षा प्रदान की जा सके। क्रय व्यवस्था में सहमति के अनुसार इन-वॉल शील्डिंग ब्लॉक्स का पूरा कार्य भारत द्वारा सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

<u>क्रायो-वितरण और क्रायोलाइन प्रणाली:</u> ईटर क्रायो-वितरण (*CD*) प्रणाली, पाँच *ACB* (सहायक कोल्ड बॉक्स), एक क्रायोप्लांट टर्मिनेशन कोल्ड बॉक्स (*CTCB*), और एक थर्मल-शील्ड कोल्ड वाल्व बॉक्स के माध्यम से अतिचालक चुम्बकों और क्रायोपंपों को आवश्यक प्रवाह दर पर *4K* पर द्रव हीलियम वितरित करती है। इनमें से एक को क्रायोपंप को आवंटित किया जाता है, और शेष चार अतिचालक चुम्बक प्रणालियों को जो की इस प्रकार हैं *(i)* केंद्रीय परिनालिका कुंडलियाँ, *(ii)* टोरॉइडल क्षेत्र कुंडलियाँ, *(iii)* पोलॉइडल क्षेत्र एवं सुधार कुंडलियाँ, और *(iv)* चुम्बक संरचना।

ईटर क्रायो-वितरण प्रणाली के सभी पाँच सहायक कोल्ड बॉक्स (*ACB*) (जिनकी कुल लंबाई *5.6* मीटर, चौड़ाई *5* मीटर और ऊँचाई *4.8* मीटर है) कारखाने में सफल परीक्षण के बाद ईटर स्थल (चित्र B.1.8*)* पर पहुँचा दिए गए हैं। थर्मल-शील्ड कोल्ड वाल्व बॉक्स (*TCVB*) का फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण (एफएटी) भी पूरा हो गया है (चित्र B.1.9*)*।



चित्र B.1.8: ईटर निर्माण स्थल पर ACBs

चित्र B.1.9 TCVB का निर्माणशाला में परीक्षण

चित्र B.1.10: चित्र 10: ACB वार्म पैनल का लीक परीक्षण

क्रायो-वितरण का एक भाग, वार्म पैनल, मुख्यतः एसीबी के आंतरिक क्रायोजेनिक परिपथों के लिए सुरक्षा वाल्व वृक्षों का संयोजन है। सुरक्षा वाल्वों से निकलने वाले हीलियम को एक सामान्य हेडर में एकत्रित

किया जाएगा (और रिलीफ लाइन के माध्यम से क्रायोप्लांट में वापस भेजा जाएगा)। वार्म पैनल का निर्माण कार्य प्रगति पर है (चित्र 10)।

सभी क्रायोलाइन और वार्मलाइन की डिलीवरी पूरी हो चुकी है। क्रायोप्लांट भवन में स्थापना और वार्म स्वीकृति परीक्षण पूरा हो चुका है, टोकामक भवन और क्रायो-ब्रिज में परीक्षण जारी है, स्थापना की वैश्विक प्रगति लगभग 92% है। चित्र B.1.11a, भूकंपीय वियुग्मन स्पूल की स्थापना को दर्शाता है और चित्र B.1.11b, B52 को जोड़ने वाले क्रायो-ब्रिज लेग में वार्म लाइनों की स्थापना को दर्शाता है।

ईटर-इंडिया ने आई एंड सी क्यूबिकल्स (चित्र B.1.11a हीटर कैबिनेट और चित्र 1B.1.11b नियंत्रण कैबिनेट) का कारखाना स्वीकृति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

डायग्नोस्टिक न्यूट्रल बीम (डीएनबी) प्रणाली: ईटर-इंडिया प्रयोगशाला में डीएनबी प्रणाली के परीक्षण कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बीम लाइन (बीएल) घटकों के स्थल स्वीकृति परीक्षण पूरे हो चुके हैं और घटकों को निर्वात पात्र में एकीकृत कर दिया गया है (चित्र B.1.13) ।चित्र B.1.11: ITER साइट पर स्थापित क्रायोलाइन।

a b

चित्र B.1.11: ITER साइट पर स्थापित क्रायोलाइन।

a b

चित्र B.1.12: I&C क्यूबिकल्स।

डीएनबी न्यूट्रलाइज़र: 17 टन वजन, 2 मीटर ऊँचाई, 1 मीटर

डीएनबी आईआरआईडी: 4 टन वजन, 2 मीटर ऊँचाई 1 मीटर





द्वि-भुजीय कैलोरीमीटर

निर्वात परीक्षण में कैलोरीमीटर 2.5 टन वजन, 2 खुलने योग्य भुजाएँ, 2 मीटर ऊँचाई और 0.7 मीटर चौड़ाई



चित्र B.1.13: BL घटकों के साइट स्वीकृति परीक्षण

आयन स्रोत घटकों का विनिर्माण और संयोजन भी पूर्णता की ओर अग्रसर है, संरेखण और इंटरफेस की जांच के लिए 3 ग्रिड त्वरक (डमी इंसुलेटर के साथ) की संयोजन का कार्य पूरा हो गया है (चित्र B.1.14)।



चित्र B.1.14: 3-ग्रिड त्वरक की असेंबली (डमी इंसुलेटर के साथ)



चित्र B.1.15: 45 मेगाहर्ट्ज आवृत्ति पर SSPA मापन

<u>आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद आवृत्ति (ICRF) ऊष्मा स्रोत-</u> ईटर को टंगस्टन (*W)* नियंत्रण और प्रायोगिक कार्यक्रम के लचीलेपन के लिए, साथ ही बोरोनाइजेशन के उपयोग से जुड़े ईंधन निष्कासन हेतु आयन साइक्लोट्रॉन वॉल कंडीशनिंग (*ICWC)* के लिए *ICRF* की आवश्यकता है। प्रत्येक *RF* स्रोत *40-55* मेगाहर्ट्ज के बीच वोल्टेज स्टैंडिंग वेव रेशियो (*VSWR)-1.5* वाले भार को *3MW* विद्युत प्रदान करने में सक्षम होगा। ईटर-भारत *4 RF* स्रोतों के डिज़ाइन, आपूर्ति और साइट कमीशनिंग के लिए ज़िम्मेदार है। ईटर-भारत ने सिंगल चेन (*1.5 MW / 2000s / 35-65 MHz VSWR 2.0* पर किसी भी फेज़ परावर्तन गुणांक के साथ) का उपयोग करके ट्यूब योग्यता पूरी कर ली है। दो *RF* स्रोतों की खरीद के लिए निविदा प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है। इन-हाउस विकसित *10* किलोवाट स्टेडी स्टेट पावर एम्पलीफायर (एसएसपीए) का परीक्षण इन-हाउस कम्बाइनर के साथ *45* से *60* मेगाहर्ट्ज आवृत्ति रेंज में किया गया है (चित्र *15)*।

स्वदेशी रूप से विकसित उच्च शक्ति एम्पलीफायर (HPA) (36 - 60 मेगाहर्ट्ज की आवृत्ति रेंज में 120 किलोवाट/2000 एस रेटेड) का 100 किलोवाट पर परीक्षण किया गया है (चित्र B.1.16)।



चित्र B.1.16: HPA (@120 किलोवाट)

डायरेक्ट कैविटी कपल्ड सॉलिड स्टेट आरएफ पावर एम्पलीफायर (10 किलोवाट) का अवधारणा परीक्षण 500 मेगाहर्ट्ज पर वीएनए पर पूरा हो गया है (चित्र B.1.17)।



चित्र B.1.17: 500 मेगाहर्ट्ज डीसीसी परीक्षण सेटअप.

इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (*ECRH*) प्रणाली: ईटर-भारत ने पहले ही जायरोट्रॉन परीक्षण सुविधा (चित्र *18)* में *170 GHz* पर *1000* सेकंड के लिए *1MW RF* पावर के *ITER*-संबंधित मापदंडों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। समग्र प्रणाली प्रदर्शन और विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए आगे के उन्नयन और प्रणाली सुधार जारी हैं। अंतिम डिज़ाइन समीक्षा की गतिविधियाँ भी जारी हैं।

चित्र B.1.18: ईटर-भारत में जायरोट्रॉन परीक्षण सुविधा

ईटर-भारत ने IIGTF में नए CFPS के लिए .NET सॉफ़्टवेयर विकसित किया (चित्र 19a) और कूलिंग लाइनों के अतिरिक्त डेटा संग्रहण के लिए PLC और WinCC SCADA एप्लिकेशन को अपडेट किया (चित्र 19b)। इसके अलावा, गायरोट्रॉन I&C डिलीवरेबल के लिए हार्डवेयर आर्किटेक्चर को अंतिम रूप दिया गया।



a *b*

चित्र B.1.19: गायरोट्रॉन I&C विकास

मेगावाट स्तर की विद्युत आपूर्ति प्रणालियाँ: इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन रेजोनेंस हीटिंग (ECRH) प्रणालियों के लिए एक 25 kV, 100 mA PSM-आधारित बॉडी पावर सप्लाई (BPS) स्वदेशी रूप से विकसित की गई है। BPS को 42 GHz गायरोट्रॉन के साथ एकीकृत किया गया है और 100ms के लिए 15 kV तक संचालित किया गया है जिससे 200 kW RF आउटपुट पावर प्राप्त हुई है।

DNB विद्युत आपूर्ति के लिए 200 kW, 1 MHz सॉलिड स्टेट RF स्रोत का स्वदेशी विकास प्रगति पर है। उच्च आवृत्ति इन्वर्टर मॉड्यूल (HFIM) को मिलान और बेमेल भार स्थितियों (VSWR 1 से 7) (चित्र B.1.20) के तहत कॉन्फ़िगर और परीक्षण किया गया है। DC विद्युत आपूर्ति (DCPS) निर्माण के अंतिम चरण में है।

इंडक्टिव लोड पर 5kA, 500V थाइरिस्टर स्टैक (*3*-फेज फुल ब्रिज) कनवर्टर का सफल साइट स्वीकृति परीक्षण ईटर-भारत प्रयोगशाला में पूरा हो गया है। स्टैक को ईटर-भारत लैब में स्थापित किया गया है (चित्र B.1. 21)।

चित्र B.1.20: HFIM परीक्षण



चित्र B.1.21: आदित्य-यू विस्तारित शेड में 5kA/500V थाइरिस्टर कनवर्टर परीक्षण सेटअप और परिणाम

ईटर-भारत द्वारा आपूर्ति किए गए **7.2** मेगावाट, **100** केवी एजीपीएस ने ईटर-भारत के रिमोट और ऑनसाइट समर्थन के साथ एनबीटीएफ, आरएफएक्स पडुआ, इटली साइट पर स्पाइडर प्रयोगों पर एकीकृत संचालन के **5** साल सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं।

<u>*डायग्नॉस्टिक:*</u> ईटर को आपूर्ति किए जाने वाले कई गुण-धर्म प्रणालियों का विकास जारी है।

<u>*XRCS (सर्वेक्षण):*</u> प्रोटोटाइप निर्माण (चित्र *22)* गतिविधियाँ प्रगति पर हैं, जिनमें एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर के डिज़ाइन के लिए किरण-ट्रेसिंग टूल्स (विस्तारित स्रोतों पर आधारित) का विकास, अपनी तरह का पहला घुमावदार क्रिस्टल डिज़ाइन और विकास, त्वरित हाइब्रिड फोटॉन काउंटिंग डिटेक्टरों के साथ प्रयोग और अंशांकन प्रयोगों के लिए इन-हाउस एक्स-रे स्रोत शामिल हैं।



<u>*चित्र B.1.22: XRCS स्पेक्ट्रोमेट्री प्रोटोटाइप गतिविधियाँ प्रगति पर हैं*</u>

<u>*ECE:*</u> *ECE* एक्स-वेसल ट्रांसमिशन लाइनों और रिसीवरों की प्रारंभिक डिज़ाइन समीक्षा पूरी हो चुकी है। गर्म/ठंडे स्रोतों और फूरियर ट्रांसफ़ॉर्म स्पेक्ट्रोमीटर (एफटीएस) का उपयोग करके ईसीई प्रोटोटाइप ट्रांसमिशन लाइनों के ट्रांसमिशन लाइन क्षीणन माप पूरे हो चुके हैं (चित्र B.1.23)।



चित्र बी.1.23: अनुसंधान एवं विकास/प्रोटोटाइप गतिविधियाँ एवं प्रयोग -ईसीई।

CXRS: प्रोटोटाइप मिसअलाइनमेंट कम्पेसाटर (एमएसी) का निर्माण चल रहा है, मोटर्स को चुंबकीय क्षेत्र से बचाने के लिए विभिन्न परिरक्षण सामग्रियों के साथ प्रयोग किए जा रहे हैं (चित्र *24)*।

चित्र B.1.24: 40-चैनल प्रोटोटाइप फाइबर बंडल और चुंबकीय क्षेत्र संगत का एक मोटर (0.3T)

वस्तुगत योगदान के अलावा अन्य तकनीकी कार्य: वस्तुगत योगदान प्रदान करने की गतिविधियों के अलावा, ईटर-भारत ईटर के विविध क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न तकनीकी और प्रबंधकीय समूहों के साथ भी जुड़ा हुआ है। कुछ भारतीय सदस्य तकनीकी मुद्दों के समाधान हेतु गठित कार्यबलों में भाग ले रहे हैं, और कुछ वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार रेखाओं के संशोधन के प्रयासों में भी योगदान दे रहे हैं। ईटर प्रमुख मुद्दों पर परामर्शात्मक दृष्टिकोण अपनाता है और भारतीय भागीदारी को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जाता है, और यह एक सतत प्रक्रिया है।

मॉडलिंग गतिविधियाँ:

ईटर-भारत ने *ANTYA (1* पेटाफ्लॉप उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग सिस्टम) पर एकीकृत मॉडलिंग और विश्लेषण सूट (*IMAS)* को सफलतापूर्वक स्थापित और परीक्षण किया है। *ANTYA* पर *IMAS* चलाने के लिए *IMAS* का परिचय और उपयोगकर्ता प्रशिक्षण सामग्री प्रदान करने वाले एक समर्पित वेबपेज (*http://hpctutorial.ipr.res.in/imas)* का विकास पूरा हो चुका है। एक आंतरिक रूप से विकसित *INDUCT* कोड को *IMAS* ढांचे के लिए अनुकूलित किया गया है, और इसके सिमुलेशन परिणामों को *SST-1* डिस्चार्ज के फ्लक्स लूप्स से प्राप्त प्रायोगिक डेटा के समक्ष मान्य किया गया है। इसके अलावा, *INDUCT* कोड को *OOPS* के साथ भी जोड़ा गया है, और इस एकीकृत कोड को *IMAS* में अनुकूलित किया जा रहा है।

ईटर-भारत ने एक मुक्त सीमा ग्रेड-शफरानोव सॉल्वर भी विकसित किया है और इसे ईटर संतुलन के लिए बेंचमार्क किया गया है और इसका उपयोग एसएसटी-*1* संशोधन कार्य और एडीटीवाईए-यू के लिए विभिन्न चुंबकीय संतुलन (एसएन, डीएन सकारात्मक और नकारात्मक त्रिकोणीयता) उत्पन्न करने के लिए किया गया है।

आदित्य-यू के लिए रैखिक और गैर-रैखिक आईटीजी/एसडब्ल्यूआईटीजी/टीईएम मोड पर चुंबकीय संतुलन आकार देने के प्रभावों को ओआरबी*5 (*एक गैर-रैखिक विद्युत चुम्बकीय पीआईसी जाइरोकाइनेटिक कोड) का उपयोग करके प्रदर्शित किया गया है।

अन्य गतिविधियाँ:

ईटर-भारत ने डेटा सेंटर हार्डवेयर को त्रि-स्तरीय आर्किटेक्चर वाले वर्चुअल वातावरण से हाइपर कन्वर्ज्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर (*HCI* आर्किटेक्चर) में माइग्रेट किया है। महत्वपूर्ण सर्वरों और सेवाओं के लिए स्थानीय डिजास्टर रिकवरी (*DR)* हेतु डेटा सेंटर को अपग्रेड किया गया है। वायरस, मैलवेयर, रैंसमवेयर और *USB* एक्सेस कंट्रोल से सुरक्षा प्रदान करने के लिए *eScan EDR (*एंडपॉइंट डिटेक्शन एंड रिस्पांस), *EDP (*एंटरप्राइज़ डेटा प्रोटेक्शन) का उपयोग करके एंडपॉइंट सुरक्षा लागू की गई है।

ईटर-भारत ने बुनियादी और उन्नत *CATIA* प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए और *SEE* सिस्टम डिज़ाइन प्रशिक्षण का समन्वय भी किया और तीन उपयोगकर्ताओं के लिए *ENOVIA DESA* प्रमाणन की सुविधा प्रदान की।

ईटर-भारत ने संशोधित *ITER* अनुसंधान योजना और न्यूक्लियर फ्यूजन पत्रिका के विशेष संस्करण के विकास में योगदान दिया है, जिसमें मैग्नेटो-हाइड्रो-डायनामिक्स (*MHD),* डिसरप्शन और नियंत्रण भौतिकी जैसे विषय शामिल हैं और पांडुलिपि वर्तमान में सहकर्मी समीक्षा के अधीन है।

ज्ञान प्रबंधन समूह की गतिविधियाँ: भारत ईटर घटकों में लगभग 9% का योगदान देता है। शेष 91% रिएक्टर घटकों के निर्माण के लिए तकनीकी विशेषज्ञता और क्षमता का होना आवश्यक है। एससी मैग्नेट और उनकी विद्युत आपूर्ति, वैक्यूम वेसल, डायवर्टर कैसेट, शील्डिंग ब्लैंकेट जैसे घटकों की डिज़ाइन और निर्माण प्रक्रिया बहुत जटिल होती है। ईटर-भारत का ज्ञान प्रबंधन (केएम) समूह, ईटर-भारत की हमारी इंडस दस्तावेज़ीकरण प्रणाली में प्रमुख ईटर प्रणालियों के तकनीकी दस्तावेज़ीकरण का व्यवस्थित रूप से अध्ययन और संग्रह कर रहा है। केएम में 12 इंजीनियरों का एक समूह कार्यरत है। वे सूचना और डेटा के आदान-प्रदान के लिए इस क्षेत्र में कार्यरत आईपीआर विशेषज्ञों के साथ भी बातचीत करते हैं। इन दस्तावेज़ों में बेसलाइन दस्तावेज़ (डीडीडी, एसआरडी आदि), सीएडी मॉडल और चित्र, खरीद व्यवस्था दस्तावेज़, डिज़ाइन समीक्षा (सीडीआर, पीडीआर, एफडीआर, एमआरआर), प्रोटोटाइप, विनिर्माण, सुरक्षा, आईसीडी और इंटरफ़ेस शीट, असेंबली, विचलन अनुरोध, परियोजना परिवर्तन अनुरोध, परियोजना प्रबंधन, प्रकाशन आदि शामिल हैं। डायवर्टर, ब्लैंकेट और रिमोट हैंडलिंग जैसे कुछ महत्वपूर्ण घटकों में, अनुसंधान एवं विकास प्रोटोटाइप गतिविधि शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान विकसित किया गया है। अब तक कुल ~12000 तकनीकी दस्तावेज़ संग्रहित किए जा चुके हैं।

B2. लीगो-भारत (लेसर इंटरफेरोमेट्री ग्रेविटेशनल वेव ऑब्जर्वेटरी (LIGO-India)) की गतिविधियाँ

LI-VISTA सुविधा का एकीकरण: लीगो भारत (LIGO India) – वैक्यूम इंटीग्रेटेड सिस्टम और टेस्ट असेंबली (LI-VISTA) सुविधा को लीगो प्रयोगशाला में स्थापित किया गया है (चित्र B.2.1)। यह सेटअप दो प्रमुख वैक्यूम उपकरणों से मिलकर बना है, जो लीगो-भारत वैक्यूम सिस्टम के अंतर्गत आते हैं और एक साथ एकीकृत किए गए हैं—80K क्रायोपंप और 20 मीटर लंबा वैक्यूम वेसल। ये निर्मित उपकरण लीगो-भारत परियोजना की प्रौद्योगिकी विकास गतिविधियों के अंतर्गत 1:1 स्केल के प्रोटोटाइप हैं। 80K क्रायोपंप, लीगो-भारत वैक्यूम सिस्टम का एक भाग होने के नाते, जल वाष्प को अवशोषित करने और उन्हें 4 किमी लंबे बीम ट्यूब लेआउट में प्रवेश करने से रोकने के लिए स्थापित किया गया है। 1:1 स्केल प्रोटोटाइप निर्माण से निर्माण की सम्भाव्यता का आकलन करने में मदद मिली, और प्रस्तावित प्रयोगों के दौरान इस सुविधा में इसकी कार्यात्मक क्षमता का परीक्षण किया जाएगा, ताकि आवश्यक चरम वैक्यूम स्तर प्राप्त करने और जल वाष्प को अवशोषित में इसकी दक्षता का प्रदर्शन किया जा सके। IVV दो 1.24 मीटर ID × 10 मीटर लंबे वैक्यूम वेसल्स का संयोजन है, जो समान आंतरिक व्यास और 635 मिमी लंबाई वाले एक्सपेंशन जॉइंट (बैलोज़) द्वारा एक-दूसरे से जुड़े हैं। IVV को एक सपोर्ट संरचना पर स्थापित किया गया है, जो 4 किमी लंबे लेआउट में बीम ट्यूब्स को निर्धारित अंतरालों पर सहारा देने के लिए उपयोग की जाने वाली संरचना के समान है।

यह सेटअप IVV और 80K क्रायोपंप को एकीकृत सुविधा में संचालित करने और प्रयोग करने के लिए उपयोग किया जाएगा, जिससे लीगो-भारत टीम निम्नलिखित पहलुओं को समझ सके—1 × 10^{-9} mbar से कम वैक्यूम प्रदर्शित करने में आने वाली चुनौतियाँ। बड़े आकार के वेसल के वैक्यूम प्रदर्शन का आकलन—वेसल को 150°C तक बेक-आउट के साथ या बिना। UHV वातावरण में बड़े आकार (1250 मिमी) के गेट वाल्व (LGV) के संचालन का मूल्यांकन। वेसल पोर्ट्स पर लगाए गए RGA के माध्यम से प्रविष्ट किए गए लीक की विशेषताओं का मापन। अक्षीय दिशा में गुजरने वाले जल वाष्प को अवशोषित करने में 80K क्रायोपंप की क्षमता का आकलन।

चित्र B.2.1: लीगो भवन के अनुसंधान एवं विकास क्षेत्र में ली-विस्टा सुविधा का सेटअप।

अध्याय C , D एवं E

C. शैक्षणिक कार्यक्रम

C1. डॉक्टरेट कार्यक्रम..98

C2 ग्रीष्मकालीन स्कूल प्रोग्राम (SSP))..100

C3. बाहरी छात्रों के लिए यूजी/पीजी अकादमिक परियोजनाएँ................100

D. प्रकाशन और प्रस्तुतियाँ

D1 आलेख प्रकाशन .... .101

D2 आंतरिक अनुसंधान एवं तकनीकी रिपोर्ट...111

D3 सम्मेलन प्रस्तुतियाँ...119

D4 स्टाफ द्वारा दिए गए आमंत्रित व्याख्यान...125

D5 विशेष आंगतुकों द्वारा द्वारा दिए गए व्याख्यान 127

D6 आईपीआर में दिए गए व्याख्यान 129

D7 संस्थान द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बैठक 129

E. अन्य गतिविधियाँ

E1 राजभाषा कार्यान्वयन 140

E2 जनजागरूकता 142

E3 सूचना का अधिकार...143

C. शैक्षणिक कार्यक्रम

C1. डॉक्टरेट कार्यक्रम..98

C2 ग्रीष्मकालीन स्कूल प्रोग्राम (SSP))..98

C3. बाहरी छात्रों के लिए यूजी/पीजी अकादमिक परियोजनाएँ…………………………………………..100

C. शैक्षणिक कार्यक्रम

C1. डॉक्टरेट कार्यक्रम

वर्ष 2024-2025 के दौरान, भौतिकी पृष्ठभूमि के कुल 14 छात्र (13 बाहरी एवं 1 आंतरिक), आईपीआर के पीएच.डी. (भौतिकी) कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। इसके अतिरिक्त, छह (6) नए छात्र, जो इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं, पऊवि डॉक्टोरल फेलोशिप योजना (DDFS) के अंतर्गत आईपीआर के इंजीनियरिंग पीएच.डी. कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। वर्तमान में ये सभी विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम का अध्ययन कर रहे हैं। समग्र रूप से, वर्तमान में आईपीआर में कुल अट्ठानवे (98) पीएच.डी. छात्र होमी भाषा राष्ट्रीय संस्थान में अपने पीएच.डी. कार्य के लिए नामांकित हैं।

वर्ष अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान जमा की गई पीएच.डी थीसिस

1. डेवलपमेंट ऑफ पल्स्ड सुपरसोनिक बीम सिस्टम फॉर टोकामॅक एज डायग्नॉस्टिक्स एंड अदर एप्लिकेशन्स

मिलान विजयभाई पटेल

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

2. डेवलपमेंट ऑफ एसईआरएस सब्सट्रेट्स बेस्ड ऑन सेल्फ-ऑर्गनाइज़्ड नैनोपार्टिकल्स फॉर द मॉलिक्यूलर सेंसिंग एप्लिकेशन्स

सेबिन अगस्टिन

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

3. स्टडीज़ ऑन मैग्नेटिक फील्ड इफेक्ट्स इन ए कैपेसिटिव कपल्ड सिलिंड्रिकल रेडियो फ्रीक्वेंसी प्लाज़्मा डिवाइस

स्वाति

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

4. रैचेट इफेक्ट्स एंड कलेक्टिव डायनैमिक्स इन पैसीव एंड एक्टिव सिस्टम्स

अंशिका चुग

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

5. इफेक्ट ऑफ इम्प्यूरिटी गैस सीडिंग इन द बाउंडरी रीजन ऑफ टोकामॅक

श्रीश राज

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

6. शीथ इफेक्ट्स ऑन द रेज़ोनेंस हेयरपिन प्रोब इन नेगेटिव आयन डायग्नॉस्टिक्स

पवनदीप सिंह

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

7. एक्सपेरिमेंटल स्टडीज़ ऑफ कन्फाइनमेंट इम्प्रूवमेंट, डिसरप्शन मिटिगेशन्स, एंड रनअवे इलेक्ट्रॉन्स मिटिगेशन्स इन आदित्य एंड आदित्य-यू टोकामॅक

रोकेशकुमार एल. तन्ना

निरमा युनिवर्सिटी, अहमदाबाद, 2024

8. ऐन इंजीनियरिंग स्टडी ऑफ कॉन्सेप्ट्स फॉर हीट एक्सट्रैक्शन एंड पावर कन्वर्ज़न फ्रॉम मॉडरेट साइज्ड टोकामॅक फ्यूज़न रिएक्टर्स

पीयूष प्रजापति

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

9. टर्बुलेंट डायनमो ऐक्शन इन ए थ्री-डायमेंशनल मैग्नेटोहाइड्रोडायनैमिक प्लाज़्मा

शिशिर बिसवास

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

10. लेज़र क्लस्टर इंटरैक्शन इन स्ट्रॉन्ग एक्सटर्नल मैग्नेटिक फील्ड

कल्याणी स्वैन

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

11. स्टडी ऑफ एज प्लाज़्मा डायनैमिक्स इन टोकामॅक आदित्य-यू

जन्मजेय उमेशभाई बुच

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

12. एफपीजीए बेस्ड रियल टाइम डेंसिटी फीडबैक कंट्रोल सिस्टम फॉर आदित्य-यू टोकामॅक
किरणकुमार जी. पटेल
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

13. स्टडी ऑफ इलेक्ट्रॉन डायनैमिक्स इन टोकामॅक प्लाज़्मा थ्रू इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन (ईसी) एमिशन यूज़िंग रेडियोमीटर
वर्षा सीजू
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

14. व्लासोव मैक्सवेल सिम्युलेशन्स ऑफ व्हिस्लर मोड इंटरैक्शन विद बल्क एंड बीम प्लाज़्मा
अंजन पॉल
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

15. मॉलिक्यूलर डायनैमिक्स स्टडी ऑफ सबक्रिटिकल ट्रांज़िशन टू टर्बुलेंस इन ए थ्री-डी युकावा लिक्विड
सुरूज ज्योति कलिता
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

16. स्टडी एंड एप्लिकेशन्स ऑफ पोलराइज़ेशन कैरेक्टरिस्टिक्स ऑफ ऑप्टिकल मीडिया यूज़िंग स्टोक्स/म्यूलर मैट्रिक्स पोलारीमेट्री
आशा अढिया
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

17. सरफेस मॉडिफिकेशन ऑफ सिलिकोन कैथिटर्स टू मिटिगेट बैक्टीरियल एड्हिशन एंड बायोफिल्म फॉर्मेशन
पूर्वी दवे
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2024

18. डिटर्मिनेशन एंड मैचिंग ऑफ ऐन्टेना-प्लाज़्मा कपलिंग इम्पीडेंस फॉर आयन साइक्लोट्रॉन रेंज ऑफ फ्रीक्वेंसीज़ एंड इट्स यूज़ेस फॉर प्लाज़्मा एप्लिकेशन्स
राज सिंह
बनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान, 2024

19. स्टडी ऑफ न्यूट्रॉन इंड्यूस्ड रिएक्शन्स ऑफ डिफरेंट मैटेरियल्स फॉर रिएक्टर एप्लिकेशन्स
मयूर एच.मेहता
महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा, वडोदरा, 2024

20. स्टडी ऑफ प्रोसेस पैरामीटर्स अफेक्टिंग सेकेंडरी फेज़ फॉर्मेशन एंड ग्रेन साइज इन Cu□ZnSnS□ थिन फिल्म फॉर सोलर सेल एप्लिकेशन
सागर अगरवाल
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2025

21. डेवलपमेंट ऑफ मशीन लर्निंग बेस्ड टेक्नीक फॉर डिसरप्शन कंट्रोल एंड प्रेडिक्शन इन आदित्य-यू
रमेशकुमार जोशी
आरके यूनिवर्सिटी, राजकोट, गुजरात, 2025

22. एक्सपेरिमेंटल एंड सिम्युलेशन स्टडीज़ ऑफ इफेक्टिव थर्मल कंडक्टिविटी ऑफ कंप्रेस्ड एंड अनकंप्रेस्ड पेबल बेड्स फॉर फ्यूज़न ब्लैंकेट्स
पटेल हर्ष भिखूभाई
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2025

C2 ग्रीष्मकालीन स्कूल प्रोग्राम (SSP)

साल 2024 के लिए ग्रीष्मकालीन स्कूल प्रोग्राम (IPR SSP - 2024) संस्थान में 27 मई से 5 जुलाई, 2024 के दौरान आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम में शामिल होने वाले छात्र देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय संस्थानों से आए थे। इस कार्यक्रम में कुल 25 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 19 छात्र भौतिकी, 2 छात्र इलेक्ट्रिकल, 2 छात्र इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन, और 1-1 छात्र मेकैनिकल तथा कंप्यूटर शाखा से थे। छात्रों को संस्थान की समग्र गतिविधियों, पुस्तकालय और जनजागरूकता कार्यक्रमों के बारे में परिचय दिया गया। संस्थान के निदेशक ने संस्थान के लक्ष्यों बारे में बताते हुए छात्रों को संबोधित किया गया। शैक्षणिक एवं छात्र मामलों के डीन, प्रशासनिक डीन और अनुसंधान एवं विकास डीन द्वारा भी व्याख्यान दिये गये।

छात्रों ने संस्थान में संबंधित अनुसंधान एवं विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा दिए गए लोकप्रिय व्याख्यानों में भाग लिया और साथ ही एसएसटी-1, आदित्य-यू, बीटा, ईटर-भारत और एफसीआईपीटी सहित विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया। छात्रों ने अंतरिक्ष अनुसंधान गतिविधियों के बारे में अधिक जानने के लिए अहमदाबाद में विक्रम साराभाई स्पेस एक्ज़िबिशन (VSSE) सेंटर का भी दौरा किया। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत छात्रों को पीआरएल वेधशाला, माउंट आबू भी ले जाया गया। छात्रों को उनके संबंधित क्षेत्रों में परियोजना कार्य के लिए विभिन्न अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और सिद्धांत एवं सिमुलेशन समूहों में शामिल किया गया। छात्रों के अध्ययन का मूल्यांकन पहले परियोजना की मौखिक प्रस्तुति और उसके बाद पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से किया गया। समापन दिवस पर सर्वश्रेष्ठ परियोजना प्रस्तुति पुरस्कार दिए गए और सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

C3. बाहरी छात्रों के लिए यूजी/पीजी अकादमिक परियोजनाएँ

अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान विभिन्न कॉलेजों/ विश्वविद्यालयों/संस्थानों से विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम करने वाले लगभग 55 छात्र, अपने पाठ्यक्रम के तहत संस्थान के संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न शैक्षणिक परियोजनाओं से जुड़े रहे।

D. प्रकाशन एवं प्रस्तुतियाँ

D.1 लेख प्रकाशन

D.1.1 जर्नल लेख

1. नेनोफ्लुइड्स: क्रिटिकल इश्यूज, इकोनॉमिक्स एंड सस्टेनेबिलिटी पर्सपेक्टिव्स
सयंतन मुखर्जी, एट अल
पार्टिकुओलोजी, 87, 147, अप्रैल 2024

2. एक्सपेरीमेंटल डिटर्माइनेशन ऑफ हाइड्रोजन आइसोटोप डिफ्यूसिविटी, सॉल्युबिलिटी एण्ड परमीबिलिटी इन मोल्टेन लेड लिथियम यूटेक्टिक अलॉय
सुधीर राय एट अल

फ्यूज़न इंजीनियरिंग एंड डिज़ाइन, 201, 114233, अप्रैल 2024

3. इफेक्ट ऑफ सेकंडरी फैसिस कंट्रोल्ड बाय प्रिकर्सर कम्पोजिशन ऑन द एफिसिएंसी ऑफ CZTS थीन फिल्म सोलार सैल
सागर अग्रवाल एट अल

सोलर एनर्जी मैटेरियल्स एंड सोलर सेल्स, 267, 112719, अप्रैल 2024

4. एक्सपेरीमेंट्स ऑन केपेसिटंस बेज्ड लिक्विड फ्लॉ मीटर वीथ पेरेलल चैनल्स युज्ड इन टु-फैस
बिनेट मोनाचन...हरेश दवे एट अल
फ्लो मेजरमेंट एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, 96, 102522, अप्रैल 2024

5. डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ हाइड्रोजन आइसोटोप्स एक्सट्रैक्शन सिस्टम एट आईपीआर
रुद्रेश बी. पटेल एट अल
फ्यूज़न इंजीनियरिंग एंड डिज़ाइन, 201, 114318, अप्रैल 2024

6. एडवांसमेंट ऑफ लैंगमुइर प्रोब-बेस्ड लेजर फोटो-डिटैचमेंट टेक्नीक फॉर नेगेटिव आयन डेंसिटी मेजरमेंट इन अ हाई-पावर हेलिकॉन प्लाज़्मा सोर्स
डी. मुखोपाध्याय एट अल
रिव्यू ऑफ साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स, 95, 043006, अप्रैल 2024

7. इन्वेस्टिगेशन ऑफ फैसट इवोल्यूशन ऑन Si सर्फेसेस बॉम्बार्डेड विथ Xe आयन्स
सुकृति हंस एट अल
फिजिका स्क्रिप्टा, 99, 045954, अप्रैल 2024

8. RF एंटेना हेलिसिटी डिपेंडेंट पार्टिकल हीटिंग इन अ हेलिकॉन सोर्स
के जे स्टीवेन्सन...पी श्रीवास्तव एट अल
प्लाज़्मा सोर्सेज साइंस एंड टेक्नोलॉजी, 33, 045009, अप्रैल 2024

9. ऑन द मेज़रमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉन टेम्परेचर ऑफ अ पल्स्ड वाशर गन आर्गन प्लाज़्मा बाय ट्रिपल लैंगम्यूर प्रोब डायग्नोस्टिक टेक्नीक
बी के सेठी...ए के सन्यासी एट अल
जर्नल ऑफ साइंटिफिक & इंडस्ट्रियल रिसर्च, 83, 375, अप्रैल 2024

10. चार्ज्ड पार्टिकल डायनेमिक्स इन एन इलिप्टिकली पोलेराइज़्ड इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव एंड अ यूनिफ़ॉर्म एक्सियल मैग्नेटिक फ़ील्ड
शिवम कुमार मिश्रा एट अल
फिजिक्स ऑफ प्लाज़्मा, 31, 043106, अप्रैल 2024

11. एक्सपेरिमेंटल वैलिडेशन ऑफ द एनालिटिक मॉडल फॉर द टेम्पोरल डिके ऑफ द डेंसिटी ऑटो-कोरिलेशन फंक्शन इन अ स्ट्रॉन्गली कपल्ड डस्टी प्लाज़्मा
अंकित ढाका एट अल
फिजिक्स ऑफ प्लाज़्मा, 31, 043703, अप्रैल 2024

12. कैरेक्टराइज़ेशन ऑफ ROBIN आयन सोर्स अंडर वॉल्यूम मोड ऑपरेशन यूजिंग लैंगम्यूर प्रोब, कैविटी रिंग-डाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी, एंड ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोस्कोपी
देबरूप मुखोपाध्याय एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 1315, अप्रैल 2024

13. डिज़ाइन, सिमुलेशन, एनालिसिस, फैब्रिकेशन, एंड टेस्टिंग ऑफ टोरोइडल फ़ील्ड पावर सप्लाई (TFPS) फॉर सिम्पल टाइट आस्पेक्ट रेश्यो मशीन असेम्बली
सुप्रिया ए. नायर एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 1366, अप्रैल 2024

14. प्रोडक्शन ऑफ लार्ज क्वांटिटी ऑफ प्लाज़्मा एक्टिवेटेड वाटर यूजिंग मल्टीपल प्लाज़्मा डिवाइस सेटअप
विकास राठौड़ एट अल
करेंट एप्लाइड फिजिक्स, 61, 121, मई 2024

15. डिटर्मिनिंग शीथ एज इलेक्ट्रिक फ़ील्ड अराउंड सिलिंड्रिकल पिन्स ऑफ अ डीसी बायस्ड हेयरपिन रेजोनेटर प्रोब
पवनदीप सिंह एट अल
प्लाज़्मा सोर्सेज साइंस एंड टेक्नोलॉजी, 33, 055012, मई 2024

16. माइक्रो-पार्टिकल इंजेक्शन एक्सपेरिमेंट्स इन आदित्य-यू टोकामैक यूजिंग एन इंडक्टिवली ड्रिवन पेलेट इंजेक्टर
संबरन पहाड़ी...जे. घोष एट अल
न्यूक्लियर फ्यूज़न, 64, 056007, मई 2024

17. डिज़ाइन, फैब्रिकेशन एंड वैलिडेशन ऑफ एन इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी प्रिंसिपल बेस्ड टू-फेज डिटेक्शन सेंसर एरे फॉर मॉल्टन लेड (Pb) बेस्ड हेवी मेटल कूलेंट्स अप टू 600°C
ए. सारस्वत एट अल
जर्नल ऑफ इंस्ट्रूमेंटेशन, 19, T05018, मई 2024

18. इन-वेसल इंस्पेक्शन सिस्टम: डवलपमेंट एण्ड टेस्टिंग एक्टिविटिज ऑफ हाई वैक्यूम एण्ड टेम्परेचर टेक्नोलॉजीज फॉर फ्यूज़न रिमोट हैंडलिंग
मनोअस्टीफन एम. एट अल
फ्यूज़न इंजीनियरिंग एंड डिज़ाइन, 202, 114368, मई 2024

19. एन अपैरेटस टू मेज़र थर्मल कंडक्टिविटी ऑफ सिरेमिक पेबल बेड्स अंडर यूनि-एक्सियल कम्प्रेसिव स्ट्रेस
हर्ष पटेल एट अल
मेजरमेंट, 230, 114484, मई 2024

20. टर्ब्युलेंट स्पॉट फॉर्मेशन इन थ्री-डायमेंशनल युकावा लिक्विड्स यूजिंग लार्ज-स्केल मॉलिक्यूलर डायनेमिक्स सिमुलेशन-इफेक्ट ऑफ सिस्टम साइज
सूरज कलिता एट अल
फिजिका स्क्रिप्टा, 99, 055246, मई 2024

21. डेवलपमेंट एंड टेस्टिंग ऑफ लैब-स्केल एटमॉस्फेरिक मॉलिक्यूलर सीव बेड विथ जिओलाइट 4A एडसॉरबेंट
दीपक यादव एट अल
फ्यूज़न इंजीनियरिंग एंड डिज़ाइन, 202, 114427, मई 2024

22. पार्टिकल-इन-सेल सिमुलेशन ऑफ इलेक्ट्रोस्टेटिक वेव्स इन द आइनोस्फीयर
राकेश मौलिक एट अल
एडवांसेज इन स्पेस रिसर्च, 73, 4393, मई 2024

23. कमीशनिंग एंड इनिशियल ऑपरेशनल एक्सपीरियंस ऑफ 2 MVA AC/DC पावर कन्वर्टर एट आईपीआर फॉर न्यूट्रल बीम इंजेक्टर एप्लीकेशंस
अरित्र चक्रवर्ती एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 1832, मई 2024

24. सनलाइट ड्रिवन फोटो-कैटेलिटिक डिग्रेडेशन ऑफ ऑर्गेनिक पॉल्यूटेंट्स बाय सॉल्वोथर्मली सिंथेसाइज़्ड आरजीओ-बीआईवीओ4 नैनोहाइब्रिड्स
रोसलिन बेउरा, के. पी. सूरज एट अल
केमिकल फिजिक्स इम्पैक्ट, 8, 100595, जून 2024

25. रिलेटिविस्टिक एटॉमिक स्ट्रक्चर कैलकुलेशन्स ऑफ ली-लाइक आयन्स यूज़्ड फॉर प्लाज़्मा डायग्नोस्टिक स्टडीज़
गजेंद्र सिंह एट अल
फिजिका स्क्रिप्टा, 99, 065408, जून 2024

26. पोज़ीशन एस्टीमेशन ऑफ करंट-कैरींग फिलामेंट यूज़िंग डिफरेंट मैग्नेटिक सेंसर्स इन आदित्य-यू टोकामॅक
रोहित कुमार एट अल
फ्यूज़न इंजीनियरिंग एंड डिज़ाइन, 203, 114405, जून 2024

27. इलेक्ट्रॉन बीम प्रोफाइल मेज़रमेंट यूज़िंग एनहैंस्ड ड्यूल-टेक्नीक्स इन हाई हीट फ्लक्स टेस्ट फैसिलिटी एट इंस्टिट्यूट फॉर प्लाज़्मा रिसर्च
सुनील बेलसरे एट अल
रिव्यू ऑफ साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स, 95, 065109, जून 2024

28. चार्ज फ्लक्चुएशन्स ऑन द डस्ट ग्रेन्स इन द प्रेज़ेन्स ऑफ एनर्जेटिक इलेक्ट्रॉन्स
आर पॉल एट अल
फिजिका स्क्रिप्टा, 99, 065602, जून 2024

29. माइक्रोस्कोपिक स्ट्रक्चर ऑफ इलेक्ट्रोमैग्नेटिक व्हिस्लर वेव डैम्पिंग बाय काइनेटिक मेकैनिज़्म्स इन हॉट मैग्नेटाइज़्ड व्लासॉव प्लाज़्माज़
अंजन पॉल एट अल
फिजिका स्क्रिप्टा, 99, 065610, जून 2024

30. कैरेक्टराइज़ेशन ऑफ वैकेंसी डिफेक्ट्स यूज़िंग TEM इन हेवी-आयन-इर्रेडिएटेड टंग्स्टन फॉयल्स
प्रशांत शर्मा, पी. एन. माया एट अल
मेटालर्जिकल एंड मैटेरियल्स ट्रांजेक्शंस ए: फिजिकल मेटलर्जी एंड मैटेरियल्स साइंस, 55, 2932, जून 2024

31. ऑब्ज़र्वेशन ऑफ इलेक्ट्रॉन टेम्परेचर एनाइसोट्रॉपी इन द मैग्नेटिक फिल्टर ऑफ अ हॉट कैथोड डिस्चार्ज
जोसेलिन संगमा...मोनोजीत चक्रवर्ती एट अल
फिजिका स्क्रिप्टा, 99, 065612, जून 2024

32. सिंपल टाइट एस्पेक्ट रेशियो मशीन असेम्बली टू स्टडी ECR-प्रोड्यूस्ड मैग्नेटाइज़्ड टोरॉयडल प्लाज़्मा
तुलछी राम एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 2059, जून 2024

33. डेवलपमेंट ऑफ सुपरहाइड्रोफोबिक PTFE सरफेस यूज़िंग ऑक्सीजन प्लाज़्मा प्रोसेसिंग
श्रुति कुमारी, विवेक पच्छीगर एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 2524, जुलाई 2024

34. इवेंट ड्रिवन हाई स्पीड डेटा अक्विज़ीशन विद आईईईई 1588 सिंक्रोनाइज़ेशन फॉर लॉन्ग पल्स ऑपरेशन्स ऑफ इंडियन टेस्ट फैसिलिटी फॉर ईटर डीएनबी
हिमांशु त्यागी एट अल
फ्यूज़न इंजीनियरिंग एंड डिज़ाइन, 204, 114487, जुलाई 2024

35. इफेक्ट ऑफ इलेक्ट्रॉन एंड आयन मोबिलिटी ऑन ऐज बायसिंग इन टोकामॅक प्लाज़्माज़
विजय शंकर एट अल
न्यूक्लियर फ्यूज़न, 64, 076041, जुलाई 2024

36. फैब्रिकेशन एस्पेक्ट्स एंड परफॉर्मेंस कैरेक्टराइज़ेशन ऑफ α-Al2O3/AlPO4 बेस्ड सैंडविच कॉन्फिगरेशन फ्लो चैनल इनसर्ट्स एंड कोटिंग्स फॉर हाई टेम्परेचर लिक्विड मेटल एप्लिकेशन्स
अभिषेक सारस्वत एट अल
जर्नल ऑफ न्यूक्लियर इंजीनियरिंग एंड रेडिएशन साइंस, 10, 030902, जुलाई 2024

37. लो फ्रीक्वेंसी डस्ट अकूस्टिक ड्रिफ्ट इनस्टेबिलिटी इन द इक्वेटोरियल इलेक्ट्रोजेट
संदीप सरकार, ज्योति के. अतुल एट अल
एडवांसेज इन स्पेस रिसर्च, 74, 1011, जुलाई 2024

38. न्यूमेरिकल अप्रोच फॉर इन्वेस्टिगेटिंग द इन्फ्लुएंस ऑफ वेरियस फ्लो एंड फ्लूइड पैरामीटर्स ऑन द परफॉर्मेंस ऑफ अ क्रायोजेनिक टू-फेज़ फ्लो मीटर
बीनेट मोनाचन...हरेश दवे एट अल
फ्लो मेजरमेंट एंड इंस्ट्रूमेंटेशन, 97, 102617, जुलाई 2024

39. न्यूट्रॉन एमिशन कैरेक्टराइज़ेशन ऑफ आईपीआर 14 MeV न्यूट्रॉन जनरेटर
मितुल अभंगी एट अल
फ्यूज़न इंजीनियरिंग एंड डिज़ाइन, 204, 114522, जुलाई 2024

40. रिव्यू ऑफ द अगस्त 1972 एंड मार्च 1989 (एलन) स्पेस वेदर इवेंट्स: कैन वी लर्न एनीथिंग न्यू फ्रॉम देम?
ब्रूस टी. त्सुरुटनी, अभिजीत सेन एट अल
जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च: स्पेस फिजिक्स, 129, e2024JA032622, जुलाई 2024

41. इम्प्रूवमेंट इन आयन कॉनफाइनमेंट टाइम विद मल्टीग्रिड कॉन्फ़िगरेशन इन एन इनर्शियल इलेक्ट्रोस्टैटिक कॉनफाइनमेंट फ्यूज़न डिवाइस
एल. सैकिया एट अल
फिजिकल रिव्यू ई, 110, 015203, जुलाई 2024

42. रेमिनिसिंग बिमला बुटी
अमिता दास एंड सुदीप सेनगुप्ता
रेज़ोनेंस, 29, 889, जुलाई 2024

43. स्पॉन्टेनियस कन्वेक्टिव पैटर्न फॉर्मेशन इन अ डस्टी प्लाज़्मा
अंकित ढाका एट अल
फिजिक्स ऑफ प्लाज़्मा, 073702, जुलाई 2024

44. अ स्टडी ऑन शीथ स्ट्रक्चर इन डिस्चार्ज एंड डिफ्यूज़न रीजन ऑफ अ डबल प्लाज़्मा डिवाइस
मृणाल के. मिश्रा...मोनोजीत चक्रवर्ती एट अल
जर्नल ऑफ द कोरियन फिजिकल सोसायटी, 85, 147, जुलाई 2024

45. एन एक्सपैंडेड प्लाज़्मा जेट असिस्टेड टेक्नीक फॉर वेरी हाई-रेट सिंथेसिस ऑफ 2D α-MoO3 नैनोमैटेरियल्स, विद सरफेस ऑक्सीजन वैकेंसीज़ एंड रोबस्ट इंड्यूस्ड फेरोमैग्नेटिज़्म
मिज़ानुर रहमान एट अल
वैक्यूम, 225, 113237, जुलाई 2024

46. ट्रिगर ट्रांसीवर एंड टाइमिंग कंट्रोल सिस्टम फॉर आदित्य-यू टोकामॅक
मिनशा शाह एट अल
न्यूक्लियर इंस्ट्रूमेंट्स एंड मेथड्स इन फिजिक्स रिसर्च सेक्शन ए: एक्सीलरेटर, स्पेक्ट्रोमीटर, डिटेक्टर्स एंड एसोसिएटेड इक्विपमेंट, 1064, 169394, जुलाई 2024

47. प्रोडक्शन ऑफ अल्कलाइन प्लाज़्मा एक्टिवेटेड टैप वॉटर यूज़िंग डिफरेंट प्लाज़्मा फॉर्मिंग गैस एट सब-अटमॉस्फेरिक प्रेशर
विकास राठौड़ एट अल
प्लाज़्मा केमिस्ट्री एंड प्लाज़्मा प्रोसेसिंग, 44, 1735, जुलाई 2024

48. इफेक्ट ऑफ साइज ऑफ अ सर्क्युलर टोकामॅक प्लाज़्मा ऑन सेल्फ-मैग्नेटिक फील्ड: अ न्यूमेरिकल अप्रोच
सुमन आइच एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 2492, जुलाई 2024

49. न्यूमेरिकल वैलिडेशन ऑफ युकावा फ्लूइड एक्साइटेशन्स विदिन द क्वाज़ीलोकलाइज़्ड चार्ज अप्रोक्सीमेशन (QLCA) थ्योरी
प्रिंस कुमार एट अल
कंट्रीब्यूशंस टू प्लाज़्मा फिजिक्स, 64, e202400026, जुलाई 2024

50. फसाइल फैब्रिकेशन ऑफ Au नैनोपार्टिकल्स लोडेड Ce डोप्ड जे ZnO नैनोरॉड्स फॉर एफिशिएंट कैटेलिटिक एंड फोटोकैटेलिटिक डी-कंपोज़ीशन ऑफ टॉक्सिक पॉल्यूटेंट्स इन वॉटर
शिप्रा चौधरी, के.पी. सूरज एट अल
इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री कम्युनिकेशंस, 165, 112482, जुलाई 2024

51. फैब्रिकेशन ऑफ Al6061/Ti3AlC2 मैक्स फेज़ सरफेस कॉम्पोज़िट बाय फ्रिक्शन स्टिर प्रोसेसिंग एंड इन्वेस्टिगेशन ऑफ वियर प्रॉपर्टीज
व्योम देसाई एट अल
ट्राइबोलॉजी इंटरनेशनल, 195, 109594, जुलाई 2024

52. असेसमेंट ऑफ स्टैकेड LSTM, बायडायरेक्शनल LSTM, Con-vLSTM2D, एंड ऑटो एनकोडर्स LSTM टाइम सीरीज़ रिग्रेशन एनालिसिस एट आदित्य-यू टोकामॅक
रमेश जोशी एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 2403, जुलाई 2024

53. डबल लेयर्स एंड सोलिटरी स्ट्रक्चर्स ऑब्ज़र्व्ड इन आयन अकॉस्टिक मोड अराउंड क्रिटिकल रेजीम एंड इट्स पॉसिबल प्रीकर्सरी मिकैनिज़्म
स्वर्णिव चंद्रा...ज्योतिर्मय गोस्वामी एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 2510, July 2024

54. इफ़ेक्ट ऑफ हीलियम आयन इरेडिएशन ऑन FP479 (एफपी४७९) ग्रेफाइट
एन. जे. दत्ता एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 2476, July 2024

55. सिस्टम फॉर माइक्रोवेव प्लाज़्मा एक्सपेरिमेंट्स (सिम्पल) फॉर इन्वेस्टिगेशन ऑफ माइक्रोवेव एब्जॉर्प्शन इन ओवर-डेंस प्लाज़्मा
प्रियवंदना जे. राठोड़ एट अल
आईईईई ट्रांजेक्शंस ऑन प्लाज़्मा साइंस, 52, 2706, July 2024

